4इ किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

दैनिक हिन्दी समाचार — समाज जागरण — RNI NO. UPHIN/2021/84200

वर्ष: 2 अंक: 07 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 17 अक्टूबर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

मारी परीक्षा न लें... ईरान को इजरायल की धमकी

दुनिया का सपोर्ट मांगकर बोले नेतन्याहू- यह युद्ध आपका भी युद्ध है

तेल अवीव. इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान और हिजबुल्ला को चेतावनी देते हुए कहा कि वे उत्तर में 'हमारी परीक्षा' नहीं लें. नेतन्याहू ने सोमवार को इजरायली संसद 'नेसेट' में दिए भाषण में कहा कि हमास को हराने के लिए दुनिया को एकजुट होने की जरूरत है. उन्होंने कहा, "यह युद्ध आपका भी युद्ध है."

बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि गाजा पट्टी में हमास आतंकवादी समूहों के खिलाफ इजरायल का चल रहा युद्ध अंधेरे की ताकतों के खिलाफ अस्तित्व की लड़ाई है. उन्होंने नेसेट (इजरायली संसद) के शीतकालीन सत्र के उद्घाटन सत्र में कहा, "75 साल बीत जाने के बाद भी, स्वतंत्रता का युद्ध समाप्त नहीं हुआ है."

बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास के खिलाफ विश्व एकता का आह्वान किया और कहा, "हमारा युद्ध आपका युद्ध है. यदि हम पूरी तरह से एकजुट नहीं हुए, तो यह कल आपके साथ होगा." नेतन्याहू ने कहा, "हम जीतेंगे, क्योंकि यहां हमारा अस्तित्व दांव पर है." उन्होंने हमास की तुलना नाजी जर्मनी से की और संघर्ष को "प्रकाश की ताकतों और अंधेरे की ताकतों के बीच, मानवता और पशुता के बीच युद्ध" करार दिया.

पीएम बेंजामिन ने फिर से दोहराया कि "हमास पर जीत, उसे उसके शासन से उखाड़ फेंकना हमारा लक्ष्य है." आतंकवादी समूह हमास द्वारा बीते 7 अक्टूबर को हमला करने के बाद से अब तक इजरायल के 1300 से अधिक लोगों की हत्या की जा चुकी है और 4000 के करीब घायल हैं, जबकि लगभग 200 बंधकों का अपहरण करके उन्हें गाजा पट्टी में कैद रखा गया है.

दूसरी ओर, हमास-नियंत्रित क्षेत्र में स्थित फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, गाजा में मौतें बढ़कर 2,670 हो गई हैं, जबकि 9,600 से अधिक घायल हुए हैं. मंत्रालय ने कहा कि पिछले 24 घंटों में गाजा में 455 लोगों की मौत और 856 लोगों के घायल होने की खबर है.

PM सुपर स्पेशिएलिटी हास्पिटल की रख सकते हैं नींव, बेहतर होगी चिकित्सा सुविधा

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चार नवंबर को काशी आ सकते हैं। उस दौरान पीएम अपने संसदीय क्षेत्र काशी में सुपर मल्टी स्पेशिएलिटी हास्पिटल की आधारशिला रख सकते हैं। सुपर मल्टीस्पेशिएलिटी अस्पताल बनने से वाराणसी में चिकित्सा सुविधा और सुदृण होगी। शासन ने मल्टी सुपर स्पेशिएलिटी हास्पिटल के लिए करीब 388 करोड़ का प्रस्ताव बनाया है। इसमें 215.62 करोड़ रुपये स्वीकृत भी हो चुके हैं। वहीं प्रोजेक्ट को तकनीकी मंजूरी भी मिल चुकी है। वर्तमान में जिले में किसी भी अस्पताल में सुपर स्पेशिएलिटी सेवाएं नहीं हैं। इससे प्लास्टिक सर्जरी, न्यूरोलाजी, यूरोलाजी, सर्जिकल आंकोलाजी, नेफ्रोलाजिस्ट, हृदय रोग, गैस्ट्रोलाजी समेत अन्य मर-ीजों को बीएचयू रेफर करना पड़ता है। इस बाबत सीएमओ डा. संदीप चौधरी ने बताया कि मंडलीय चिकित्सालय में बनने वाले सुपर मल्टी स्पेशिएलिटी हास्पिटल के लिए सभी जरूरी औपचारिकताएं पूरी हो गई हैं। डीपीआर की मंजूरी मिल गई है। तीन साल में अस्पताल के बनकर तैयार होने की योजना है।

राम जन्म से अयोध्या मे खुशी की लहर

समाज जागरण

नोएडा । श्रीराम मित्र मण्डल नोएडा द्वारा सेक्टर-62 के रामलीला मैदान में आयोजित रामलीला मंचने के दूसरे दिन मुख्य अतिथि मनोज गुप्ता जिला अध्यक्ष नोएडा भारतीय जनता पार्टी, अतिथि गणेश जाटव जिला महामंत्री, उमेश त्यागी जिला महामंत्री भाजपा एवं राजीव त्यागी भाजपा नेता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर लीला का शुभारंभ किया। श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति के चेयरमैन उमाशंकर गर्ग, अध्यक्ष धर्मपाल गोयल एवं महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा द्वारा मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर और अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया गया। प्रथम दृश्य में रावण और अन्य राक्षसों के अत्याचार से कराह रही पृथ्वी को अत्याचार मुक्त करने के हेतु देवतागण भगवान विष्णु से अवतार लेने की प्रार्थना करते हैं। राजा दशरथ के संतान न होने के कारण अपने कुलगुरु वशिष्ठ जी के पास जाना, वशिष्ठ जी द्वारा श्रृंगी ऋषि द्वारा शुभ पुत्र कामेष्ठि यज्ञ करवाना। यज्ञ कुंड से अग्नि देवता का प्र-कट होकर खीर प्रदान करना। राजा दशरथ द्वारा तीनों रानियों कौशल्या, कैकई और सुमित्रा को खीर प्रदान करना और खीर खाकर तीनों रानियों का गर्भवती होने की लीला हुई। भगवान राम के साथ तीनों भाईयों के जन्म लेते ही राजा दशरथ और रानी कौशल्या बड़े ही उत्साहित थे। अवध में चारों ओर बधाई गान गाए गए। कौशल्या जायो लल्ला, अवध में मचो हल्ला, अवध में जनमे रघराई, कौशल्या रानी दे दो बधाई। बाल स्वरूपे भगवान राम से मिलने शंकर जी योगी का भेष बनाकर आते हैं और इसके बाद चारों भाइयों का नाम करण गुरू वशिष्ठ द्वारा किया जाता है। तत्पश्चात भगवान राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघन गुरु वशिष्ठ के आश्रम में शिक्षा दीक्षा के प्रस्थान करते हैं। भगवान राम की बाल लीला का मंचन देख दर्शक मंत्र मुग्ध हो जाते हैं। अगले दृश्य में विश्वामित्र का राजा दशरथ के दरबार में आगमन होता है और वह अपने यज्ञ की राक्षशों से रक्षा के लिए राम लक्ष्मण को साथ ले जाने के लिए कहते हैं। वशिष्ठ जी के समझाने पर दशरथ जी राम लक्ष्मण को विश्वामित्र के साथ भेज देते हैं। रास्ते में जाते समय विश्वामित्र भगवान राम को राक्षसी ताड़का, मारीच और सुबाहु को दिखाते हैं। ताड़का, मारीच एवं सुबाहु क्रोध कर के विश्वामित्र व राम लक्ष्मण के ऊपर आक्रमण कर देते है ।भगवान राम धनुष उठाकर सुबाहु और तड़का का वध कर देते हैं और मारीच को दूर दक्षिण किनारे समुद्र में फेंक देते हैं। भगवान की आरती के साथ दूसरे दिन की रामलीला का समापन होता है। ।

कल 17 अक्टूबर को ऋषि विश्वामित्र के आश्रम में जनक दूत का आगमन, सीता स्वंवर मे आने का निमंत्रण,अहिल्या उद्धार, सीता जन्म कथा, जनक द्वारा शिव धनुष भंग करने की प्रतिज्ञा, जनक बाजार में राम लक्ष्मण भ्रमण, पुष्प वाटिका में राम सीता स-ाक्षात्कार एवं गौरी पूजन आदि लीलाओं का मंचन किया जायेगा।इस अवसर पर समिति के कोषाध्यक्ष राजेन्द्र गर्ग, सलाहकार मनोज शर्मा, सह-कोषाध्यक्ष अनिल गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतनारायण गोयल, राजकुमार गर्ग, चौधरी रविन्द्र सिंह, तरुणराज, पवन गोयल, बजरंग लाल गुप्ता, एस एम गुप्ता, अजीत चाहर, गौरव मेहरोत्रा, आत्माराम अग्रवाल, मुकेश गोयल, मुकेश अग्रवाल,मीडिया प्रभारी मुकेश गुप्ता, गिरिराज बहेडिया, शांतनु मित्तल, सुधीर पोरवाल, मोतीराम गुप्ता, अर्जुन अरोड़ा, आर के उप्रेती सहित श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति के सदस्यगण व शहर के गणमान्य व्यक्ति उपस्तिथ रहे।

वाराणसी : कैंट स्टेशन पर बना देश का सबसे लंबा फ्लाईओवर,

10 मीटर चौड़ा और 140 मीटर लंबा है फुट ओवरब्रिज

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो

वाराणसी। कैंट रेलवे स्टेशन की कायाकल्प करने के लिए चलाए जा रहे 45 दिन के महा अभियान ने कैंट रेलवे स्टेशन के नाम एक नया खिताब दिया है। कैंट पर देश का सबसे चौड़ा फुटओवर ब्रिज बना है। कैंट रेलवे स्टेशन पर तैयार तीसरा फुट ओवरब्रिज देश का सबसे चौड़ा फुट ओवरब्रिज माना जा रहा है। इसकी चौड़ाई 10 मीटर और लंबाई लगभग 140 मीटर है।

कैंट स्टेशन पर बने फुट ओवरब्रिज की खासियत यह कि अब तक पूरे देश में इतनी चौड़ाई वाला कोई भी फूट ओवर ब्रिज तैयार नहीं किया गया है। अब बात चल रही है कि 12 फुट चौड़ा भी फुट ओवर ब्रिज तैयार करने की। इससे स्टेशन पर आने वाले यात्रियों को सुविधा मिल सके।

लखनऊ डीआरएम डा. मनीष सप्रियल की मानें तो कैंट रेलवे स्टेशन पर लगातार यात्रियों की भीड़ का दबाव बढ़ता जा रहा है, जिसको



देखते हुए यार्ड मॉडलिंग का काम कराया गया। उसके तहत रेलवे स्टेशन पर नया एफओबी को तैयार किया गया है। ये तीसरे नंबर का एफओबी है, जहां आधुनिक सुविधाओं संग और इसके इसकी चौड़ाई को भी बढ़ाया गया है, ताकि बड़ी संख्या में यात्री रेलवे स्टेशन के अलग-अलग छोर पर जा सकें।

श्री राम जन्म महोत्सव के साथ हुई रामलीला का शुभारंभ

रामलीला एक ऐसा धार्मिक कार्यक्रम है जिसे प्रत्येक व्यक्ति अपने परिवार के साथ, एक साथ बैठकर देख सकता है: डॉ महेश शर्मा

नोएडा। सोमवार को सेक्टर 46 के रामलीला मैदान में श्री राम लखन धार्मिक लीला कमेटी नोएडा के दूसरे दिन का शुभारंभ पूजा पाठ के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद डॉ महेश शर्मा द्वारा किया गया।

रामलीला पूजन एवं राम जन्म वशिष्ठ द्वारा नामकरण, विश्वामित्र आगमन ताड़का वध, आदि लीला का मंचन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद डॉ महेश शर्मा ने रामलीला के दूसरे दिन रामलीला मैदान में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि रामलीला एक ऐसा धार्मिक कार्य है ,जिसमें प्रत्येक व्यक्ति अपने बच्चों के साथ एक साथ बैठकर देख सकता है।

उन्होंने कहा कि इससे युवाओं को भी सीख मिलती है ,कि प्रत्येक व्यक्ति को अच्छे कार्य करने चाि-हए, जिससे उसे कभी भी परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी ।

गलत कार्यों को अंजाम देने वालों को हमेशा परेशानी उठानी पड़ती है, डॉ महेश शर्मा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष रामलीला में यह दिखाया जाता है कि हमेशा सच्चाई का साथ देना चाहिए। और बुराई का विरोध करना चाि-हए। इसी के चलते शक्तिशाली रावण को भी बुराई के रास्ते पर चलने पर हर का मुंह देखना पड़ा था। इसलिए उन्होंने कहा की प्रत्येक व्यक्ति को अच्छाई के रास्ते पर चलना चाहिए।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पीयूष द्विवेदी, रविकांत मिश्रा, नरेंद्र चोपड़ा, वरिष्ठ पत्रकार एस एस अवस्थी, रामाअवतार सिंह, मदन शर्मा ने अपने विचार रखें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉक्टर महेश शर्मा को पटका एवं स्मृति चिन्ह देकर समिति के अध्यक्ष विपिन

अग्रवाल ,वाइस चेयरमैन राजेंद्र जैन, पूनम सिंह, महासचिव गिरजा, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र मित्तल, और समिति के सदस्यों ने सम्मानित किया ।

इस अवसर पर पंडित कृष्ण स्वामी ने श्री राम जन्म, वशिष्ठ जी द्वारा नामकरण, तथा विश्वामित्र आगमन, ताड़का वध और शुभांशु वध की लीला का आयोजन किया।

अलावा आयोजन समिति के चेयरमैन मनोज अग्रवाल, वाइस चेयरमैन राजेंद्र जैन, पूनम सिंह, समिति के अध्यक्ष विपिन अग्रवाल, महासचिव गिरजा, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र मित्तल, कृष्ण स्वामी,संजय गोयल, आलोक गुप्ता ,गौरव कुमार, रामवीर यादव, अशोक गोयल, विकास बंसल, संदीप अग्रवाल, बलराज गोयल , कुलदीप गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, अनुज गुप्ता, मुकेश गुप्ता, अभिषेक जैन, पीयूष द्विवेदी, शरद कुमार सिंह, राजीव जैन, राहुल गुप्ता, तेजिंदर मलिक, सौरभ अग्रवाल रोहिणी नागर, डॉक्टर एसपी जैन, नरेश कुचछल, सुमित शर्मा, राकेश गुप्ता ,सुमित मित्तल, वीके गुप्ता, वी राणा, योगेंद्र शर्माआदि मौजूद थे।

हरियाणा चुनाव आयोग द्वारा पालिकाओं के 5 वार्डों में चुनाव की घोषणा

5 नवम्बर को होगा मतदान दिवस, प्रदेश सरकार ने 5 नवम्बर (मतदान दिवस) को की अवकाश की घोषणा

विनोद कश्यप, प्रभारी, दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़, अक्टूबरः हरियाणा राज्य चुनाव आयोग ने पांच वार्डों के लिए उपचुनाव कराने की घोषणा कर दी है, जिनमें जिला गुरुग्राम के सोहना नगर परिषद के वार्ड नंबर 15, कैथल नगर परिषद के वार्ड नंबर 01, जिला महेन्द्रगढ़ के नारनौल नगर परिषद के वार्ड नंबर 16, जिला कैथल के राजौद नगर पालिका के वार्ड नंबर 5 और जिला रेवाड़ी के बावल नगरपालिका का वार्ड नंबर 11 शामिल है। नगर पालिकाओं के जिन क्षेत्रों में मतदान होना है, वहां 12 अक्टूबर, 2023 से आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए आयोग के प्रवक्ता ने बताया कि कार्यक्रम के अनुसार नामांकन पत्र 20 अक्टूबर, 2023 से 26 अक्टूबर, 2023 तक (22 अक्टूबर और 24 अक्टूबर को छोड़कर) भरे जाएंगे और मतदान 05 नवंबर को होगा।

उन्होंने कहा कि नामांकन पत्रों की

जांच 27 अक्टूबर, 2023 (शुक्रवार) को की जाएगी और उम्मीदवारी वापस लेने की अंतिम तारीख 28 अक्टूबर होगी। प्रवक्ता ने बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर मतदान समाप्त होने के बाद वोटों की गिनती की जाएगी और मतगणना पूरी होने के तुरंत बाद परिणाम घोषित किया जाएगा।

'5 नवंबर (मतदान दिवस) को अवकाश की घोषणा'

प्रवक्ता ने आगे बताया कि हरियाणा राज्य चुनाव आयोग ने मुख्य सचिव से नगर पालिकाओं के अधिकार क्षेत्र में 5 नवंबर, 2023 (मतदान दिवस) पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का आग्रह किया है। श्रम विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने वोट डालने के लिए नगर पालिकाओं के अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी कारखानों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, औद्योगिक उपक्रमों, व्यापार, दुकानों आदि में अवकाश घोषित करने का भी अनुरोध किया गया है, ताकि स्थित कारखानों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, दुकानों आदि के श्रमिक अपना वोट डाल सके।

दिल्ली शराब घोटाला में अअढ को आरोपी बनाने पर कर रहे विचार: मनीष सिसोदिया केस में CBI-ED ने सुप्रीम कोर्ट से कहा

नई दिल्ली: दिल्ली शराब घोटाला केस में जेल में बंद दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत अर्जी पर

सुनवाई के दौरान सीबीआई और ईडी ने सुप्रीम कोर्ट को बड़ी जानकारी दी है. सीबीआई यानी केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो और ईडी यानी प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि वह दिल्ली आबकारी नीति संबंधी मामलों में आम आदमी पार्टी (आप) को आरोपी बनाने पर विचार कर रहे हैं. बता दें कि मनीष सिसोदिया दिल्ली शराब घोटाला केस में इसी साल फरवरी से जेल में बंद हैं.

सियासत में बगावत एक स्वाभाविक प्रक्रिया

दैनिक समाज जागरण

पांच राज्यों के लिए विधानसभा चुनावों के प्रत्याशियों के नामों की घोषणा के साथ ही सभी प्रमुख राजनीतिक दलों में बगावत के स्वर सुनाई देते हैं। इसे लेकर नुक्ताचीनी करने का कोई अर्थ नहीं है । चुनावों के समय की जाने वाली बगावतों का बहुत आशिंक असर होता है ,लेकिन यदि बगावत संगठित रूप से होती है तो राजनीतिक परिदृश्य बदलने में ज्यादा देर नहीं लगती। बावजूद इसके कुछ बगावतें भीगी बारूद की तरह फुस्स होकर रह जाती हैं।

बगावतों का इतिहास हर राज्य में है। उत्तर से लेकर दक्षिण तक और पूर्व से लेकर पश्चिम तक । बगावत की बयार अक्सर चलती है किन्तु आंधी में यदा -कदा तब्दील हो पाती है । बगावत जब आंधी में तब्दील होती है ,तब अनेक अवसरों पर राजनीतिक दलों का विभाजन भी होता है। सबसे ज्यादा विभाजन का दंश कांग्रेस ने सहा है । भाजपा में भी अनेक विभाजन हुए लेकिन भाजपा छोड़कर जिन नेताओं ने भी अपने दल बनाये वे ज्यादा दिन अपना वजूद बचाकर नहीं रख सके । वामपंथी दलों में भी एक -दो अवसरों पर बगावत हुई ,समाजवादी भी इस बीमारी के पुराने रोगी है।

सियासत में बगावत का पुराना इतिहास है ,फिलहाल बात करते हैं मप्र,राजस्थान ,छत्तीसगढ़,तेलंगाना और मिजोरम की ,क्योंकि इन्हीं राज्यों में विधानसभा के चुनाव हो रहे है। मिजोरम विधानसभा के चुनावों को लेकर भाजपा और कांग्रेस ज्यादा गंभीर नहीं है । मिजोरम विधानसभा के चुनाव एक छोटी-मोटी नगर निगम के चुनाव जैसे है। फिर मिजोरम में भाजपा का कुछ है भी नहीं और हाल की मणिपुर की घटना ने भाजपा के लिए बची-खुची गुंजाइश भी समाप्त कर दी है। कमोवेश यही दशा भाजपा की तेलंगाना में है। हालाँकि तेलंगाना में भाजपा ने थोड़ी-बहुत उछलकूँद की भी । चुनावों की औपचारिक घोषणा के पहले प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह तेलंगाना जाकर केसीआर को हड़का कर भी आये ,किन्तु बात बनी नही। तेलंगाना में मुकाबला कांग्रेस और मौजूदा सत्तारूढ़ दल के साथ है । इसलिए यहां बगावत की कोई समस्या है नहीं।

भाजपा का पूरा ध्यान मध्यप्रदेश,राजस्थान और छत्तीसगढ़ पर है । इन तीनों राज्यों में भाजपा की मोदी-शाह जोड़ी पूरा कसबल लगा रही है । इन तीनों राज्यों में भाजपा विधानसभा चुनावों की औपचारिक घोषणा के पहले ही भसकना [दरकना]शुरू हो गयी थी । मध्यप्रदेश में तो भाजपा में सबसे जायदा बगावत हुई । विधायक से लेकर स्थानीय स्तर के नेता तक भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गये । पूर्व मुख्यमंत्री कैलाश जोशी के पुत्र दीपक जोशी से शुरू हुई ये बगत आज भी जारी है । भाजपा प्रत्याशियों की हर नई सूची बगावत की खबर लेकर आती है।लेकिन भाजपा की बगावत का स्वरूप असंगठित है इसलिए पार्टी में विभाजन का तो कोई खतरा नहीं है किन्तु इस बगावत की वजह से पार्टी की स्थिति कमजोर अवश्य हो रही है।

भाजपा ने मध्य प्रदेश में जिन तीन केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों के अलावा पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव को विधानसभा चुनाव में उतारा है वे सब बेमन से चुनाव लड़ रहे है। ये दसों नेता चुनाव लड़ना चाहते थे अपने बच्चों को ,अपने समर्थकों को ,लेकिन पार्टी है कमान ने किसी की एक नहीं सुनी। इन दस नेताओं के आने से भाजपा को कम से कम तीस सीटों पर जीत की उम्मीद है लेकिन हो उलटा रहा है । ये दसों की दस सीटें भी अब असुरक्षित दिखने लगी हैं । जिस चंबल-ग्वालियर अंचल ने भाजपा को पिछले विधानसभा चुनाव में पटकनी दी थी और बाद में इसी अंचल से कांग्रेस में हुई बगावत ने भाजपा को सत्ता तक पहुंचाया था,उसी में एक बार फिर बगावत सबसे ज्यादा हुई है और असंतोष की महीन स्वर तो अब भी सुनाई दे रहे हैं।

भाजपा के पितृ पुरुष और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के भांजे अनूप मिश्रा को टिकिट नहीं मिला है। वे खाट-पाट लेकर कोप भवन में है। उनके कांग्रेस में जाने की खबरें भी हवा में तैरीं किन्तु अनूप मिश्रा को इन खबरों का खंडन करना पड़ा ,क्योंकि उन्हें पता था कि कांग्रेस में उनका कोई माई-बाप नहीं है सिवाय दिग्विजय सिंह के। और एन मौके पर वे भी उनकी कोई मदद नहीं कर सकते। ग्वालियर में ही पूर्व मंत्री नारायण सिंह कि बगावत कि मंशा भी पूरी नहीं हो पायी । मुरैना में पूर्व मंत्री रुस्तम सिंह के भी बागी होने की खबरें उड़ीं थीं,किन्तु अब वे भी असंतुष्ट होकर बैठे है। वे अपने बेटे के लिए टिकटार्थी थे। अभी तक उनके बेटे के बारे में पार्टी ने कोई फैसला नहीं किया गया है। भिंड में पूर्व विधायक रसाल सिंह बागी हो गए है। उनकी बगावत से एक -दो सीटों का गणित तो बिगड़ ही सकता है। भिंड में भाजपा में शामिल हुए सपा के विधायक संजीव सिंह का कथित पटवारी घोटाला पहले से भाजपा के गले कि हड्डी बना हुआ है ।

मप्र में कांग्रेस कि पहली सूची आने के बाद बगावत की इक्का-दुक्का खबर है लेकिन कांग्रेस को इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला । कांग्रेस ने बहुत ठोंक-बजाकर प्रत्याशियों का चयन किया है। ग्वालियर में एक मात्र कांग्रेसी केदार सिंह कंसाना ने टिकिट न मिलने पर पार्टी छोड़ी है। वे जरूर कांग्रेस कि एक सीट का गणित खराब कर सकते हैं ,लेकिन बाकी कहीं कोई खरखसा नहीं है । कांग्रेस ने छह बार के विधायक केपी सिंह को अपनी सीट बदलने की सुविधा भी दी । वे अब पिछोर की जगह शिवपुरी से चुनाव लड़ेंगे। पहले भाजपा कि और से शिवपुरी से श्रीमती यशोधरा राजे चुनाव लड़तीं थीं ,लेकिन इस बार वे भी नाखुश भाजपाइयों की सोची में शामिल हो गयीं हैं। वे अपने बेटे के लिए टिकिट चाहतीं थीं किन्तु पार्टी ने उनकी सुनी नहीं।

भाजपा की चार सूचियां आने के बाद कांग्रेस की पहली सूची आने से कांग्रेस को फैसला करने में आसानी हुई । कांग्रेस ने मुख्यमंत्री शिवतराज सिंह चौहान को चुनावों में उलझने के लिए एक अराजनीतिक व्यक्ति को अपना प्रत्याशी बनाया जो छोटे परदे का हनुमान है। बुधनी सीट से कांग्रेस के इस फैसले में कोई गंभीरता तो नजर नहीं आती किन्तु ये प्रयोग शिवराज सिंह चौहान कि नाव पार भी लगा सकता है और डुबो भी सकता है। वैसे जहाँ तक सूचनाएं हैं कि चौहान के खिलाफ हनुमान को उतरने का फैसला शिवराज सिंह के कांग्रेसी शुभचिंतकों ने सोच-समझकर ही किया है। कांग्रेस ने परिवारवाद के आरोप की परवाह किये बिना एक ही परिवार के दो-लोगों को टिकिट दिया।

राजस्थान में भी भाजपा के समाने बगावत एक गंभीर समस्या है । यहां पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती [श्रीमंत भी] बसुंधरा राजे भाजपा के लिए सबसे बड़ी समस्या है । भाजपा बसुंधरा राजे से छुटकारा चाहती है लेकिन वे भाजपा छोड़ना नहीं चाहती। वे राजस्थान की उमा भारती भी नहीं बनना चाहतीं अर्थात पार्टी को तोड़ना भी नहीं चाहतीं ,किन्तु उनके पार्टी में रहने से भी भाजपा को कोई लाभ नहीं होने वाला ,क्योंकि वे नाराज हैं। वे महिला भी हैं और पुराने सामंत परिवार से भी। उनके पास राजहठ भी है और त्रियाहठ भी। जो सीधे प्रधानमंत्री और शाह की जोड़ी को भारी पद सकता है। राजस्थान में भी भाजपा के कमजोर किले की किलेबंदी के लिए सांसदों और केंद्रीय मंत्रियों को मैदान में उतारा गया है। ये सब मिलकर बसुंधरा राजे की वजह से होने वाले नुक्सान की कितनी भरपाई कर पाएंगे ,कहना कठिन है।

छत्तीसगढ़ में भाजपा के मुकाबले कांग्रेस में बगावत होना चाहिए ,लेकिन ऐसा होता नहीं दिखाई दे रहा । यहां कांग्रेस सतर्क है। उसे पता है कि सत्ताप्रतिष्ठान के खिलाफ जनता की स्वाभाविक नाराजगी आमतौर पर जैसी होती है वैसी छग में है नहीं। कांग्रेस के असंतुष्ट नेता भी जानते हैं कि जब सबसे बड़े कांग्रेसी नेता सिंघदेव बगावत नहीं कर सके तो समान्य कांग्रेसी नेता की हैसियत ही नहीं है बगावत करने की। छग में भाजपा में भी बगावत मुमकिन है क्योंकि यहां आज भी भाजपा परिवार की बैशाखी लेकर चलने कि कोशिश कर रही है । मध्यप्रदेश में परिवारवाद का सहारा भाजपा के बजाय कांग्रेस ने ज्यादा लिया। मप्र में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के भाई और बेटे तक को टिकिट मिल गया किन्तु बाकी टापते रह गए।

अतीत में झांके तो आप पाएंगे कि कांग्रेस से बगावत कर बनी एनसीपी हो या तृमूकां कम से कम राज्य की सत्ता में तो है लेकिन भाजपा से बगावत कर बनी उमा भर्ती की पार्टी का ,केशूभाई की पार्टी का कोई अतापता नहीं है । समाजवादियों के विभाजन से जन्मी जेडीयू जरूर बिहार में गठबंधन की सरकार का हिस्सा है। शिवसेना से टूटी शिवसेना भी महाराष्ट्र में सत्ता के साथ है ,लेकिन भाजपा से अलग हुए लोग अपना दलबल छोड़छाड़कर भाजपा में वापस लौट आये। टूटी तो बसपा और समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी भी किन्तु इन दलों से अलग हुए लोग भी अपना दल चला नहीं चला पाए।अब देखना ये है कि आने वाले दिनों में भाजपा,कांग्रेस अपने आपको बगावत के इस जहर से कितना अक्षुण रख पाते हैं ?

@ राकेश अचल

बैठकी "फर्क साफ दिखता है"

दैनिक समाज जागरण

कॉलबेल की आवाज ने सचेत कर दिया। दरवाजा खोला।नित्य की तरह बैठकी के सदस्यगण खड़े हैं फिर क्या था जम गई.....

ए सरजी, लोग कुछ भी कहें, हमारे देश और अन्य देशों में तो फर्क स्पष्ट दिखाई पड़ रहा है।--मास्टर साहब बैठते हीं शुरू हो गये।

कइसन फरक के बात करतानी,मास्टरसाहब!!--मुखियाजी तुरंत पुछ बैठे।

मुखियाजी,अमेरिका पर जब अलकायदा ने 11 सितम्बर 2001 को हमला किया था तो लगभग 3000 हजार से अधिक

लोगों की जान चली गई थी। लेकिन एक महिने के अंदर हीं उसने अफगानिस्तान पर आक्रमण कर दिया जिसमें लाख से उपर अफगानी और पाकिस्तानी मारे गये थे। अमेरिका इतने पर हीं नहीं रुका,पाकिस्तान में घुसकर सरगना,ओसामा बिन लादेन को गोलियों से भूनकर उठा ले गया और लाश को समुद्र में मछलियों का निवाला बना दिया ताकि कब्र भी नसीब न हो। लेकिन हमारे यहां आतंकी अफजल गुरुकुल को फांसी हुई तो.... छोड़िये कोई आतंकी मारा जाता है तो उसके जनाजे में, हजारों मुसलमान, उसकी जयजयकार करते हुए, शामिल होते हैं।--मास्टर साहब ने सही कहा।

उतना पिछे क्यूँ जाते हैं !इसी दस दिन पहले, फिलिस्तीनी आतंकवादी "हमास" ने 7 अक्टूबर को इजरायल पर 5000 रॉकेटों से हमला किया और लगभग 1600 बेकसूर बच्चों,औरतों,नौजवानों,बुजुर्गों का कत्लेआम किया तो अगले हीं दिन से इजरायल ने गाजा में "हमास" के आतंकियों को सबक सिखाना शुरू कर दिया और आज ये हालात है कि सारे अरब मुल्क त्राहिमाम कर रहे हैं।जबकि छोटा सा इजरायल चारों ओर से इस्लामिक स्टेटस से घिरा है।वहां के राष्ट्रपति नेतन्याहु ने खुली चुनौती दे रखी है कि जबतक "हमास" का किस्सा खत्म नहीं कर देंगे,रुकेंगे नहीं।--कुंवरजी अखबार पलटते हुए।

लिजिये, देखा नहीं है हम लोगों ने !26 नवंबर 2008 को मुंबई पर जैशे मोहम्मद का हमला!! जिसमें 176 लोगों की जान चली गई थी।उसमें 6 अमेरिकी और 8 इजरायली भी शामिल थे। लेकिन कांग्रेस की यूपीए सरकार, पाकिस्तान के साथ डोजियर, डोजियर का नाटक करती रही।--उमाकाका बोल पड़े।

इसबीच बेटी चाय का ट्रे रख गई और हम सभी एक-एक कप उठाकर पुनः बहस में.....

अरे ! जीवित अपराधी कसाब पकड़ा गया तो कांग्रेस सरकार मजबूरी में महिनों कानूनी कार्रवाई की। जेल में वीआईपी ट्रीटमेंट दिया गया।अपराधी को वकील मुहैया कराया गया और अंत में कानून के सामने नतमस्तक होकर फांसी देनी पड़ी ताकि पाकिस्तानी आतंकी सरगनाओं को लगे कि कांग्रेस बेचारी क्या करे !!उसका वश नहीं चला अन्यथा कांग्रेस बाईज्जत बरी कर देती।--पारसनेता मुंह बनाये।

ना ना नेताजी !अइसन बात ना ह। भारत न्यायप्रिय देश ह,एहिसे कानूनी प्रक्रिया पुरा कईल गईल रहे।--मुखियाजी हथेली पर खैनी मलते हुए।

मुखियाजी,उस समय सेना ने पाकिस्तान पर आक्रमण करने के लिए,कांग्रेस सरकार से अनुमति मांगी थी लेकिन मनमोहन सिंह सरकार ने अनुमति नहीं दी जबकि हमारी सेना पाकिस्तान को अच्छा सबक सिखा सकती थी।इसके दो हीं कारण हो सकते हैं।पहला- कांग्रेस, पाकिस्तान को किसी तरह की हानि नहीं पहुंचाना चाहती थी ताकि आतंकवादियों का मनोबल बना रहे। दुसरा- इससे भाजपा को राजनीतिक लाभ मिल जाता। अर्थात सत्ता के लिये राष्ट्र की सुरक्षा भी इग्नोर किया जा सकता है।--डा.पिंटू तैश में लगे।

अजी सत्ता का फर्क पड़ता हीं है।भुल नहीं न रहे हैं!!29 सितम्बर को हम सर्जिकल स्ट्राइक दिवस मनाते हैं। पाकिस्तानी आतंकवादियों का मनोबल,यूपीए के शासनकाल में काफी बढ़ गया था नतीजतन 18 सितम्बर 2016 को पाकिस्तानी आतंकियों ने उरी पर हमला करके हमारे 19 जवानों की हत्या कर दिये लेकिन पाकिस्तान भुल गया कि कांग्रेस की इस्लामिक तुष्टीकरण वाली सरकार नहीं है। ये नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार है जिसने 28 सितम्बर की अंधेरी रात में पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकी और उनके अड्डों को फोड़ दिया।--पारसनेता ने याद दिलाया।

नेताजी, उसके बाद वाला भी कहिये जब 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में आतंकी हमला हुआ था जिसमें हमारे 42 जवान शहीद हो गये थे।इस आतंकी हमले ने हर सच्चे हिंदुस्तानी के दिल में आग भर दी थी। यही आग हमारे प्रधानमंत्री मोदीजी के दिल में भी धधक रही थी जिसका जबाब बालाकोट हवाई हमले से दिया गया और 300 के करीब पाकिस्तानी आतंकियों को 72 हूरों के यहाँ पहुंचा दिया गया।--मास्टर साहब ने बात पुरी की।

मुखियाजी,आज इजरायल का पुरा विपक्ष, नेतृत्व के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। वहीं,जब अमेरिका ने ओसामा बिन लादेन को पाकिस्तान में घुसकर मारा और समुद्र में मछलियों का आहार बना दिया तो वहां के विपक्ष ने लादेन के मरने का साबुत नहीं मांगा था लेकिन हमारे देश के पाकिस्तान परस्त विपक्ष, सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट एयरस्ट्राइक का साबुत मांगता फिर रहा था,छी,छी।--डा. पिंटू के चेहरे से घृणा झलक रही थी।

देख नहीं रहे ! जबसे मोदीजी ने इजरायल पर फिलिस्तीनी आतंकवादी "हमास" के हमले की आलोचना की है तभी से विपक्ष का इस्लामीफोबिया फटा जा रहा है। इजरायल के जबाबी कार्रवाई को लेकर इनकी फटने लगी है लेकिन हमास के अमानवीय कृत्यों की किसी ने आलोचना करने की हिम्मत नहीं दिखाई।--उमाकाका बोल पड़े।

ए सरजी, रउवो कुछू उबाचीं !--मुखियाजी मेरी ओर देखकर।

मुखियाजी,इसमें दो मत नहीं कि गलत को गलत कहना चाहिए। जहां तक आतंकवाद का सवाल है इससे जुड़े लोग,नरपिचाश से कम नहीं होते। अब जब हमास के विरुद्ध इजरायल कठोर कदम उठाया है तो गेंहू के साथ घुन का पिसना तय है। युद्ध की विभीषिका यही है। लेकिन एक बात समझने की है कि मुस्लिम देशों में ऐसे आतंकवादी संगठनों का विरोध,जनता, प्रशासन क्यों नहीं करता!! उन्हें संरक्षण, और प्रोत्साहन क्यों दिया जाता है!! असल में इनपर इस्लामिफोबिया इस कदर हावी होती है कि मानवता का कोई स्थान नहीं रह जाता। वैसे भी कुरान में मुस्लिमों को आह्वान किया गया है कि तबतक नहीं रुकना है जबतक पुरे विश्व में खलीफा राज न कायम हो जाये। इन सारे संघर्ष के पिछे धार्मिक उन्माद होता है। जिसपर सारे मुस्लिम देशों को मिल बैठकर चर्चा करनी चाहिए और हिंसा पर विराम लगाने का उपाय खोजना चाहिए। -- मैं चुप हुआ।

ये बस की बात नहीं है सरजी !आज विश्व के उन सारे देशों में जहां-जहां,मुस्लिम आबादी है,मुसलमान,फिलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे हैं। फ्रांस, जर्मनी,ब्रिटेन आदि देशों में तो "हमास" को समर्थन देने वाले प्रर्दशनों पर तो प्रतिबंध लगाया गया है लेकिन यही कदम भारत में मोदी सरकार उठाये तो बवाल होने लगेगा। विपक्ष, लेफ्ट लिबरल का क्रंदन जोर पकड़ लेगा। छोड़िये न ! सुप्रीम कोर्ट,स्वयं संज्ञान लेना शुरू करेगा,चीफ जस्टिस महोदय, मौलिक अधिकारों की दुहाई देकर तांडव करने लगेंगे।--कहकर डा.पिंटू हाथ चमकाये।

ए भाई, इतना तो स्पष्ट है कि यूपीए की तुष्टीकरण वाली सरकार और आज की मोदी सरकार में,चाहे राष्ट्रीय मुद्दा हो या अंतरराष्ट्रीय मुद्दा, फर्क तो साफ-साफ दिखाई दे रहा है।अच्छा अब चला जाय।--कहकर उमाकाका उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी.....!!!!!

प्रोफेसर राजेंद्र पाठक (समाजशास्त्री)

पृथ्वी कितना झेलेगी अपना प्राकृतिक दोहन ?

विनाश की ओर बढ़ती पृथ्वी' (पर्यावरण के प्रति उदासीनता और लापरवाही)

दैनिक समाज जागरण

जब हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जितनी बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया। कृषि में नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहाने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनी यों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कल कल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं।

नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी ना मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों मैं बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने ,महानगर बने ,मकान बने किंतु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत, हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन पानी, हरियाली,पक्षी जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध कंक्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए। इसके लिए हमें संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाना होगा। संसाधनों का इस्तेमाल अतिरेक में नहीं होना चाहिए । महात्मा गांधी ने खुद कहा है कि पृथ्वी पर सभी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संसाधन है, किंतु मानव की लालच को पूरा करने का कोई साधन नहीं है। हम प्राकृतिक परियोजना तथा परिस्थितिकी की परियोजनाओं का स्वागत करना होगा सम्मान करना होगा। हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौर, पवन, बायोगैस, ज्वार तरंग लहरों को ऊर्जा का आधार बनाना होगा।

भारत में परिस्थितियां बड़ी विषम है एक तरफ सोडियम लाइट से नहाती दिल्ली ,मुंबई ,बेंगलुरु की रंगीन सड़कें हैं, ऊंची ऊंची इमारतें हैं, तेज गति की मेट्रो है,वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का लुफ्त उठाते हुए युवक युवतियां है, दूसरी तरफ पसीने से भीगा हुआ किसान हैं। कैरोसिन की चिमनी में बच्चों को कहानी सुनाती माताएं हैं। यानी कि इतनी डिजिटल विषम बताएं भारत के अलावा विश्व के किसी भी कोने में नहीं है। भारत में विकास के नाम पर डिजिटलाइजेशन करने की आवश्यकता जरूर है पर गांव जंगलों नदियों और प्राकृतिक संसाधनों के निरस्तीकरण और विनाश की कीमत पर नहीं। हमें यह साबित करना होगा कि भारत के विकास की हरित क्रांति के साथ-साथ डिजिटल इंडिया भी विकास की गति को बढ़ा रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत कि हरित क्रांति का विकास ही डिजिटल इंडिया का स्वप्न को भी पूरा करेगा। इसके लिए स्वच्छ साफ-सुथरे संसाधन जैसे जल, खनिज, यूरेनियम ,थोरियम नहीं होगा तब तक नाभिकीय रिएक्टर की भट्टीयां कैसे चलेंगी। किसी कवि ने कहा है,

जो घर बनाओ तो एक पेड़ भी लगा लेना,
पंछी सारे उपवन के चहचहा उठेंगे।

विकास का जो भी रास्ता या नक्शा हम तैयार करेंगे निश्चित तौर पर वह मार्ग हरित क्रांति या हरित विकास से होकर गुजरेगा, जिससे हम अपनी 131 करोड़ जनसंख्या को स्वच्छ वातावरण दे पाएंगे और एक नए भारत की कल्पना को साकार कर पाएंगे।

संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़

मैं नारी हूँ

नारी हूँ मैं, नारी हूँ
जब अपनी जिद पे आती हूँ,
पर जाती सबपे भारी हूँ
मैं नारी हूँ।

मैं दुर्गा हूँ, मैं काली हूँ
मैं चंडी की अवतारी हूँ,
जन मानस की रक्षा हेतु
करती सिंह सवारी हूँ
मैं नारी हूँ।

झांसी की मदार्नी मै ही
कुंभा सी बलिदानी हूँ,
पी टी उषा उड़नपरी मै
मीरा सी प्रेम दीवानी हूँ,
मैं नारी हूँ।

मैं सीता हूँ, मैं राधा हूँ
मै नर का हिस्सा आधा हूँ,
मैं दान दया की वस्तु नही
मैं पूर्ण प्रेम अधिकारी हूँ
मैं नारी हूं।

बिंदु अग्रवाल
गलगलिया, किशनगंज
बिहार

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

जिलाधिकारी द्वारा जन सुनवाई के उपरान्त किया गया तहसील उरई का आकस्मिक निरीक्षण

जिलाधिकारी द्वारा जन सुनवाई के उपरान्त किया गया तहसील उरई का आकस्मिक निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को दिये गए निर्देश उरई(जालौन)।जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जनसुनवाई के उपरान्त मण्डी स्थित तहसील उरई का आकस्मिक निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होने तहसील के समस्त पटलों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होने न्यायालय तहसीलदार को निर्देशित किया कि समस्त वादों को दर्ज कर समयान्तर्गत वादों का निस्तारण करें एवं विवादित वादों का 90 दिन के भीतर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। धारा 34 के प्रकरण में कृषि बैनामा ऑनलाईन प्राप्त होने के बाद आर0सी0सी0एम0एस पोर्टल पर शत प्रतिशत बैनामे को दर्ज नही किया जा रहा है जिस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये जिलाधिकारी ने आर0के0 रामदत्त को प्रतिकूल प्रविष्टि के साथ विभागीय कार्यवाही व कम्प्यूटर आपरेटर शुभम के खिलाफ कड़ी कार्यवाही और तहसीलदार का जबाब तलब लेने के उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया। उन्होने निर्देशित किया कि धारा 24, धारा 116/117 तथा धारा 80, धारा 67 का समयबद्ध निस्तारण किया जाये, साथ ही निर्देशित किया कि 03 साल व 05 साल से पुराने प्राप्त वादों को प्राथमिकता पर 60 दिन के भीतर विशेष अभियान चलाकर निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाये। उन्होने धारा 151 के तहत वादों में 116(3) का साक्ष्य लेकर गुणदोष के आधार पर वादों का निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होने खनन,

बैंक, विद्युत देयों की वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिये। आय, जाति, निवास का कोई भी प्रार्थना पत्र एक सप्ताह से अधिक और हैसित प्रमाण पत्र एक माह से अधिक लम्बित न हो यदि लम्बित होता है तो संबंधित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। धारा 24 के प्रकरण के आधार पर नही बल्कि दायरा की तिथि के अनुसार क्रम से पैमाइश 02 माह के भीतर लम्बित प्रकरण समयबद्ध वाद निस्तारण करना सुनिश्चित करें। भूमि विवाद में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर पहुंचकर गुणदोष के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। न्यायालय द्वारा पारित आदेशों का समयबद्ध अनुपालन व अमलदरामद नही किया जा रहा है जिस पर तहसीलदार सदर ने बताया कि जिन ग्रामों की खतौनी आर0टी0के0 है वहां तो तत्काल अमलदरामद हो रहा है, जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि ध्यान देकर शत प्रतिशत अमलदरामद करना सुनिश्चित करें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। उन्होने निर्देशित किया कि खतौनी नकल लेने वालों को खतौनी देने में बिलम्ब नही होना चाहिये साथ ही यह भी ध्यान रखे कि बेबजह किसी को भी परेशान न किया जाये। निरीक्षण के दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट / उपजिलाधिकारी अभिषेक कुमार, तहसीलदार भूपेन्द्र सिंह, नायब तहसीलदार आदि मौजूद रहे।

दरकती दीवारें लचकती छतों के कारण बृक्ष के नीचे शिक्षा ग्रहण करते नौनिहाल कभी भी भरभरा कर ढ़ह सकता है विद्यालय भवन

जगम्मनपुर, जालौन । प्रदेश सरकार के शिक्षा के प्रति किए जा रहे उपायों को चुनौती देता बेसिक शिक्षा विभाग का जर्जर प्राथमिक विद्यालय भवन कभी भी भरभरा कर ढह सकता है जिससे उसमें शिक्षा ग्रहण करने के लिए आने वाले नॉनिहाल बच्चों के जीवन के संकट की प्रबल संभावना है। विकासखंड रामपुरा के ग्राम हिम्मतपुर में प्राथमिक विद्यालय है जिसमें प्रधानाध्यापक सुधर सिंह सेंगर एवं सहायक अध्यापक आशीष निरंजन आधा सैकड़ा छात्र छात्राओं को विद्यालय भवन के बाहर एक वृक्ष के नीचे बैठ कर शिक्षा ग्रहण कराने को मजबूर हैं । इस संदर्भ में जब ग्राम प्रधान हिम्मतपुर सत्येंद्र राठौर एवं प्रधानाध्यापक सुघर सिंह से पूछा गया उन्होने बच्चों के जीवन की सुरक्षा का हवाला देते हुए बताया कि पूरा विद्यालय भवन जर्जर है।

दीवारें बुरी तरह से दरकी हुई है एवं छतों की हालत बहुत खराब है बर्षा ऋतु में छतों का पानी परनाले से निकलने की वजाय कमरों के अंदर टपकता है जिससे बच्चो के कपडे कापी किताबें भींग कर खराब हो जाती है , कभी भी यह भवन धाराशाही हो सकता है अतः नौनिहाल छात्र-छात्राओं के जीवन से खिलवाड़ करने से अच्छा है कि उन्हें पेड़ के नीचे सुरक्षित बैठाकर शिक्षा ग्रहण कराई जाए । ग्राम प्रधान ने बताया कि विद्यालय भवन की खराब हालत के बारे में संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है लेकिन अभी तक इस भवन के पुनर्निर्माण हेतु कोई कारगर उपाय नहीं हुए हैं।

आमाडांड बरतराई खदान के उपक्षेत्रीयप्रबंधक द्वारा जिला निर्वाचन आयोग के निदेशों का किए गया उलंघन

जमुना कोतमा हिन्द कोयला मजदूर सभा जमुना कोतमा के अध्यक्ष श्रीकांत शुक्ला ने कोतमा विधानसभा निर्वाचन आयोग अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व महोदय कोतमा को शिकायती पत्र लिखकर बताया कि महोदय निवेदन है की श्री अजीत सिंह डाटा एंट्री ऑपरेटर विगत छः वर्षों से बरतराई खदान में बिलिंग छुट्टी सिक लिव मेडिकल एवम टेंडरिंग का कार्य बरतराई खदान में सेंसटिव पद पर कार्य कर रहे थे किंतु भ्रष्टचार की काफी सिकायते उनके खिलाफ विजिलेंस म विभाग में की गई थी जिसके कारण उनको सेंसटिव पद से स्थानांतरण कर टेबल चेंज कर दिया गया वह इंटक कांग्रेस का पदाधिकारी भीं पूर्व में था।चुकी:अजीत सिंह का स्थानांतरण दिनांक 06/10/23 को हुआ था और आचार संहिता दिनांक 10/10/23 को लगा था किंतु किसी कांग्रेस के चुटपुजिये नेता द्वारा उपक्षेत्रीय प्रबंधक के ऊपर दबाव बनाकर 11/10/23 को स्थानांतरण अगले आदेश तक रोक लगा दिया गया जिससे श्रमिको में काफी आक्रोश व्याप्त है चुकी यह स्थानांतरण कांग्रेस के किसी चुटपुजिए नेता के दबाव में आचार संहिता लागू होने के बाद उपक्षेत्रीयप्रबंधक द्वारा रोका गया है जो जिला निर्वाचन आयोग के नियमो एवं निदेशों का उलंघन है।

हिन्द कोयला मजदूर सभा के अध्यक्ष श्रीकांत शुक्ला ने मांग किया है कि जिला निर्वाचन आयोग मध्यप्रदेश निर्वाचन आयोग के नियमावली के आदेश का पालन निर्वाचन आयोग के दिशा निदेशों का पालन करवाने के लिए महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष शांतिपूर्ण ढंग से संघ द्वारा धरना दिया जाएगा जिसकी संपूर्ण जवाबदारी निर्वाचन आयोग के पालन न करने वालों अधिकारियों की होगी

करवाते हुए श्री अजीत सिंह का स्थानांतरण दिनांक 6.10.2023 को जो स्थानांतरण पत्र जारी हुआ था उसका अनुपालन सुनिश्चित अभिलंब कराया जाए अन्यथा हिंद कोयला मजदूर सभा जिला और निर्वाचन आयोग मध्य प्रदेश निर्वाचन आयोग और आचार संहिता के उल्लंघन करने वाले संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सात दिवस के अंदर कार्यवाही नहीं करती है तो जिला निर्वाचन आयोग मध्य प्रदेश निर्वाचन आयोग और कोतमा विधानसभा श्री शुक्ल ने इसकी शिकायत एस-डीएम के अलावा जिला निर्वाचन अधिकारी अनूपपुर मध्य प्रदेश निर्वाचन अधिकारी भोपाल भारत सरकार निर्वाचन अधिकारी नई दिल्ली सी एम डी बिलासपुर विजिलेंस बिलासपुर महाप्रबंधक जमुना कोतमा क्षेत्र कार्मिक प्रबंधक जमुना कोतमा क्षेत्र को देते हुए स्थानांतरण की छाया प्रति स्थानांतरण निरस्त की छाया प्रति महाप्रबंधक जमुना कोतमा क्षेत्र को दिए गए आवेदन की प्रति संलग्न की है

जिले में तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 1474 मतदेय हुए स्थापित : निर्वाचन अधिकारी

उरई(जालौन)।उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि

आयोग के निदेर्शानुसार जनपद में अवस्थित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों यथा 219-माधौगढ़, 220-कालपी एवं 221-उरई(अ०जा०) के भेजे गये मतदेय स्थलों के सम्माजन के प्रस्तावों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा पत्र संख्या 797/सीईओ-2 दिनांक 10 अक्टूबर 2023 के द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है। वर्तमान में जनपद जालौन में अवस्थित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में यथा 219-माधौगढ़ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में 530,220-कालपी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में 467 तथा 221-विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 477 इस प्रकार जनपद में कुल 1474 मतदेय स्थल स्थापित किये गये है।

पूर्व जनपद अध्यक्ष भाजपा में शामिल

शहडोल। जनपद पंचायत बुढार के पूर्व अध्यक्ष ललन सिंह ने भारतीय जनता

पार्टी की सदस्यता ली है जैतपुर विधानसभा के भटिया मंदिर के पास आयोजित कार्यक्रम में ललन मंच में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए और उनका स्वागत प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सफा पहनकर किया। कांग्रेस से लड़ चुके हैं चुनाव ललन सिंहपुर में वर्ष 2013 में कांग्रेस की टिकट से जैतपुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़े थे जिसमें उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा था वे पूर्व में जिला पंचायत शहडोल के सदस्य भी रह चुके हैं और कांग्रेस के आदिवासी नेता माने जाते रहे हैं।

रविवार को शारदेय नवरात्रि की गई शुरूआत

अनुपपुर/ जिला मुख्यालय सहित अमलाई ,कोतमा ,बिजुरी ,राजनगर रामनगर, जैतहरी ,वेंकट नगर चचाई राजेंद्र ग्राम अमरकंटक सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को शारदेय नवरात्रि की शुरूआत हो गई । नवरात्रि के प्रथम दिन मंदिरों मढियो एवं दुर्गा पंडालों में घटस्थापना के साथ अखंड ज्योति भी जलाई गई । नवरात्रि का पावन पर्व 9 दिनों तक बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। नवरात्रि के दौरान मां के 9 रूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। नवरात्रि के प्रथम दिन मां के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा की गई । मां शैलपुत्री की पूजा करने से व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। पर्वतराज हिमालय के घर पुत्री रूप में उत्पन्न होने के कारण माता का नाम शैलपुत्री पड़ा। माता शैलपुत्री का जन्म शैल या पत्थर से हुआ, इसलिए इनकी पूजा से जीवन में स्थिरता आती है। मां को वृषारूढ़ा, उमा नाम से भी जाना जाता है। उपनिषदों में मां को हेमवती भी कहा गया है। नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की कथा का पाठ जरूर करना चाहिए। जो लोग पाठ नहीं कर सकते हैं उन्हें इस कथा को सुनना चाहिए । मंदिरों में रही भीड़ - नवरात्र के प्रथम दिवस सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहा महिलाओं ने सुबह 4:00 बजे से ही मंदिरों में पहुंचकर माता को जल ढारने के साथ विधि विधान से माता रानी की पूजा अर्चना की यह क्रम सुबह से शुरू हुआ तो देर रात तक चलता रहा । की गई घट स्थापना - नगर के ठाकुर बाबा धाम पंचायती मंदिर शारदा काली माता मंदिर काली मंदिर बूढ़ी माता मंदिर धर्मशाला मंदिर मे घट स्थापना के साथ मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना विधि विधान से की गई । ज्योति कलश एवं बोये गए जवारे - नगर के मंदिरों एवं मठों में जवारे बोए जाने के साथ ही अखंड ज्योति

कलश जलाए गए जो निरंतर 9 दिनों तक जलते रहेंगे श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूर्ण होने या मन्नत मांगने के कारण मंदिरों में पहुंचकर ज्योति कलश जलवाते हैं । पंडालों में की गई मूर्ति स्थापना - नगर में एक दर्जन से अधिक जगहों पर समितियों के द्वारा पंडालों में झांकियां सजाकर माता रानी की प्रतिमा विधि विधान से पूजन अर्चन कर बैंड बाजे बम पटाखों के साथ स्थापना की । कन्या पूजन के साथ किया कन्या भोज का आयोजन - नवरात्र के प्रथम दिन नगर के ठाकुर बाबा धाम मंदिर पंचायती मंदिर में कन्या भोज का आयोजन किया गया महिलाओं ने सबसे पहले कन्याओं को बैठाकर पैर धुलवाया महावर लगाने के साथ कन्या पूजन कर कन्या भोज कराया गया और उन्हें उपहार भी दिए गए । होगा भंडारे का आयोजन - नगर के शारदा काली माता दुर्गा मंदिर समिति के द्वारा पुराने टॉकीज के पास नवरात्र के प्रथम दिन से ही भंडारे का आयोजन किया जाता है जो निरंतर नौ दिनों तक चलता है । समिति के सदस्यों के द्वारा सुबह से ही भंडारे का आयोजन किया जाता है जो निरंतर नौ दिनों तक देर रात तक चलता है प्रतिदिन भंडारे में अलग-अलग तरह के प्रसाद का वितरण किया जाता है यह क्रम काफी वर्षों से चला आ रहा है जो निरंतर चल रहा है । होगा गरबे का आयोजन - नवरात्र के प्रथम दिन से ही नगर के शारदा काली मंदिर समिति के द्वारा गोविंद भवन के पीछे एवं बस स्टैंड दुर्गा समिति के द्वारा बस स्टैंड परिसर में रात्रि में गरबे का आयोजन किया जाता है । जिसमें नगर की महिलाएं बच्चियों बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती है और गरबे का आयोजन के साथ ही माता रानी के गीतों से गरबे में चार चांद लगा देती हैं । जारी रहा मूर्ति ले जाने का क्रम - नवरात्र के प्रथम दिन भी नगर सहित ग्रामीण एवं कोयलांचल क्षेत्र तथा अनूपपुर बुढार मरवाही मनेंद्रगढ़ सहित अन्य जगहों में दुर्गा समिति के लोगों के द्वारा ढोल नगाड़ों के साथ वाहनों में माता रानी की प्रतिमा को ले जाने का क्रम सुबह से देर शाम तक चला रहा । समिति के सदस्य माता रानी के जयकारों के साथ माता की प्रतिमा को दुर्गा पंडालून में विराजमान करने के लिए उत्साह पूर्वक ले जाते नजर आए ।

नवरात्रि का दूसरा दिन माता ब्रह्मचारिणी को है समर्पित

दैनिक समाज जागरण सुनील श्रीवास्तव

सिद्धार्थनगर। पंचांग के अनुसार इस बार शारदीय नवरात्रि 15 अक्टूबर दिने रविवार से शुरू है। पर्व के दौरान माता के भक्त नौ दिनों तक देवी के नौ अलग अलग रूप की पूजा करते हैं। इस दौरान भक्त व्रत के नियमों का पालन करते हैं और माता को प्रसन्न करने के हर संभव तरीके अपनाते हैं। नवरात्रि में पहले दिन माता शैलपुत्री, फिर ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंद माता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी, सिद्धिदात्री और फिर दुर्गा प्रतिमा विसर्जन का विधान है। साथ ही नवरात्रि में 9 दिनों के साथ 9 रंगों का भी महत्व होता है। नवरात्रि का पहला दिन माता शैलपुत्री को समर्पित होता है यह दिन पीले रंग से जुड़ा है जो हमारे जीवन में उत्साह, चमक और प्रसन्नता लाता है हिंदू धर्म में पीले रंग का बड़ा महत्व है। इस दिन पीले रंग के वस्त्र पहनने चाहिए। नवरात्रि के दूसरा दिन माता ब्रह्मचारिणी को समर्पित है माता को हरा रंग पसंद है तो इस दिन हरे रंग के वस्त्र पहनकर पूजा करनी चाहिए यह रंग जीवन में विकास, सद्भाव औरे ऊर्जा लाता है। देवी के इस रूप को माता पार्वती का अविवाहित रूप माना जाता है. इसके अलावा मां ब्रह्मचारिणी को ज्ञान, तपस्या और वैराग्य की देवी माना जाता है। मां ब्रह्मचारिणी का मतलब है तप का आचरण करने वाली मां ब्रह्मचारिणी के एक हाथ में जप की माला और दूसरे हाथ में कमण्डल रहता है। इस दिन उन कन्याओं की पूजा की जाती है जिनकी शादी तय हो गई है लेकिन अभी शादी हुई ना हो इस दिन इन्हें अपने घर बुलाकर पूजा के बाद भोजन कराकर वस्त्र, पात्र आदि भेंट करने चाहिए। माँ ब्रह्मचारिणी का मंत्र है - या देवी सर्वभूतेषु माँ ब्रह्मचारिणी रूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः दधाना कर पद्माभ्याम अक्षमाला कमण्डलू देवी प्रसीदतु मई ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा ॐ देवी ब्रह्मचारिण्यै नमः, मां ब्रह्मचारिणी की आरती जय अम्बे ब्रह्मचारिणी माता जय चतुरानन प्रिय सुख दाता, ब्रह्मा जी के मन भाती हो, ज्ञान सभी को सिखलाती हो, ब्रह्म मन्त्र है जाप तुम्हारा जिसको जपे सरल संसारा, जय गायत्री वेद की माता जो जन जिस दिन तुम्हें ध्याता, कमी कोई रहने ना पाए. उसकी विरति रहे ठिकाने, जो तेरी महिमा को जाने, रद्रक्षा की माला ले कर, जपे जो मन्त्र श्रद्धा दे कर, आलस छोड़ करे गुणगाना, माँ तुम उसको सुख पहुँचाना, ब्रह्मचारिणी तेरो नाम, पूर्ण करो सब मेरे काम, भक्त तेरे चरणों का पुजारी, रखना लाज मेरी महतारी।

ग्राम पंचायत कछराटोला 15 वे वित्त की राशि से ठेकेदार से करा रहा घटिया सीसी रोड का निर्माण

पुष्पराजगढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत कछराटोला के सरपंच सचिव द्वारा 15 वे वित्त की राशि से नियम विरुद्ध तरीके से लक्ष्मणदास के घर से पीडीएस गोदाम की ओर पीसीसी आंतरिक मार्ग लंबाई 285 मीटर लागत लगभग 10 लाख रुपये खर्च कर अपने चहेते ठेकेदार को उपकृत कर निर्माण कार्य की सम्पूर्ण जिम्मेदारी सौंप दिया गया है जिस पर ठेकेदार द्वारा नर्मदा नदी की मिट्टी युक्त रेत से गुणवत्ता विहीन पीसीसी रोड का निर्माण कराया जाकर उक्त राशि का बंदरबांट किया जा रहा है।

मस्टर बोल्डर वाल का उपयोग हो रहा पीसीसी रोड पर

उक्त गुणवत्ता विहीन पीसीसी रोड निर्माण कार्य पर निर्माण कार्य एजेंसी द्वारा सीडीआर बोल्डर वाल कोनहाकटार पार्ट 03 के मस्टर रोल का उपयोग किया जाकर निर्माण कार्य कराया जा रहा है आखिर कौन है इस पूरे खेल का मास्टरमाइंड जो दर्जनों पंचायत को अपना आधिपत्य समझ कर सरपंच सचिवों को अपने शिकंजे में फसा कर पंचायती राज का भरपूर लाभ लेकर मनमानी कार्य कर रहा है।

बगैर मिक्सर बाइब्रेटर के हो रहा पीसीसी सड़क निर्माण

संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा बगैर मिक्सर बाइब्रेटर के नर्मदा नदी का काला रेत उपयोग कर 10 लाख के लागत से पीसीसी सड़क निर्माण कराया जा रहा है जिसपर गुणवत्ता को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे है उक्त कार्य की गुणवत्ता व कार्य मे लग रही सामग्री का भौतिक सत्यापन करने संबंधित उपयंत्री नही पहुचे बगैर सूचना व ले आउट के ही गुपचुप तरीके से कार्य प्रारंभ कर सक्षम बनाना है जिसमे टाइड इन टाइड एसबीएम से संबंधित कार्य ही किया जाना है परंतु ग्राम पंचायत कछराटोला में सरपंच सचिव ने अपनी मनमानी कर नियम विरुद्ध तरीके से उक्त मद की राशि का उपयोग पीसीसी सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। मुझे पीसीसी

निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

15 वे वित्त आयोग के अनुदान की राशि का दुरुपयोग

भूजल स्टॉक को बनाए रखने और उसको बढ़ावा देने के उद्देश्य से 15 वे वित्त आयोग की राशि पानी और स्वच्छता के लिए 15 वें वित्त आयोग के अनुदान का मुख्य उद्देश्य है जिसमे आरएलबी ग्राम पंचायतों को हर घर स्कूलों आंगनवाड़ी केंद्रों आश्रम शालाओं पीएचसी सीएचसी सामुदायिक केंद्रों बाजारों और खेल के मैदानों को पीने योग्य पानी की आपूर्ति की जिम्मेदारी निभाने में निर्माण कार्य की कोई जानकारी नहीं है और नर्मदा नदी काली रेत लगाने का कोई प्रावधान नही है जानकारी लगते ही निर्माण कार्य बंद करवा दिया गया है सामग्री की जांच उपरांत ही कार्य शुरू कराया जाएगा। आनंद उइके उपयंत्री उक्त निर्माण कार्य मे यदि बगैर मिक्सर बाइब्रेटर के नर्मदा नदी का काला रेत उपयोग हो रहा है तो मैं स्वयं जांच करवा कर कार्यवाही करूँगा अभी तत्यकाल कार्य बंद करवा देता हूं। के के सोनी मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़

निर्ममता से पत्नी और पुत्री के हत्या करने वाले को उम्रकैद

समाज जागरण, अनिल कुमार मिश्र, बिहार -झारखंड प्रदेश।

व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडिजे सात सुनील कुमार सिंह ने कासमा थाना कांड संख्या -33/21 में आज सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए अभियुक्त ओपू रजक कासमा को भादंवि धारा -302 में आजीवन कारावास और पचीस हजार जुमार्ना लगाया है जुमार्ना न देने पर एक वर्ष अतिरिक्त कारावास होगी,।

उपरोक्त आशय की जानकारी देते हुए अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों को सुनने के पश्चात न्यायधीश ने अभियुक्त ओपू रजक को उम्रकैद की सजा सुनाई है, अभियुक्त को 12/10/23 को वाद के निर्णय पर दोषी ठहराया गया था जबकि एक अन्य अभियुक्त मालती देवी को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त किया गया था, अधिवक्ता ने आगे बताया कि प्राथमिकी सूचक उमेश रजक हकीमचक रफीगंज ने 24/ 04/21 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें कहा था कि अभियुक्तों ने उसकी बेटी और नतिनी को दहेज के लिए जलाकर मार डाला, घटना से 14 दिन पहले महिला हेल्पलाइन में समझौता कराकर भेजा गया था, बेटी नीलम देवी की शादी 2013 मे ओपू रजक से की थी पैसा और बाइक की मांग अभियुक्तों द्वारा की जाती थी, पुलिस ने घटना के दुसरे दिन अभियुक्तों को गिरफतार किया था,

कल्याण सेवा आश्रम में नवरात्रि के प्रथम दिवस निकला भव्य झांकी व कलश यात्रा

विजय तिवारी अमरकंटक

मां नर्मदा जी की उद्गम स्थली / पवित्र नगरी अमरकंटक में तपस्वी बाबा कल्याण दास जी के सानिध्य में कल्याण सेवा आश्रम वर्ष 1984 से निर्मित मंदिर में विराजमान मां भगवती दुर्गा जी की लगातार हर वर्ष नवरात्रि का पवन पर्व मनाते आ रहे है । पूर्व वर्ष की भांति इस साल भी नवरात्रि के अवसर के प्रथम दिवस पर अष्ट धातु की मां भगवती दुर्गा जी की प्रतिमा पूजन अर्चन कर रथ पर विराजमान कर खड्ग , चंवर , छत्र के साथ तथा 108 बच्चियों के माथे कलश लिए ढोल नगाड़ों की ध्वनि के बीच नगर भ्रमण करते हुए माता नर्मदा जी की उद्गम स्थली पहुंच मंदिर के प्रधान पूजारियो से पूजन अर्चन करवाकर उद्गम का नर्मदा जल कलश में लेकर नर्मदा मंदिर दर्शन तथा परिक्रमा करने के बाद वापस नगर भ्रमण करते हुए कल्याण सेवा आश्रम मंदिर पहुंच काशी (बनारस) से विद्वान 61 ब्राम्हणों द्वारा कलश स्थापना कर नवरात्रि पूजन प्रारंभ कर दी जाती है । जो दशहरा तक पर्व की धूम देखी जा सकती है ।

काशी (बनारस) से पहुंचे 61 ब्राम्हण ---

पंडित कमलेश्वर नाथ त्रिपाठी वेदाचार्य ने बतलाया की हम कल्याण सेवा आश्रम में लगभग 25 वर्षों से लगातार अमरकंटक प्रतिवर्ष नवरात्रि में आगमन होता आ रहा है । नव दिवस मां दुर्गा जी की पूजन अर्चन , आवरण , हवन , रात्रि सप्तशती निशा हवन , इत्यादि पूजन होते है जिन्हे साथ आए सभी ब्राम्हणो द्वारा कराया जाता है ।

पांच प्रदेशों की पहुंची धमाल पार्टियां --

स्वामी धमार्नंद महाराज ने बताया की पहली बार आई केरला की चंदामेलम पार्टी जिसमे 12 व्यक्ति , ओडिसा की पूरनमांसी घंट पार्टी 75 लोग , उत्तराखंड से सुप्रसिद्ध छोलिया नृत्य 14 की टीम , छत्तीसगढ़ के रायगढ़ से शैला नृत्य 65 लोग , अनूपपुर जिले के क्षेत्रिय बैगा जनजातीय की कर्मा नृत्य जिसमे 40 की टीम हुई सम्मिलित , छत्तीसगढ़ पेंड्रा की मधुसूदन धमाल पार्टी और मंडला से एक ही अपने परिवार के साथ आए धमाल ढोल पार्टी नौ दिवसीय रहकर सेवा देते रहेंगे । 108 कलश कन्याओं द्वारा जल भर कर स्थापना ।।

स्वामी हिमांद्री मुनि जी महाराज ने बताया की पूज्यपाद तपस्वी बाबा जी के मार्गदर्शन व उनके सानिध्य में नवरात्रि पूजन प्रारंभ से पहले 108 कन्याओं द्वारा आश्रम से कलश लेकर यात्रा साथ चलकर नर्मदा जल लेकर आते है तथा प्रथम नर्मदा पूजन उपरांत ही आश्रम मंदिर में नवरात्रि पूजन प्रारंभ की जाती है । प्रत्येक वर्ष कलश यात्रा निकाली जाती है जिसमे विशाल रथ पर मां भगवती मां दुर्गा के साथ 108 कन्याएं कलश के साथ अनेक प्रदेशों से आए नृत्य पार्टियां व साधु संत , भक्तगण , नगरवासी आदि सम्मलित होकर नगर भ्रमण करते हुए मां नर्मदा उद्गम मंदिर जा कर वापस आश्रम पहुंचते है । काशी के विद्वान ब्राह्मणों द्वारा नवरात्रि का पावन पर्व पूजन आराधना के साथ मनाया जाता है और दशहरा के अवसर पर नगर भंडारा भी किया जाता है जिसमे क्षेत्र के बैगा जनजातीय समुदाय के लोग ज्यादा संख्या में परिवार के साथ वर्षो से आश्रम में आते है जिन्हे भंडारा के साथ वस्त्र , दक्षिणा आदि प्रदान कर उनका प्रेम उत्साह मिलता है ।

हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई अग्रसेन जयंती

अनूपपुर । हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महाराजा श्री 108 श्री अग्रसेन जी महाराज जी की अग्रवाल समाज के द्वारा अग्रवाल नवयुवक मंडल के तत्वाधान में 14 तारीख दिन शनिवार एवं रविवार दो दिवसी का रंगारंग कार्यक्रम शहर के सर लगन पैलेस मैं मनाया गया दिन शनिवार को बच्चों एवं महिलाओं की कुर्सी दौड़ फैंसी ड्रेस भाषण प्रतियोगिता रंगोली के साथ अनेकों प्रकार के कार्यक्रम का नन्हे मुन्ने बच्चों एवं महिलाओं के द्वारा अपना-अपना प्रदर्शन किया जिसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को पुरस्कृत किया गया एवं सांत्वना पुरस्कार देकर उनका मनोबल बढ़ाया गया कार्यक्रम में बच्चों एवं महिलाओं का विशेष योगदान रहा दूसरे दिन रविवार को सर लगन पैलेस महाराजा अग्रसेन जी की भव्य झांकी सजाई गई जहां पर अग्रवाल समाज के छोटे-बड़े महिलाएं पुरुष उपस्थित होगा महा-

राजा श्री अग्रसेन जी महाराज की विधि विधान से पूजा अर्चना कर सभी लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया इस्के बाद सर्व सम्मति से महिला मंडल अध्यक्ष काभी किया गया जल्दी वह अपना कमेटी गठित कर समाज में प्रस्तुत करेंगी इसके बाद बच्चों एवं महिलाओं के कार्यक्रम में प्रथम द्वितीय एवं तीसरा स्थान जिन्होंने प्राप्त किया उनको पुरस्कृत किया गया जिस प्रकार सभी लोगों में काफी उत्साह रहा समाज के पद पदाधिकारी का नाम इस प्रकार है अध्यक्ष विवेक अग्रवाल उपाध्यक्ष ऋषि अग्रवाल सचिन मयंक अग्रवाल कोषाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल पीयूष अग्रवाल हिमांशु अग्रवाल विजय अग्रवाल रामचंद्र अग्रवाल एवं सभी कार्यकर्ता का अगर सेन जयंती पर सराहनी योगदान रहा समाज के संरक्षक बृजमोहन अग्रवाल मूलचंद अग्रवाल संतोष अग्रवाल हरिश्चंद्र अग्रवाल कीर्तन लाल जी अग्रवाल के साथ समाज के नन्हे मुन्ने बच्चे महिलाएं उपस्थित रहे

कांड दैनिकी वास्ते पौथु एवं दाउदनगर, थानाध्यक्ष को शोकोज।

समाज जागरण, अनिल कुमार मिश्र, ब्यूरोचीफ, बिहार - झारखंड प्रदेश

व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडिजे तीन प्रणव शंकर ने जमानत याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए जिले के दो थानाध्यक्षों को आज शोकोज किया है, उपरोक्त आशय की जानकारी देते हुए अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि पौथु थाना कांड संख्या -112/23 जो भादंवि धारा -379,414 से सम्बंधित है उसमें वाद दैनिकी की मांग 22/09/23 से अभी तक की जा रही है अभियुक्त 05/09/23 से जेल में बंद हैं, न्यायालय के आदेश का अवमानना और याचिका निष्पादन में विलम्ब के कारण न्यायधीश द्वारा पौ थानाप्रभारी को शोकोज किया गया है और कहा गया है कि क्यों न याचिका के निष्पादन में विलम्ब के दोषी मानते हुए आपपर अर्थदंड लगाया जाए, शोकोज पर अगली तिथि -18/10/23 निर्धारित किया गया है,

अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने आगे बताया कि दाउदनगर थाना कांड संख्या -47/23 में केश डायरी की मांग 02. 09. 23 से अभी तक की जा रही है मगर आज तक केस डायरी न्यायालय में उपलब्ध नहीं कराई गई है जो न्यायालय के आदेश का अवहेलना है इसलिए थानाप्रभारी को शोकोज करते हुए कहा गया है कि क्यों न वाद में विलम्ब का दोषी मानते हुए आप पर अर्थदंड लगाया जाए,यह वाद भादंवि धारा -168/420 से सम्बंधित है सुनवाई के अगली तिथि -31/10/23 निर्धारित किया गया है,

खेग्रामस के प्रखंड स्तरीय बैठक हुई

दैनिक समाज जागरण प्रेम कुमार, प्रखंड संवाददाता,हसपुरा

औरंगाबाद(बिहार) --- प्रखंड के घुसरी टोले बरियार बिगहा में खेत ग्रामीण मजदूर सभा हसपुरा का प्रखंड कमिटी के सदस्यों की बैठक सम्पन्न हुआ। जिला सचिव चंद्रमा पासवान के नेतृत्व में हुए बैठक में कई एजेंडों पर चर्चा किया गया।जिलाध्यक्ष अवधेश राजवंशी के उपस्थिति में खेग्रामस का सदस्यता अभियान चलाने के साथ पश्चिम चंपारण के बेतिया में 7 व 8 नवम्बर में आयोजित राज्य सम्मेलन में भाग लेने के लिए कार्यकर्ताओं के जाने की तैयारी पर चर्चा किया गया। जिलाध्यक्ष व सचिव ने कहा कि मजदूर सभा किसानों और मजदूरों की लड़ाई लड़ता है।इस लड़ाई को मजबूत करने के लिए,लिए खेग्रामस को मजबूत करना होगा। ज्यादा से

ज्यादा लोगों को संगठन से जोड़ने के लिए गांव - गांव सदस्यता अभियान चलाने का आह्वान किया। वहीं राज्य सम्मेलन को सफल बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में कार्यकर्ताओं को बेतिया चलने के लिए अभियान चलाने पर बल दिया।इस मौके पर प्रखंड सचिव बिसु साव, प्रखंड अध्यक्ष रामाधार पासवान,माले सचिव दिनेश राम,नवल पासवान,अशोक्या चंद्रवंशी,राजनीती देवी,रुणा देवी रामपुकार राम,वसंत कुमार, जनेश्वर राम, भोला प्रसाद सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

दधपी पंचायत के जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंचे डीएम श्रीकांत शास्त्री

दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर

औरंगाबाद (बिहार)केंद्र सरकार व राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी क्रियान्वयन योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त करने हेतु गोह प्रखंड के दधपी पंचायत अंतर्गत कैथी बेनी गांव के समीप हाई स्कूल के प्रांगण में सोमवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं जिला के सभी आला अधिकारियों के साथ जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डीएम श्रीकांत शास्त्री , अपर समाहर्ता , एडीएम , डीडीसी , एसडीओ , सीडीपीओ , कृषि पदाधिकारी के साथ अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। गोह प्रखंड एवं दधपी पंचायत से आये हुए ग्रामीणों को जिला अपर समाहर्ता ने सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी है। वहीं जनसंवाद को संबोधित करते हुए डीएम श्रीकांत शास्त्री ने लोगों को बताया कि जनसंवाद का मुख्य उद्देश्य प्रशासन और ग्रामीण जनताओं के बीच संवाद कायम कर उनकी समस्याओं को जानना जरूरी है। सरकार द्वारा विगत 15 वर्षों में अनेकों योजनाएं चलाई गई है। जिससे संवाद के माध्यम से जानना है कि यहां सरकार की क्रियान्वित योजनाएं धरातल पर कितनी उतरी है और क्या अभी बाकी है कौन - कौन सी योजनाएं जनता के लिए चलाई जानी चाहिए ताकि उन्हें इसका लाभ भी मिल सके। हम जनता के सुझावों को नोट करेंगे और इसका हरसंभव निष्पादन करने का प्रयास भी करेंगे। उन्होंने सरकार की योजनाओं की उपलब्धियां

को बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री बालिका साइकिल योजना , पोशाक योजना से छात्र-छात्राओं को स्वालंबी बनाया गया है। साथ साथ उनमें आत्मविश्वास भी जगाया गया । सरकार के द्वारा डीबीटी योजना चलाई जा रही है। जिसके माध्यम से पुस्तकों के लिए बच्चों को राशि दी जा रही है। स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के तहत चार लाख का लोन भी दिया जा रहा है।सरकार द्वारा दलित एवं महादलित लोगों के लिए भी योजनाएं चलाई जा रही है ।उसे धरातल पर उतरने के लिए विकास मित्र तथा टोला सेवक तालिमी मरकज की बहाली भी की गई है। सरकार ने उनके मानदेय को दुगना कर उन्हें मजबूत बनाया है, तो वहीं सरकार ने पंचायती राज में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देकर उन्हें सशक्त किया है। यहां उपस्थित जन समुदायों में महिलाओं की उपस्थिति ज्यादा है। यह साबित करता है कि वह आत्मनिर्भर बने हैं ।प्रत्येक जिला में 4 से 5 लाख जीविका दीदीयों को पंचायत में सशक्तिकरण किया जा रहा है ,ताकि छोटी-मोटी समस्याओं के लिए जिला की ओर नहीं देखना पड़े।

सरकार द्वारा सोलर लाइट योजना लागू कर प्रत्येक टोले में विद्युत से अच्छादित किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में 16 घंटा बिजली पर्याप्त मात्रा में दी जा रही है। प्रत्येक खेत में सिंचाई के लिए कृषि फीडर की स्थापना की गई है। पैक्स का चुनाव कर किसानों को उत्पादन के खरीद की व्यवस्था की गई। उर्वरक की कोई समस्या नहीं है, उन्होंने कहा कि शिक्षा एवं स्वास्थ्य सभी के क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन हुआ है। उद्योग विभाग की अनेकों योजनाएं चलाई जा रही है। जिससे कुछ बेरोजगारी की समस्या को दूर किया गया है। पशुपालन के क्षेत्र में भी विकास हुआ है। आपदा प्रबंधन के द्वारा भी लोगों को मदद किया जा रहा है । दाउदनगर एसडीओ मनोज कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि जन संवाद का मूल उद्देश्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को आम जनों तक पहुंचाना है। जानकारी के अभाव में कभी-कभी लोगों को लाभ नहीं मिल पाता है, सरकार की योजनाएं सभी वर्गों को छुती है , योजना से सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है । उन्हें साइबर क्राइम रोकने के लिए हेल्पलाइन 1930 जारी किया गया है । किसी भी व्यक्ति के साथ यह समस्या हो तो 1930 पर डायल कर अपनी समस्या को व्यक्त कर सकते हैं। एसडीपीओ कुमार ऋषि राज ने कहा कि प्रत्येक जिलों में साइबर थाना खोला गया है साथ ही 112 नंबर की गाड़ियां भी चल रही है । किसी भी समस्या उत्पन्न होने पर कॉल कर सकते हैं 3 महीने के बाद प्रत्येक जिलों में गाड़ियों की संख्या और बढ़ाई जाएगी थानों में महिला हेल्प डेस्क खुला है जहां महिलाएं अपनी शिकायत खुलकर कर सकती हैं ,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वारा फेसबुक के माध्यम से आमजनों की समस्याओं को शनिवार से सुनी जाएगी। एडीएम ने राजस्व विभाग की समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि ऑनलाइन जमाबंदी की व्यवस्था की गई है और उसे आधार कार्ड से जोड़ा जा रहा है , ताकि आपकी भूमि को दूसरे व्यक्ति बिक्री न कर पाए , अंचलों में सुचारू ढंग से दखल खारिज किया जा रहा है, सप्ताह में प्रत्येक दिन थानों में जनता दरबार लगाकर भूमि संबंधी समस्याओं का निष्पादन किया जा रहा है। जीविका समूह के द्वारा गरीब दीदीयों को दी जा रही अनेकों प्रकार की सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। आत्मा अध्यक्ष विनय पटेल ने लोगों को तालाब एवं मछली पालन एवं कृषि यंत्र से होने वाले लाभ के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। वहीं ठिठोली समाजिक एवं सांस्कृतिक दर्शन कला जत्था औरंगाबाद के तत्वावधान में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विकास गीत प्रस्तुत कर गायिका श्वेता कुमारी , रंजु कुमारी व टीम लीडर फिरोज अहमद ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।इस कार्यक्रम कि अध्यक्षता व संचालन बीडीओ राजेश कुमार दिनकर ने की। तो वहीं व्यवस्थापक पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि ईश्वर दयाल यादव ने किया। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख खुशबू कुमारी , सीओ मुकेश कुमार, बीपीआरो कौशल किशोर , बीईओ नंदलाल प्रसाद , बीओ अजय कुमार सिंह, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अभिनव चंद्र, सीडीपीओ ओनम , थानाध्यक्ष कमलेश पासवान, एस आई प्रशांत कुमार, बीपीएम राज कपूर , गोह मुखिया प्रतिनिधि राजू वर्मा, शिक्षक अजय आर्य , पंसस मनोज कुमार , पंसस गणेश गुप्ता सहित सैंकड़ों लोग मौजूद थे।

राजनीतिक प्रचार के लिए देश के बहादुर सैनिको का इस्तेमाल नहीं करे मोदी सरकार - कॉंग्रेस

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.

गया (बिहार)-भारत की सेना पूरे देश की सेना है, और हम देशवासियों को गर्व है कि हमारी बहादुर सेना कभी भी देश की आंतरिक राजनीति का हिस्सा नहीं बने. उक्त बातें बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, दामोदर गोस्वामी, श्रावण पासवान, विपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार, प्रद्युम्न दुबे,अभिषेक श्रीवास्तव, उदय शंकर पालित, मोहम्मद समद, अहमद रजा खान, मिथिलेश सिंह, विनोद उपाध्याय, आदि ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहे. उन्होंने आगे कहा कि केंद्र की मोदी सरकार साढ़े नौ साल के दौरान महँगाई,बेरोजगारी और सभी मोर्चे पर विफल रहने के बाद अब भारतीय सेना से अपना राजनीतिक प्रचार करवाने का बेहद गलत प्रयास कर रही है .सेना का राजनीतिकरण करने का यह प्रयास बेहद खतरनाक कदम है.मोदी सरकार ने अपने फ्लैगशिप योजनाओं जैसे नारी सशक्तिकरण, उज्ज्वला, मोदी सरकार , भाजपा, पानी की तरह लाखों करोड़ विज्ञापनों पर खर्च करने के बाद भी प्रचार और. चेहरा चमकाने, देशवासियों को

आत्मनिर्भर और सक्षम भारत को जनता के बीच ले जाने के काम मे अब सैन्य और रक्षा प्रतिष्ठानों को भी शामिल किया जा रहा है। रक्षा मंत्रालय ने थल सेना, वायु सेना, नौसेना के अलावे डीआरडीओ, बी आर ओ को देश के नौ शहरों मे सेल्फी पॉइंट्स बनाने को कहा गया है. यहाँ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फोटो के साथ सेल फी पॉइंट्स बनेंगे जो रेल्वे, बस स्टैंड, मॉल, पर्यटक स्थल पर होगी. नेताओं ने कहा कि गुमराह करने के बाद भी आगामी देश के पांच राज्यों मे हो रही विधानसभा चुनावों तथा 2024 मे होने वाले लोकसभा चुनाव मे अपनी करारी हार को देखते हुए भारतीय सेना को राजनीतिक प्रचार हेतु उपयोग करना न्याय संगत नहीं है. नेताओं ने भारतीय सैन्य बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति अविलंब इस मामले मे हस्तक्षेप कर मोदी सरकार के इस गलत कदम को तुरंत वापस लेने का आदेश दें.

बिहार योगा एसोसिएशन ने प्रतिभागियों को किया सम्मानित

दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड

औरंगाबाद बिहार 16 अक्टूबर 2023 :- बिहार योगा एसोसिएशन द्वारा हर्ष कम्युनिटी हॉल महेंद्रू पटना में दसवें बिहार स्टेट योगा चैंपियनशिप का आयोजन 13 एवं 14 अक्टूबर को किया गया। इसमें बिहार के बीस जिला के 16 से 18 आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। योगा एसोसिएशन औरंगाबाद के जिला सचिव योगेंद्र भूषण मिश्रा

ने बताया कि चैंपियनशिप में शामिल सभी प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। चैंपियनशिप में विजेताओं का चयन करने के लिए दुबारा प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। औरंगाबाद जिला का प्रतिनिधित्व विवेक कुमार ने किया। विवेक कुमार कुटुंबा प्रखंड के गंगहर गांव के निवासी हैं।

प्रखंड समन्वय समिति की बैठक का आयोजन

दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड

औरंगाबाद (बिहार) 16 अक्टूबर 2023 :- प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में सोमवार को प्रखंड समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार ने की। बीडीओ नें उपस्थित पदाधिकारीयों को विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं को ससमय में पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने जन शिकायत के निष्पादन को कार्य योजना में प्राथमिकता देने की बात कही। विभागों की समीक्षा के दौरान बाल विकास परियोजना पदाधिकारी द्वारा प्राधिकृत पर्यवेक्षिका से सेविका एवं सहायिका की सूची मांगी गई। पर्यवेक्षिका ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में कुल 264 आंगनबाड़ी केंद्र है। सेविका-सहायिका की कुल संख्या 227 है। सभी सेविका- सहायिका अभी हड़ताल पर हैं। प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी द्वारा प्रखंड क्षेत्र में पूर्ण कार्यों की सूची मांगी गई। जिस पर उन्होंने सूची उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी से न्यूनतम मजदूरी एवं बाल एवं किशोर श्रम प्रवर्तन अधिनियम 1986 तथा बंधुआ मजदूर उन्मूलन अधिनियम 1976 के तहत अद्यतन विचार विमर्श किया गया। श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी ने बताया कि न्यूनतम मजदूरी के मामले में तीन आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें दो मामले का निष्पादन कर दिया गया है। वहीं 17500 रुपए की राशि भुगतान कराई गई है। बंधुआ मजदूर, बाल एवं किशोर श्रम मामले में सघन छापेमारी की जा रही है परंतु अभी तक कोई मामला प्राप्त नहीं हुआ है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने बताया कि कृषि यंत्र का आवेदन ऑनलाइन लिया जा रहा है। जिसमें तिरपाल, हब्बा-डब्बा, पावर स्प्रे समेत कुल 70 प्रकार के कृषि यंत्र शामिल है। चना, मसूर, गेहूं, सरसों एवं वर्मी- कंपोस्ट बनाने के लिए ऑनलाइन आवेदन लिए जा रहे हैं।

प्रखंड परियोजना पदाधिकारी ने बताया कि पीएमएफएमई योजना के तहत कुल दस सदस्यों को लाभान्वित किया गया है। वहीं पच्चीस नए आवेदन ऑनलाइन एंट्री से प्राप्त हुआ है जिस पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि सतत जीविकोपार्जन योजना के तहत पूरे प्रखंड में अत्यंत गरीब दो सौ साठ दीदी का चयन किया गया है। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार, अंचल अधिकारी अभय कुमार, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी हरेंद्र चौधरी, एमओ अजीत कुमार सिंह, प्रखंड कृषि पदाधिकारी कृष्ण देव चौधरी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ. यदुवंश यादव समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

हिंदुओं का आस्था का केंद्र बना केसपा के तारा मंदिर.

नारी शक्ति की आराधना के दौरान नारियों का मंदिर में प्रवेश निषेध करना गलत परंपरा का संदेश– हिमांशु शेखर.

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.

गया (बिहार)- नवरात्र हिंदुओं का एक प्रमुख पर्व है.आजदेश भर मेंशारदीये नवरात्रे उत्साह एवं भक्ति भाव के साथ प्रांरभ किया गया है.नवरात्र एक संस्कृत शब्द है,जिसका अर्थ होता है," नौ रातें ". इस नौ रातें और 10 दिनों के दौरान, शक्ति की देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है, और एवं दशवें दिन दशहरा का त्यौहार पूरे हर्ष -उल्लास के साथ मनाया जाता है. दशहरा को असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक के रूप में भी मनाया जाता है,इसलिए इस त्यौहार को विजयादशमी भी कहते है.कई स्थानों पर रावण वध का आयोजन किया जाता है। नवरात्रि के दौरन नौ देवियों शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता ,कात्यायनी, महागौरी व सिद्धिदात्री की पूजा -अर्चना किया जाता है. देवी का हर रूप नारी शक्ति का संदेश देता है,इसलिऐ नवरात्रे के दौरान कन्या पूजन का भी विधान है.सभी लोग लड़कियों को अपने घर बुलाते है, उनके पांव पूजे जाते है, उन्हें भोजन कराते है, उपहार देते है, और बदले में उनसे आशीर्वाद प्राप्त करते है.नारी शक्ति के प्रतीक का इससे बड़ा त्योहार पूरी दुनिया में दूसरा कोई नही है, लेकिन यह आश्चर्य का विषय है कि जिस देश मे नवरात्रे जैसा त्योहार मनाया जाता हो,वँहा महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाओं में बढ़ोत्तरी क्यो हो रही है ? जो सच्चे मन से नवरात्रे पूजा करते है, वो कभी भी महिलाओं का अपमान नही कर सकते है.

गांव से लेकर शहरों तक बड़े-बड़े पंडाल बनाए जाते हैं, जिनमें माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित

किया जाता है, जिसे दशहरा के बाद विसर्जित किया जाता है.नवरात्रे हमारे जीवन में प्रकृति का संदेश लेकर आती है.नवरात्रे हमें वर्षा ऋतु के समापन एवं शरद ऋतु के आगमन का संदेश देती है.नवरात्रे के दौरान हमारा शरीर शरद ऋतु को सहने के लायक तैयार हो जाता है.नवरात्रे के प्रकृति संदेशों को समझते हुए हमें उनका अनुसरण करना चाहिए.नवरात्रे के संदेशों को पूरी दुनिया में पहुँचाने की आवश्यकता है.टिकरी प्रखंड से 11 किलोमीटर उत्तर दिशा में अलीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सांसद आदर्श ग्राम केसपा गांव में लोक आस्था का महाकेंद्र माँ तारा देवी मंदिर स्थित है. प्राचीन कल में इसी स्थान पर महर्षि कश्यप का आश्रम था, एवं उन्हीं के नाम पर इस स्थल का नाम कश्यपपुरी कहलाया, जो कालांतर में अपभ्रंश होकर केसपा के नाम से जाना जाता है.मान्यता है कि महर्षि कश्यप ऋषि के द्वारा ही माँ तारा देवी मंदिर का निर्माण कराया गया था,और आज भी उसी पुराना मंदिर में माँ तारा देवी विराजमान है.माँ तारा देवी की उत्पत्ति-जब देवताओं और दानवों ने मिलकर समुद्र मंथन प्रारंभ किया और भगवान कच्छप के एक लाख योजन चौड़ी पीठ पर मन्दराचल पर्वत घूमने लगा,तब सबसे पहले समुद्र मंथन से हलाहल विष निकला.उस विष की ज्वाला से सभी देवता तथा दैत्य जलने लगे, उनकी कान्ति फीकी पड़ने लगी और मूर्क्षित होने लगे थे.इस पर सभी ने मिलकर भगवान शंकर की प्रार्थना किया. उनकी प्रार्थना पर महादेव जी उस विष को हथेली पर रख कर जन कल्याण हेतु पी गये, किन्तु उन्होंने उस विष को कण्ठ से नीचे नहीं उतरने दिया. उस विष के प्रभाव से शिव जी का कण्ठ नीला पड़ गया और वह अर्ध निद्रा में चले गए. भगवान शिव की अवस्था को देखकर पुरे जगत में चारों ओर हाहाकार मच गया , तभी माँ तारा प्रकट हुईं,एवं एक छोटे बालक की तरह महादेव को गोद में उठा लिया.फिर माँ तारा ने महादेव को अपना दूध पिलाया.दूध पीते ही महादेव की अर्ध निद्रा टूट गई और महादेव ने माँ तारा को प्रणाम किया. इस तरह माँ तारा देवी महादेव शिव शंकर की माँ हो गईं,तभी से तीनों लोकों में माँ तारो देवी की पूजा आरंभ हो गई.मंदिर परिसर में एक त्रिभुजाकार विशाल हवन कुण्ड है, जिसमें सालों भर आहुति डाली जाती है. माँ तारा का यह हवनकुंड कभी नहीं भरता। इस हवनकुंड से आज तक कभी राख कभी निकाली गई है. आज के वैज्ञानिक युग में यह हवन कुंड अपने आप में कई अलौकिक रहस्य को छुपाए हुए है.इस मंदिर को शक्तिपीठ के रूप में जाना जाता है.शारदीय व वसन्तीय नवरात्र के दौरान इस मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु माता का दर्शन करने आते है.नवरात्र में माँ तारा देवी की विशेष पूजा अर्चना की जाती है. इस अवसर पर श्रद्धालुओं व भक्तजनों द्वारा देवी के समक्ष घी के दिए जलाते हैं जो नौ दिन तक अनवरत जलता रहता है.ग्रामीण युवा लोग मंदिर की साफ सफाई कर श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए तैयार है.नवरात्र के दौरान प्रतिदिन संध्या वेला में ग्रामीण कलाकार डॉ सुबोध कुमार एवं उनकी उनके सहयोगियों द्वारा भजन कीर्तन का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है,एवं अष्टमी की रात्रि में मंदिर प्रांगण में विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है. इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रदेश स्तर के कलाकार एवं नेतागण भाग लेते है.प्राचीन काल में इस मंदिर में बलि प्रथा की परंपरा थी, लेकिन महान यात्राकार वह धर्मज्ञाता राहुल संस्कृत्यान एवं धर्म ज्ञात वीर रामचंद्र के आह्वान पर ग्रामीण पारस सिंह व प्रयाग नारायण सिंह ने अन्य ग्रामीणों के मदद से इस मंदिर में बलि प्रथा का अंत कराया.सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने मीडिया द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए कहा कि आज भी इस मंदिर में एक अलग परंपरा कायम है, नवरात्र के प्रथम दिन से अष्टमी तक मंदिर के गर्भगृह में महिलाओं का प्रवेश वर्जित है. हिमांशु शेखर ने आगे कहा कि किसी भी धार्मिक स्थल पर लिंग और जाति के आधार पर भेदभाव करना एक अपराध है.नारी शक्ति की आराधना के दौरान नारियों का प्रवेश निषेध करना एक गलत परंपरा है.

भाजपा कार्यकर्ता के धर्म पत्नी की आकस्मिक निधन पर शोक सभा।

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.

गया(बिहार):- भारतीय जनता पार्टी टिकारी दक्षिणी मंडल के आमंत्रित सदस्य सह पुराने भाजपा कार्यकर्ता सिद्धेश्वर सिंह उर्फ गांधी जी की धर्मपत्नी कमला देवी की आकस्मिक निधन की खबर मिलते ही भाजपा के मंडल पदाधिकारीयो उनके घर ग्राम बाजितपुर खुर्द जाकर पीड़ित परिजनों से मुलाकात किया. एवं आत्मा की शांति प्रदान करने तथा

परिजनों को शक्ति, धैर्य ,साहस देने की कामना ईश्वर से किया.

मालूम हो की गांधी जी पूर्णकालिक भाजपा के सदस्य में एक थे .उनके पत्नी कमला देवी एक धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थी.इस मौके पर शोकाकुल परिवार से मिलने वाले भाजपा पदाधिकारी में मंडल महामंत्री शिवबल्लभ मिश्र, मत्तसवजीवी प्रकोष्ठ के मंडल सयोजक सह नोनी पंचायत के उपमुखिया प्रतिनिधि छोटन केवट, शक्ति केंद्र नोनी के प्रमुख सतीश ठाकुर, परिजन में सिद्धेश्वर सिंह उर्फ गांधी जी, दीपक कुमार, गोपाल सिंह आदि लोगों का नाम शामिल है.

मारपीट के मामले में प्राथमिकी दर्ज

दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर

औरंगाबाद (बिहार)उपहारा थाना क्षेत्र के बसावनपुर गांव निवासी सर्जून पासवान ने मारपीट के मामले में प्राथमिकी दर्ज कराया है। बताया जाता है कि सर्जून पासवान अपनी पत्नी को झाड़-फूंक कराने 14 अक्टूबर की रात पास के एक गांव में गया था जहां पहले से सुनसान रास्ते में मौजूद कुछ लोगों द्वारा सर्जून व उसकी पत्नी के साथ मारपीट किया गया। थानाध्यक्ष किरण कुमारी ने बताया कि मामले कांड संख्या 86/23 दर्ज किया गया है जिसमें सहरसा गांव निवासी चिंटू रविदास व उसके दोनों भाई के साथ उदय साव एवं चार-पांच अज्ञात लोगों ने मारपीट कर दिया। मारपीट में दोनों पति-पत्नी घायल हो गए।

सीमावर्ती थाना की पुलिस ने की बैठक

दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड

औरंगाबाद (बिहार) 16 अक्टूबर 2023 :- अवैध शराब एवं तस्करों पर नकेल कसने के उद्देश्य से बिहार एवं झारखंड राज्य के सीमावर्ती थाना की

पुलिस ने सोमवार को अंबा थाना परिसर में बैठक की। बैठक में औरंगाबाद सदर एसडीपीओ अमानतुल्लाह खान, नवीनगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय, टंडवा थानाध्यक्ष मनोज कुमार तिवारी, कुटुंबा थानाध्यक्ष बलवंत सिंह, हरिहरगंज थानाध्यक्ष हरिहर दास, अंबा थानाध्यक्ष रमेश कुमार सिंह तथा ढ़ीबरा थानाध्यक्ष पवन कुमार उपस्थित हुए। इस दौरान उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्र में नाकेबंदी, शराब तस्करों के विरुद्ध सघन छापेमारी एवं वाहन जांच अभियान चलाया जाएगा।

दुर्गा पूजा के दौरान शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर जिला पदाधिकारी ने दुर्गा पूजा समितियां एवं अनुमंडल पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारीयों के साथ किया संयुक्त बैठक.

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.

गया (बिहार)- हिंदुओं का महापर्व दुर्गा पूजा में शांति व्यवस्था बनाए रखने की उद्देश्य से जिला पदाधिकारी गया ने दुर्गा पूजा समितियो एवं अनुमंडल पदाधिकारीतथा संबंधित पदाधिकारीयो के साथ संयुक्त रूप से बैठक किया. जिला पदाधिकारी ने कहा कि दुर्गा पूजा त्योहार के ध्यान में रखते हुए जिले में विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था और आपसी भाई चारे के साथ पर्व पूरे खुशी माहौल में संपन्न हो, इसके लेकर जिला पदाधिकारी, गया डॉ० त्यागराजन एसएम एवं वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती की अध्यक्षता में जिला स्तर के पूजा आयोजन समितियों, शांति समिति के सदस्यों एवं गणमान्य व्यक्ति के साथ बैठक करते हुए कई आवश्यक सुझाव लिए गए हैं.प्रशासन द्वारा कई आवश्यक निर्देश सभी आयोजकों और शांति समिति के सदस्यों को दिए गए हैं.जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी शांति समिति के सदस्य एवं आयोजक मूर्ति विसर्जन के दौरान अपने अपने क्षेत्र में स्वयं उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगे.गया शहरी क्षेत्र से लगभग 100 से 110 मूर्तियां स्थापित किया जा रहा है। जिला पदाधिकारी ने सभी थाना अध्यक्ष और अनुमंडल पदाधिकारी सदर को निर्देश दिया कि कौन से क्षेत्र से कितने बजे एवं किस तिथि में एवं किस रूट से मूर्ति का विसर्जन किया जाएगा, संबंधित पूरी विवरण थाना बार तैयार रखें जिससे विसर्जन के समय कोई समस्या ना हो. सभी पूजा पंडाल के आयोजक को निर्देश दिया कि अपने-अपने पूजा पंडाल को पूरी मजबूती के साथ बनावे इसके साथ पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम, सीसीटीवी कैमरा, पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था, यदि किसी परिस्थिति में आग लगने पर आग से बचाव हेतु व्यापक व्यवस्था अनिवार्य रूप से रखे इत्यादि अनिवार्य रूप से रखें. इसके साथ भी भीड़ नियंत्रण की पूरी पुख्ता इंतजाम करवाने को कहा गया है. पर्याप्त वोलिएंटर्स भी रखने को कहा है. दुखरनी मंदिर के समीप पांच एक साथ बैठने वाले आयोजकों के साथ बैठक करते हुए जिम्मेदारी तय करते हुए कहा कि दुखरनी मंदिर के समीप मूर्तियों का विसर्जन समय सीमा के अंदर करें इसके साथ ही संवेदनशील क्षेत्र में मूर्तियों को देर तक रखते हुए अनावश्यक नाराबाजी ना करें.प्रशासन की ओर से दुख हरनी मंदिर के समीप व्यापक प्रकाश की व्यवस्था रखी जाएगी. जगह-जगह पर बैरिकेडिंग की भी व्यवस्था रखी गई है.एक स्थान पर बिना कारण प्रतिमा को रोकते हुए जाम का रूप देना भीड़ एकत्रित करवाना इत्यादि पर विशेष नजर रखते हुए भीड़ को लगातार रेगुलेट करते रहे.सभी आयोजन समिति अपनी अपनी जिम्मेदारियों का पूरी तरह से पालन करावे.जिला पदाधिकारी ने नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि दुखरनी मंदिर के समीप पर्याप्त सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करावे.जिला पदाधिकारी ने सभी आयोजन समितियों को सख्त हिदायत दिया कि बिना लाइसेंस की एक भी मूर्ति नहीं बैठाया जाएंगे. लाइसेंस लेने के दौरान आयोजक के साथ-साथ 10 आयोजन समिति के सदस्यों का नाम भी अनिवार्य रूप से देना सुनिश्चित करें.

पूर्व के सभी पर्व त्यौहार काफी अच्छे शांति माहौल में संपन्न हुए हैं. आगामी दुर्गा पूजा भी उसी शांति माहौल में गुजरे इसे सभी शांति समिति के सदस्य सुनिश्चित करावे. सभी पूजा समिति अपने लाइसेंस को अपने पंडाल में हर हाल में प्रदर्शित करवाये. पंडालों में विधिवत बिजली का कनेक्शन ले, ताकि लूज वायर या सॉर्ट सर्किट की कोई समस्या नही हो सके. पर्व के अवसर पर ट्रैफिक व्यवस्था पूरा पुख्ता रखे, जिससे लोगो को जाम की समस्याओं से झूझना न पड़े। सभी पूजा समिति को कहा कि हर हाल में 25 अक्टूबर तक सभी प्रतिमाओं का विसर्जन करवा लें.इस पीसी को संबोधित करते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती ने कहा कि दुर्गा पूजा श्रद्धा आस्था का पर्व है उसे उसी आस्था एवं श्रद्धा के साथ मनाएं. किसी भी स्थिति में हुरदंगबाजी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. पर्व को देखते हुए पेट्रोलिंग की ओर सख्त व्यवस्था रखी गई है ताकि कहीं भी कोई छोटी एक छोटी घटना भी ना हो सके.मूर्ति विसर्जन के दौरान किसी भी हाल में हथियार प्रदर्शन पर पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके साथ ही डीजे भी पूरी तरह बंद रखा गया है. सोशल मीडिया पर पूरी नजर रखी जा रही है. साइबर सेल गठन करते हुए 24 घंटे एक्टिवेट मोड में रखा गया है. यदि किसी व्हाट्सएप ग्रुप फेसबुक इत्यादि सोशल साइट पर आपत्तिजनक फोटो या वीडियो या वैसे कुछ खबर जो किसी संप्रदायिक भावना को ठेस पहुंचे उस स्थिति में ग्रुप एडमिन पर भी कार्रवाई की जाएगी. किसी भी हाल में धार्मिक भावना आपसी भाईचारा को ठेस ना पहुंचे इसे ध्यान में रखें. अपने-अपने पूजा पंडालों के समीप भीड़ नियंत्रण हेतु समुचित व्यवस्था अनिवार्य रूप से सभी आयोजक रखें। सभी पूजा पंडाल में दर्शकों के एंट्री एवं एग्जिट प्वाइंट का पर्याप्त व्यवस्था रखें.पूरी धार्मिक माहौल में धार्मिक गाना का ही प्रयोग करें आपत्तिजनक कोई भी बातें, नारे या गाना को नहीं बजावे.इस बैठक में नगर आयुक्त, नगर पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, अपर समाहर्ता, जिला परिषद अध्यक्ष, सहित सम्मानित शांति समिति के सदस्यगण, जिला स्तरीय पदाधिकारी गण, पुलिस पदाधिकारी गण, विभिन्न थानों के थाना प्रभारी उपस्थित थे.

कम उम्र में लड़कियों का विवाह परिवार व समाज के लिए घातक - जन निर्माण केंद्र।

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में अभिवावकों और बच्चों को दिलाया गया शपथ ।

दैनिक समाज जागरण
संवाददाता, ठाकुरगंज
(किशनगंज)

कैलाश सत्यार्थी के चिल्ड्रेन फाउंडेशन की सहयोगी संस्था जन निर्माण केंद द्वारा विभिन्न सरकारी व गैर-सरकारी विद्यालयों में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस क्रम में इस संस्था द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोथरा में नुक्कड़ नाटक के द्वारा बच्चों और उनके अभिभावकों को बाल विवाह कुरीति के विरुद्ध जागरूक किया गया। सभी उपस्थित बच्चों व उनके अभिभावकों सहित विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं को बाल विवाह के विरुद्ध सजग व सतर्क रहने सम्बंधित शपथ दिलाया गया। मो सोहराब आलम, स्वयंसेवक ने बताया कि कैलाश सत्यार्थी के चिल्ड्रेन फाउंडेशन द्वारा सम्पूर्ण भारत में 16 अक्टूबर 2023 को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान दिवस मनाया जा रहा है। इस फाउंडेशन द्वारा बाल मित्र ग्राम मॉडल को अपनाया गया है। इस मौके पर चन्द्रशेखर, तपेश वर्मा, राजेश कुमार, कन्हैया लाल शर्मा, रिजवी सजेदा बेगम, शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ-साथ साजेदा नाज, स्वयं सेवी, तालिमी मरकज और शहजादी बेगम,आंगनबाड़ी सेविका ने अपने-अपने सम्बोधन के क्रम में बताया कि बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन करता है और उन्हें हिंसा, शोषण और दुर्व्यवहार के उच्च जोखिम में डालता है। भारत में दुनिया में बाल वधुओं की सबसे बड़ी संख्या है - वैश्विक कुल का एक तिहाई। बाल विवाह भारतीय अर्थव्यवस्था पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है और गरीबी के अंतर-पीढ़ीगत चक्र को जन्म देता है। बचपन में विवाहित लड़कियों और लड़कों में अपने परिवारों को गरीबी से बाहर निकालने और अपने देश के सामाजिक और आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए आवश्यक कौशल, ज्ञान और नौकरी की संभावनाओं की कमी होने की संभावना अधिक होती है। बच्चे पैदा

करने के लिए शारीरिक रूप से परिपक्व होने से पहले बाल वधुओं के गर्भवती होने की संभावना अधिक होती है, जिससे मातृ और नवजात शिशु दोनों की मृत्यु और रुग्णता का खतरा बढ़ जाता है। जिन बच्चों की शादी हो चुकी है, वे एचआईवी सहित यौन संचारित संक्रमण (एसटीआई) के प्रति भी संवेदनशील होते हैं। क्या है बाल मित्र ग्राम मॉडल :- बाल शोषण को रोकने के लिए एक अभिनव और परिवर्तनकारी जमीनी स्तर का समाधान, बाल मित्र ग्राम (बीएमजी टु) मॉडल, जो बच्चों को अपने अधिकारों की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक कार्रवाई करने के लिए सशक्त बनाता है, और माता-पिता और अन्य हितधारकों को बच्चों के अधिकारों के लिए खड़े होने और निर्माण करने में सक्षम बनाता है। सुरक्षात्मक समुदाय, देश के कुछ सबसे अधिक जोखिम वाले क्षेत्रों में बाल विवाह की रिपोर्ट करने और उसे रोकने के लिए अपने बाल नेताओं के माध्यम से जमीन पर काम कर रहा है। इस प्रकार "बीएमजी" शिक्षा को बढ़ावा देने और बाल विवाह, बाल तस्करी, बाल श्रम और बाल यौन शोषण को रोकने के लिए बच्चों के चारों ओर एक सुरक्षा जाल बनाता है। कौन हैं कैलाश सत्यार्थी :- कैलाश सत्यार्थी एक भारतीय बाल अधिकार कार्यकर्ता और बाल-श्रम के विरुद्ध पक्षधर हैं। उन्होंने 1980 में "बचपन बचाओ आन्दोलन" की स्थापना की जिसके बाद से वे विश्व भर के 144 देशों के 83000 से अधिक बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए कार्य कर चुके हैं। सत्यार्थी के कार्यों के कारण ही वर्ष 1999 में अंतरराष्ट्रीय श्रम संघ द्वारा बाल श्रम की निकृष्टतम श्रेणियों पर संधि सं॰ 182 को अंगीकृत किया गया, जो अब दुनियाभर की सरकारों के लिए इस क्षेत्र में एक प्रमुख मार्गनिर्देशक है। उनके कार्यों को विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मानों व पुरस्कारों द्वारा सम्मानित किया गया है। इन पुरस्कारों में वर्ष 2014 का नोबेल शान्ति पुरस्कार भी शामिल है जो उन्हें पाकिस्तान की नारी शिक्षा कार्यकर्ता मलाला युसुफजई के साथ सम्मिलित रूप से प्रदान किया गया है।

ग्लोबल हैंड वाशिंग डे : बीमारियों से बचना है तो रखें हाथों की साफ-सफाई

राहुल, दैनिक समाज जागरण
किशनगंज

अगर बीमारियों से बचना है तो अपने हाथों को साफ रखने की आदत डालें। ऐसी आदत आपको कई गंभीर बीमारियों से बचाएगी। हाथों की सफाई ठीक से नहीं होने पर इसमें मौजूद हजारों बैक्टीरिया आंख, कान, नाक और मुंह सहित अन्य माध्यमों से हमारे शरीर में दाखिल हो जाता है। जो बाद में कई बीमारियों का कारण बन जाता है। बीमारियों से बचाव हाथ धोने की उचित आदतों के प्रति जन जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से हर साल 15 अक्टूबर को ग्लोबल हैंड वाशिंग डे के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर सोमवार को जिले के सदर अस्पताल सहित सभी स्वास्थ्य संस्थानों में हाथों की साफ.सफाई पर केंद्रित विशेष तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया। इसमें जिला गुणवत्ता सलाहकार डॉ विद्या,सदर अस्पताल लेबर रूम इंचार्ज शिप्रा एवं पिरामल स्वास्थ्य के अश्विन पटेल एवं स्वास्थ्यकर्मी ने भाग लिया।

हाथों की सफाई से विभिन्न बीमारियों से बचाव संभव ग्लोबल हैंड वाशिंग डे के बारे में बताते हुए सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया कि हाथों की सफाई किसी तरह के संक्रमण से बचाव का महत्वपूर्ण जरिया है। कोरोना संक्रमण के खतरों से बचाव में हाथों की सफाई बेहद कारगर साबित हुई है। हाथ शरीर का वो अंग है जिसकी मदद से हम अपने सभी जरूरी काम निपटाते। हानिकारक बैक्टीरिया हमारे आसपास हर जगह मौजूद होते हैं। जो इतने सूक्ष्म होते हैं कि हमें दिखाई नहीं देते। इसके संपर्क में आने से हानिकारक बैक्टीरिया हमारे हाथों के जरिये शरीर के अंदर प्रवेश करते और हमें बीमार करते हैं। हाथों को साफ रखकर विभिन्न बीमारियों से

बचाव हैंड वाशिंग डे का मुख्य उद्देश्य है।

बच्चों को हाथों की सफाई के प्रति सही जानकारी होना जरूरी -

सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ अनवर आलम ने बताया कि बच्चों के मामले में हाथों की सफाई विशेषकर महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पांच साल से कम उम्र के बच्चों की होने वाली मौत के मामले में 14 फीसदी मौत डायरिया संबंधी रोगों से होती है। गंदे हाथों से मुंह में या नाक, कान आदि स्थानों को छूना डायरिया के बड़े कारणों में से एक है। इसलिये बच्चों को हाथों की सफाई के प्रति सही जानकारी देना जरूरी है। खाना खाने से पहले, शौच के बाद, आंख, नाक व कान सहित शरीर के किस अन्य अंग को छूने से पहले हाथों की सफाई जरूरी है। डीआईओ ने कहा कि सुमन विधि हाथों की सफाई का आसान व सर्वात्तम तरीका है।

सुमन.के विधि से करें हाथों की सफाई -

हाथों की सफाई के विशेष तकनीक सुमन के बारे में जानकारी देते हुए डॉ विद्या ने बताया कि सुमन.के विधि से 40 से 60 सेकेंड तक हाथों को अच्छे तरीके से साफ करना होता है। इसमें एस यानि सीधा यू यानि उल्टा, एम यानि मुट्ठी, ए यानि अंगूठा, एन यानि नाखून व के हाथ की कलाई की सफाई को दशार्ता है। इस विधि में सबसे पहले कलाई, फिर हाथ की उलटी तरफ, फिर मुट्ठी, उसके बाद अंगूठा, फिर नाखून और अंत में फिर कलाई को साफ करना होता है। उन्होंने बताया कि सदर अस्पताल एवं सभी स्वास्थ्य संस्थानों में हाथों की सफाई पर आधारित विशेष सत्र के दौरान स्थानीय लोगों को इससे जुड़ा प्रशिक्षण दिया गया है। साथ ही उन्हें घरों के आसपास को स्वच्छ व सुंदर बनाये रखने के लिये प्रेरित किया गया।

स्कूली शतरंज के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

राहुल, दैनिक समाज जागरण
किशनगंज

पिछले कई दिनों से जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में बालू बस्ती तेघरिया अवस्थित ओरिएंटल पब्लिक स्कूल में चल रहे स्कूली वार्षिक शतरंज प्रतियोगिता का समापन शनिवार को हो गया। इस प्रतियोगिता के शीर्ष विजेताओं को विद्यालय द्वारा सोमवार को मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।

पुरस्कार प्रापकों में प्रथम स्थानधारियों के साथ-साथ द्वितीय स्थानधारियों यथा प्रियेश कुमार ठाकुर, मयंक राज, सोफिया हयात, कृष्णा राय, दीपिका कुमारी, सुंदर कुमार, पूर्णिमा कुमारी, शिवम कुमार, समायरा नाज ,मोही कुमार, निदा शादी,नितेश दास ,सिम्मी फातिमा, समीउल्लाह, रितिका गुप्ता ,मोहम्मद फैजान हुसैन, अफीफा नाज, मोहम्मद दिलशाद एवं कोमल कुमारी पुरस्कृत किए गए। वहीं तीसरे स्थानधारियों यथा ऋषि दीप गुरुम, आदित्य कुमार, आराध्या

कुमारी, जीत प्रमाणिक, सृष्टि कुमारी, मिसगन रेजा, मीनाक्षी कुमारी, जीत दास, सोनाली सरकार, प्रिंस राज भारती, तराना शमी ,सोहम कुमार चौधरी, अनिया फातिमा, शारिक अनवर, तनुप्रिया ,मोहम्मद मुंतज़िर आलम, सैना नाज, मोहम्मद फरहान अख्तर एवं नूरेन सहर भी पुरस्कृत हुए।

प्रतियोगिता के शीर्ष विजेताओं को विद्यालय के निदेशक सरयू मिश्रा, प्रधानाध्यापक हिमांशु कुमार सिन्हा, उप प्रधानाध्यापक श्रीमती अनामिका कुमारी साहा, पीआरओ आलोक कुमार, शिक्षक देवनाथ झा, जिला शतरंज संघ के महासचिव शंकर नारायण दत्ता, वरीय संयुक्त सचिव कमल कर्मकार के साथ-साथ संघ के अन्य पदाधिकारीगण यथा मुकेश कुमार, रोहन कुमार, रुद्र तिवारी, मोहम्मद अमानुल्लाह एवं अन्य ने संयुक्त रूप से पुरस्कृत किया।

कालाजार से बचाव को लेकर प्रभावित तीन प्रखंडों में दवा का छिड़काव जारी

राहुल, दैनिक समाज जागरण
किशनगंज

जिले के कालाजार प्रभावित इलाकों में दवा का छिड़काव जारी है। जिले से कालाजार जैसी बीमारी को पूर्ण रूप से मिटाने के लिए कीटनाशक सिन्थेटिक पैराथाइराइड के छिड़काव का अभियान अब पूर्ण होने को है । जिलो वेक्टर बॉर्न पदाधिकारी डॉ मंजर आलमे ने बताया बीते अगस्त माह से जारी छिड़काव अभियान के क्रम जिले के सात प्रखंडों में से 03 प्रखंडों बहादुरगंज , पोठिया एवं ठाकुरगंजे में छिड़काव अभियान पूर्ण हो चुका है। वहीं कोचाधामन , तेधागाछ एवं दिघल्बेंक प्रखंड में आगामी 04 दिनों में अभियान पूर्ण हो जायेगा । गौरतलब है कि वर्ष 2020 से लेकर जून 2023 तक प्रतिवेदित मरीजों की संख्या के आधार पर छिड़काव के लिये राजस्व गांव का चयन किया गया है। छिड़काव अभियान के क्रम में कालाजार के संभावित मरीजों को चिह्नित करने के साथ-साथ कालाजार से बचाव को लेकर आम लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

जिले में कालाजार के मामलों में आयी है कमी -

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ अजय कुमार सिंह ने बताया कि जिले में कालाजार लगभग खत्म होने की स्थिति में है। कालाजार बालू मक्खी की वजह से होता है। जिले में बालू मक्खी का प्रकोप बेहद सीमित हो चुका है। बावजूद इसके एहतियातन दवा का छिड़काव जारी है। छिड़काव अभियान के क्रम में कालाजार प्रभावित चिह्नित इलाकों में बालू मक्खी पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर सिंथेटिक पैराथायराइड दवा का छिड़काव किया जा रहा है। संभावित मरीजों को चिह्नित करने का कार्य भी साथ-साथ संचालित किया जा रहा है। जिले से कालाजार जैसी बीमारी को खत्म करने के उद्देश्य से छिड़काव को लेकर जिले के 06 प्रखंडों का चयन किया गया था । उन्होंने बताया कि सिंथेटिक पैराथाइराइडे छिड़काव के लिए 14 टीम को लगाया गया था । जिसमें एक टीम में 6 सदस्यों को शामिल करे 6 प्रखंडों के 28 आक्रांत राजस्व गांवों में` 2,58 ,290 जनसंख्या वाले 51,496 घरों के 124,503 कमरे में सिंथेटिक पैराथाइराइडे कीटनाशक दवा का छिड़काव किये जाने का लक्ष्य था । उन्होंने बताया कि 15 दिन से अधिक समय तक बुखार रहना कालाजार के लक्षण हो सकते हैं। भूख की कमी, पेट का आकार बड़ा होना, शरीर का काला पड़ना रोग संबंधी लक्षणों में शुमार है। जिले के सभी पीएचसी में कालाजार की जांच व उपचार का पर्याप्त इंतजाम उपलब्ध है। सरकारी अस्पताल में इलाज कराने पर मरीजों को श्रम क्षतिपूर्ति राशि के रूप में सरकार द्वारा 7100 सौ रुपये व पीकेडीएल मरीजों को पूर्ण उपचार के बाद सरकार द्वारा 4000 रुपये श्रम क्षतिपूर्ति राशि के रूप में उपलब्ध कराने का प्रावधान है।

बालू मक्खी को जड़ से समाप्त करने को लेकर कराया जाता है छिड़काव:

सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोरे ने बतायो जिले में कालाजार के मामले लगातार कम हो रहे हैं। वर्ष 2022 में जिले में 17 वीएल व पीकेडीएल के 05 मरीज मिले थे। वहीं वर्ष 2023 में अब तक वीएल के 05 व पीकेडीएल के 01 मरीज मिले हैं। उन्होंने ने बताया कि बालू मक्खी के काटने से कालाजार बीमारी फैलती है। एसपी पाउडर के छिड़काव से ही बालू मक्खी के प्रभाव को पूर्ण रूप से खत्म किया जा सकता है। जिसको लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार छिड़काव किया जाता है। ताकि बालू मक्खी को जड़ से समाप्त किया जा सके। कालाजार के लक्षण मिलने के साथ ही नजदीकी सरकारी अस्पतालों में जांच करानी चाहिए। उसके बाद ही विशेषज्ञ चिकित्सकों की सलाह के अनुसार इलाज कराएं। सरकारी अस्पतालों में जांच एवं इलाज की मुफ्त व समुचित व्यवस्था उपलब्ध है। साथ ही इस बीमारी से बचने के लिए जमीन पर नहीं सोएं। मच्छरदानी का प्रयोग नियमित रूप से करना चाहिए।

नक्सलबाड़ी बाजार में रविवार रात दस बजे भीषण आग में 40 से अधिक दुकानें जलकर खाक।

रंजीत कुमार पोद्दार : समाज
जागरण : संवाददाता

नक्सलबाड़ी : नक्सलबाड़ी में रविवार करीब दस बजे रात भीषण आग में 40 से अधिक दुकानें जलकर खाक हो गईं कई और दुकानें क्षतिग्रस्त हो गईं। अनुमान है की नक्सलबाड़ी बाजार में एक जूते की दुकान में सॉर्टसर्किट से आग लग गयी। इसके बाद बाजार में जूते, सौंदर्य प्रसाधन, कपड़े समेत कई दुकानें जलकर खाक हो गईं। नक्सलबाड़ी की आग पर काबू पाने के लिए नक्सलबाड़ी, माटीगाड़ा और सिलीगुड़ी से कुल 12 दमकल द्वारा अथक प्रयास से 4 घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। पूजा के दौरान इस भीषण अग्निकांड से प्रभावित व्यवसायी के सामने बहुत बड़ी संकट खड़ा हो गया। प्रभावित व्यवसायियों ने पूरे घटनाक्रम में सरकार से सहयोग की मांग की है। आग लगने की सूचना पाकर सिलीगुड़ी महकमा

परिषद के सभाधिपति अरुण घोष मौके पर पहुंचे। सभाधिपति ने घटना को अत्यंत दुखद बताया। उन्होंने कहा कि सिलीगुड़ी महकमा परिषद की ओर से वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के अलावा जिला शासक और राज्य सरकार को भी इस मामले से अवगत करा दिया गया है। व्यवसायियों ने बताया कि करीब छह करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। उधर, सिलीगुड़ी के मेयर गौतम देव ने सोमवार को घटनास्थल का दौरा किया। पीड़ित व्यवसायियों से मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी मुख्यमंत्री को दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि बातचीत के बाद पीड़ितों को हरसंभव सहयोग दिया जायेगा। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष अरुण मंडल, पूर्व विधायक शंकर मालाकार और तृणमूल जिला अध्यक्ष पापिया घोष ने भी घटनास्थल का दौरा किया।

जिले के सभी पंचायत एवं वार्ड में पेंशन दिवस का हुआ आयोजन

राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज

जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला किशनगंज के निदेशानुसार किशनगंज जिलान्तर्गत सभी पंचायत एवं वार्ड में सोमवार को पेंशन दिवस का आयोजन

किया गया. इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत पेंशनधारियों यथा, कुष्ठ रोगी, विधवा, वृद्धजन , दिव्यआंगजनों के समस्याओं का निदान एवं अन्य योजनाओं के जानकारी का आदान प्रदान करना था. जिसमें पंचायत के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों ने अपनी समस्याओं को निदान हेतु पर चढ़कर हिस्सा लिया. इस अवसर पर मो मिन्हाजुद्दीन, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग, किशनगंज ने हालामाला पंचायत भवन मे आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया. साथ में पंचायत सचिव, पंचायत कार्यपालक सहायक, विकास मित्र एवं सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत कार्यरत कार्यपालक सहायक भी मौजूद थे. कार्यक्रम में उपस्थित पेंशनधारियों में से 32 पेंशनधारियों की समस्या का निष्पादन किया गया साथ ही सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में की वृद्धजनों विधवा एवं दिव्यांगजनों को जानकारी प्रदान की गई. पेंशन दिवस का आयोजन प्रत्येक वित्तीय वर्ष के माह-अप्रैल, जुलाई, अक्टूबर एवं जनवरी माह के तीसरे सोमवार को पंचायत एवं वार्डों में किया जायेगा.

वाहन चेकिंग के दौरान गाँजा के साथ एक तस्कर को किया गया गिरफ्तार

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

कोचाधामन पुलिस टीम के द्वारा वाहन चेंकिग किया जा रहा था। इसी क्रम में बहादुरगंज की ओर से आने वाली एक यात्री बस में चेकिंग के दौरान एक

यात्री के काले रंग का पिठु बैग को चेक किया गया तो पीले रंग के सेल्लो टेप से लपेटा हुआ गांजा जैसा मादक पदार्थ उनके बैग में पाया गया। तत्पश्चात उनका नाम पता पूछने पर अपना नाम बबलू कुमार उम्र करीब 23 वर्ष, पिता भुवनेश्वर यादव ग्राम-चाम्पापुर, थाना-नवहट्टा, जिला सहरसा बताया। बरामद गाँजा को वजन किया गया तो 07.010 कि०ग्रा० (सात किलो दस ग्राम) पाया गया, जिसे विधिवत जप्ती सूची बनाकर जप्त किया गया तथा पकड़ाये तस्कर को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। इस संबंध में कोचाधामन थाना कांड सं0-244 / 23 एन.डी.पी.एस. एक्ट के अन्तर्गत दर्ज करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

हावड़ा-एनजेपी वंदे भारत ट्रेन तकनीकी खराबी के कारण रद्द, यात्रियों ने किया क्षोभ प्रकट

उत्तम सिंहः संवाददाताःदैनिक समाज जागरणःब्यूरो चीफ (दार्जिलिंग):

वंदे भारत एक्सप्रेस एक बार फिर तकनीकी खराबी के कारण रद्द कर दी गई है। जिससे यात्रियों को परेशानी हुई है। उन्होंने एनजेपी स्टेशन पर उतर कर क्षोभ प्रकट किया। वंदे भारत एक्सप्रेस आज तड़के हावड़ा स्टेशन से एनजेपी स्टेशन के लिए रवाना होने वाली थी। लेकिन, यांत्रिक खराबी के कारण वंदे

भारत एक्सप्रेस को रद्द कर दिया गया। स्टेशन पर ट्रेन रद्द होने की खबर सुनकर यात्री नाराज हो गए। अंत में यात्रियों को युवा एक्सप्रेस द्वारा भेजा गया। आज दोपहर करीब 2 बजे युवा एक्सप्रेस एनजेपी स्टेशन पहुंची।

यात्रियों ने ट्रेन से उतरकर अपना गुस्सा जाहिर किया। यात्रियों का आरोप है कि ट्रेन में भोजन सेवा ठीक नहीं थी। उनमें से कई लोगों ने यह कहते हुए टिकट बुक कराया था कि वे पहली बार भारत आएंगे। इस वजह से यात्रियों का मन खराब हो गया। यह भी शिकायत की कि ट्रेन देर से आई। दूसरी ओर, एनजेपी से हावड़ा जाने वाले यात्री जब स्टेशन पहुंचे तो ट्रेन के इस बदलाव को देखकर हैरान रह गए। उन्होंने शिकायत की कि ट्रेन बदलने के कारण उन्हें कमरा ढूंढने में दिक्कत हुई। रेलवे की ओर से कोई सहयोग नहीं मिला।

पूर्णिया: कसबा थानाक्षेत्र में कटिहार के डकैती गैंग के 13 कुख्यात अपराधकर्मी गिरफ्तार

पियुष रंजन सिंह समाज जागरण विशेष
संवाददाता पूर्णियां प्रमंडल

रविवार की रात करीब 10:30 बजे रात्रि गश्ती के क्रम में पूर्णियां पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि कस्बा थाना क्षेत्र के मदरसा चौक स्थित नेशनल हाईवे 57 के पूर्वी लेन पर स्थित ज्योति लीला होटल के सामने दो पिकअप वाहन से आए कुछ अपराधकर्मी किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक,पूर्णियां आमिर जावेद के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर पुष्कर कुमार के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया,जिसमें सदस्य के रूप में थानाध्यक्ष कसबा अमित कुमार, थानाध्यक्ष सदर मनोज कुमार एवं अन्य पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया।गठित पुलिस टीम के द्वारा छापेमारी करते हुए तेरह अपराधकर्मियों को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के क्रम में उन लोगों के द्वारा बताया गया कि वे लोग एक संगठित गिरोह के रूप में काम करते हैं,जिसके तहत मक्का गोदाम, विद्युत ट्रांसफार्मर,ट्रांसफार्मर का तेल,बंद पड़े घरों में ताला तोड़कर चोरी करना एवं डकैती करना तथा घर के गेट का ताला काट कर मोटरसाइकिल चोरी करने का काम करते हैं।रविवार को भी यह सभी अपराधकर्मी तीनपनिया ग्राम स्थित एक गोदाम में चोरी करने के नियत से एकत्रित हुए थे। उल्लेखनीय है कि यह अपराधकर्मी कुछ दिन पहले ही जेल से छूटे हैं।अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर पुष्कर कुमार ने बताया कि इन लोगों का एक लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। गिरफ्तार अपराधियों में मो सद्दाम पिता अमजद अली,साकिन सिमरिया हकीमुद्दीन टोला,वार्ड नंबर 3,थाना कोढ़ा,जिला कटिहार, अजमल हुसैन पिता मो एनुल हक, साकिन हाजीपुर मनन टोला,थाना कोढ़ा,जिला कटिहार,मो शमशाद पिता स्व इस्लाम अली,साकिन हाजीपुर मनन टोला,वार्ड नंबर 11,थाना कोढ़ा,जिला

कटिहार,

एनुल हक उर्फ भंडरवा,पिता अब्दुल आलम उर्फ स्व इस्लाम अली, साकिन हाजीपुर मनन टोला,वार्ड नंबर 11,थाना कोढ़ा,जिला कटिहार,प्राजील हुसैन उर्फ परवेज आलम,पिता मो सोहराब अली साकिन सिमरिया दरोगा टोला,वार्ड नंबर 2,थाना कोढ़ा,जिला कटिहार, मो मुर्शीद पिता अब्दुल बासित, साकिन हाजीपुर कारगिल चौक, थाना मुफस्सिल,जिला कटिहार, मो सद्दाम हुसैन पिता मो एस अली, साकिन हाजीपुर पोतीपुर,वार्ड नंबर 8,थाना मुफस्सिल,जिला कटिहार, मो आमिर पिता मो जमाल उर्फ राहुल हक,साकिन हाजीपुर कारगिल टोला,थाना मुफस्सिल जिला कटिहार,मो नजीबुर पिता मो इसराइल,साकिन हाजीपुर वार्ड नंबर एक,थाना मुफस्सिल, जिला कटिहार,मो तारीख पिता अब्दुल मतीन,साकिन हाजीपुर निशा टोला,वार्ड नंबर 1,थाना मुफस्सिल, जिला कटिहार,मो नसीम पिता मो सज्जाद,साकिन हाजीपुर निशा टोला वार्ड नंबर 2,थाना मुफस्सिल, जिला कटिहार,मो अताबुल पिता इरफान अली,साकिन हाजीटोला, थाना बरारी,जिला कटिहार, संजय साह पिता अजय साह, साकिन तीनपनिया, थाना कसबा,जिला पूर्णियां शामिल है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से

एक देसी पिस्टल,पांच गोली,दो पिकअप वैन,नकद 18,500रू, तीन नुकीला लोहे का रड,एक खंती नुमा रड,चार स्क्रूड्राइवर,टी आकार का 2 रिंच,एक सलाई रिंच,दो प्लास,बारह अन्य प्रकार के रिंच तथा 11 मोबइल फोन बरामद किए गए हैं। सोमवार को सभी गिरफ्तार प्राप्त कर्मियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

पर्यटको का आकर्षण का केंद्र बना मां तारा का नगरी केसपा- हिमांशु शेखर.

समाज जागरण,विश्वनाथ आनंद, वरीय
संवाददाता, मगध प्रमंडल.

गया (बिहार) :-भारत विविधताओं का देश है और हमारी संस्कृति अतिथि देवों भवः की रही है.इस देश की नैसर्गिक सौंदर्य, संगीत, हस्तकला, चित्रकारी, खानपान, वेशभूषा, मंदिर और पर्व-त्योहार हमेशा से पर्यटकों को आर्कषित करती रही है. ग्रामीण क्षेत्रों में भी पर्यटन की असीम संभावना है.

गया ज़िले के टेकारी प्रखंड अंतर्गत माँ तारा का नगरी केसपा पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती है.

केसपा गांव की प्राकृतिक सुदंरता, माँ तारा देवी मंदिर , भगवान गौतम बुद्ध की आदम कद प्रतिमा, गरुड़ पर सवार भगवान विष्णु की प्रतिमा एवं सूर्य मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र रहा है. पूर्व में भी कई बार केसपा गांव में विदेशी पर्यटक आ चुके है. उसी कड़ी में आगामी 18 अक्टूबर (बुधवार) को फ्रांस की दस पर्यटकों की टोली पर्यटक संचालक राकेश कुमार के नेतृत्व में केसपा गांव भ्रमण पर आ रहे है.

हमारी संस्कृति अतिथि देवों भवः की रही है.

केसपा के ग्रामीण अतिथियों के स्वागत के लिए तैयार है.गांव में सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा किया जाएगा.उनके स्वागत में ग्रामीण कलाकार डॉ सुबोध कुमार द्वारा लोकगीत की प्रस्तुति किया जाएगा ।

स्थानीय साहित्यकार हिमांशु शेखर द्वारा गांव की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से पर्यटकों को अवगत कराया जाएगा.

स्वागत समारोह में हिमांशु शेखर, मुखिया प्रतिनिधि अमिताभ कुमार,रघुवेन्द्र शर्मा,सरपंच प्रतिनिधि राहुल कुमार,वार्ड सदस्य मुन्ना शर्मा, पिंकू शर्मा,प्रो अरुण शर्मा,विक्रम कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहेंगे.अतिथियों के सम्मान में गांव का परंपरागत भोजन परोसा जाएगा. केसपा के पश्चात वे लोग पर्यटक संचालक राकेश कुमार के गांव बोहिया जाएंगे एवं खेतों की सैर करेंगे.

अतिथियों के आगमन की सूचना से सभी ग्रामीण प्रफुल्लित है,और स्वागत करने के लिए तैयार है.अभी नवरात्र का त्यौहार चल रहा है. इस अवसर पर माँ तारा देवी मंदिर में प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु माता का दर्शन करने आ रहे है.

श हिमांशु शेखर ने कहा है कि सरकार को केसपा गांव को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करना चाहिए एवं बिहार सरकार के मार्गदर्शन में माँ तारा महोत्सव मनाया जाना चाहिए.

बिहपुर में शराब तस्कर गिरफ्तार

समाज जागरण श्याम कुमार ठाकुर

बिहपुर - (बिहार) बिहपुर पुलिस ने रविवार को प्रखंड के विक्रमपुर गांव में छापेमारी कर एक शराब तस्कर को किया गिरफ्तार ।.बिहपुर थानाध्यक्ष राजेश रंजन ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर कालीचरण दास . को सोमवार को पुलिस अभिरक्षा में न्यायालय भेज दिया गया.

दशहरा पर्व शांति पुर्वक मनाने के लिए दावथ थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित

दैनिक समाज जागरण साहिल राज दावथ रोहतास

दुगार्पूजा पर्व भाईचारे के साथ संपन्न कराने के लिए सोमवार को दावथ थाना में शांति समिति की बैठक थानाध्यक्ष कृपाल जी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में वीडियो कुमार अश्विनी अंचलाधिकारी नवलकांत सहित बड़ी संख्या में बुद्धिजीवियों और समाजिक कार्यकताओं तथा पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित हुए। बैठक में पर्व को शांति पुर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए विभिन्न क्ई बिन्दुओं पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए वीडियो कुमार अश्विनी ने कहा पर्व के दौरान हमेशा समाजिक सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाते हुए आप सभी पुलिस प्रशासन को हमेशा सहयोग दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले सभी पर्व की भांति आगामी पर्व में भी लोग अपनी योगदान दें। थाना अध्यक्ष ने कहा कि पुजा के

दौरान सभी दुगार्पूजा पंडालों में पुलिस प्रशासन की नियुक्ति रहेगी एवं जो भी व्यक्ति पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करेंगे वैसे लोगों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीजे पर पूर्णत प्रतिबंध है डीजे नहीं बजाना है। अंचलाधिकारी नवलकांत ने दुगार्पूजा समिति को निर्देशित करते हुए कहा कि पुजा के दौरान सभी पुजा पंडालों पर सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगाएं तथा मेले में होने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अपने कमेटी सदस्यों को नियुक्त रखें। थानाध्यक्ष ने आगे बताया कि दुगार्पूजा के दौरान सभी पुजा पंडालों पर पुलिस प्रशासन की गस्ति वाहन हमेशा पैट्रोलिंग करती रहेगी। मौके पर जन्म प्रतिनिधि दुर्गा पूजा कमेटी के सदस्य सहित बड़ी संख्या में समाज सेवी वर्ग के लोग मौजूद थे।

ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन का किया गया उद्घाटन

हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता ई- रिक्शा को किया गया रवाना

लाभुको को डस्टबीन का किया गया वितरण

दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास

रोहतास जिले के करगहर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रीवा पंचायत के बाउर गांव में सोमवार को ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन समिति के तहत मुखिया सरिता देवी के नेतृत्व में किया गया। वही इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिला स्वच्छता समन्वयक अखिलेश्वर पांडेय, प्रखंड विकास पदाधिकारी धर्मेन्द्र सिंह, प्रखंड स्वच्छता समन्वयक अशोक कुमार सिंह व मुखिया सरिता देवी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन के तहत मौजूद लोगो को स्वच्छता व खुले में शौच को लेकर जागरूक किया गया। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि ओडीएफ के तहत लोगो को शौचालय की राशि मुहैया कराया जा रहा है। जिनका भी शौचालय की राशि अभी तक तक उपलब्ध नही हो पाया है वैसे लाभुक शौचालय का फार्म जमा कर जीओ टैगिंग करा ले। वही स्वच्छता पर जोर देते हुए बीडीओ धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि खुले में शौच करने से हजारों बिमारियों का शिकार होना पड़ता है ,जिसे हमें बचने की जरूरत

है। वही जिला स्वच्छता समन्वयक अखिलेश्वर पांडेय ने कहा कि स्वच्छता से ही लोग हजारो बिमारियों सें बच सकते है। खुले में शौच करने सें मल से मक्खी उड़कर हमलोगों के भोजन पर आकर बैठती है जिस-के दुष्प्रभाव से बीमार होने का क्षमता बढ़ जाता है। इससे बचने के लिए हरा डस्टबिन में गीला कचरा का उपयोग व नीले डस्टबिन में सुखा कचरा का उपयोग करे। जिससे घरों में साफ-सफाई के तहत बिमारियों का प्रकोप खत्म हो सके। कार्यक्रम के दौरान लाभुकों के बीच डस्टबिन का वितरण किया गया। वही कम्यूनिटी डस्टबिन पंचायत के हर वार्ड में सदस्य के माध्यम से कुछ लाभुको को वितरण किया गया। ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन के तहत हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता ई-रिक्शा व रिक्शा को रवाना किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित आगंतुक अतिथियों को बुके , अंगवस्त्र व पुष्पहार देकर मुखिया प्रतिनिधी सुग्रीव पासवान के द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर मुखिया राजू सिंह,कामता साह, जगनारायण पास-वान,गुलबासों पांडेय,मुखिया प्रतिनिधी अभिमन्यू पासवान,राजेश साह, रंजन पासवान,गिर्जेश राय , ललित राम बाबुराम सिंह,विजय पासवान,बिगु साह,राजू राम,भोला सिंह,शम्भू सिंह, बालेश्वर पासवान,मिथलेश तिवारी,विरेन्द्र तिवारी,नितीश कुमार,शिवचरण कुमार, राजतिलक कुमार,मुकेश कुमार, रोहित कुमार सहित अन्य कई लोग मौजूद रहे।

अति प्राचीन है मां यक्षिणी भवानी स्थल भलुनीधाम,नवरात्र में भक्तों की लगती है भारी भीड़

मां दुर्गा का ही एक नाम है यक्षिणी भवानी

के०के०दूबे,वरीय संवाददाता दैनिक समाज जागरण,दिनारा रोहतास

रोहतास जिला मुख्यालय सासाराम से उत्तर करीब 50 किमी दूर व बक्सर से दक्षिण करीब 50 किमी दूर दिनारा प्रखंड में भलुनीधाम आस्था का केन्द्र है। इसे सिद्ध शक्ति पीठ माना जाता है। इस धाम में यक्षिणी स्वरुप में मां दुर्गा विराजमान है। मां के दरबार में साल में दो बार मेला लगता है। नवरात्र में हजारों की तादाद में भारी संख्या में श्रद्धालु मां के दर्शन व पूजन के लिए जुटते हैं।धाम में नवरात्र के दिनों में सुबह तीन बजे से ही मां के दर्शन व पूजन के लिए भक्तों की लंबी कतार लग जाती है। यक्षिणी भवानी को श्रद्धालुजन गंवई जुबान में भलुनी भवानी कहकर संबोधित करते हैं। श्रीमद् देवी भागवत और मार्कन्डेय पुराण इसकी चर्चा मिलती है। शास्त्रों के मुताबिक ऐसी मान्यता है कि भगवान इन्द्र ने एक लाख वर्ष तक इस धाम में तपस्या की थी। तब माता ने उनको दर्शन दिया था। ध्यानमग्न इंद्र को सोने के सिंहासनारुढ़ भगवती के दर्शन हुए, जो सजीव रुप को त्यागकर प्रतिमा के आकार में आ गई। कहा जाता है कि कभी यह इलाका घना जंगल था। जहां भालू बहुत संख्या में रहते थे, इसलिए इस धाम का नामकरण भलुनी धाम हो गया। फ्रांसीसी यात्री बुकानन ने अपनी पुस्तक ए टूर रिपोर्ट ऑफ

नार्दन इंडिया में भी भलुनी धाम का जिक्र किया है। इससे भी इस धाम की प्राचीनता व महत्ता का पता चलता है। किवदंती है कि भगवान परशुराम ने भी इस धाम में यज्ञ किया था। उनका हवन कुंड ही आज पोखरा बन गया है। धाम में सूर्य मंदिर, कृष्ण मंदिर, साईं बाबा का मंदिर, गणिनाथ मंदिर व रविदास मंदिर भी है।

मां दुर्गा का ही एक नाम है यक्षिणी भवानी

पुराणों व अन्य धर्म ग्रंथों के अनुसार देवी अति प्राचीन हैं. यक्षिणी मां दुर्गा का ही एक नाम है। मंदिर में देवी की प्रतिमा के आलावे भगवान शंकर व कुबेर की प्राचीन प्रतिमा भी स्थापित है, जो पूर्व मध्यकालीन है। मंदिर का पुनर्निर्माण आधुनिक काल में हुआ है। हालाकि देवी की प्रतिमा सहित मंदिर में स्थापित अन्य प्रतिमाएं पूर्व मध्यकालीन हैं।मंदिर के बाहर एक अति प्राचीन व विशाल तालाब है। वहीं आसपास में वन के अवशेष आज भी विद्यमान हैं। बता दें कि भलुनीधाम में आज से नहीं सैकड़ों वर्ष से बंदरों का बहुत बड़ा जत्था रहता है। सबसे बड़ी बात यह है कि यह बंदर कभी भी धाम के आसपास स्थित घनघोर बागीचे से बाहर नहीं जाते। न ही ग्रामीणों और किसानों को कोई नुकसान ही पहुंचाते हैं। भलुनीधाम पहुंचने वाले श्रद्धालू प्रसाद के साथ-साथ भारी मात्रा में अनाज और फल-फूल भी लेकर जाते हैं।

बाल विवाह जागरुकता अभियान चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिमा कुमारी ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

सनशाइन टेक्नोलॉजी केवाईपी कौशल विकास केंद्र की छात्रा है प्रतिमा कुमारी

पूर्णियां।

बचपन बचाओ आंदोलन के तत्वावधान में अयोजित 3 अक्टूबर 2023 से 16 अक्टूबर 2023 तक बाल विवाह जागरुकता अभियान चलाया गया, जिसके कई तरह के कार्यक्रम किये गये जैसे कैंडल मार्च, भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, साइकिल रैली, प्रभात फेरी, इत्यादी। सभी कौशल विकास केंद्रों में प्रभात फेरी एवं चित्र-कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । लगभग 2500 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया । चित्रकला प्रतियोगिता में सनशाइन टेक्नोलॉजी केवाईपी कौशल विकास केंद्र ,उसुर्लाइन कॉन्वेंट के सामने, पूर्णिया की छात्रा प्रतिमा कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

चित्रकला प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिमा कुमारी, आशुतोष कुमार, ज्योति कुमारी,रूबी कुमारी,शैली कुमारी,फरहत फिरदौस व अन्य

प्रतिभागियों को सीनियर डिप्टी कलेक्टर सह जिला खेल पदाधिकारी डेजी रानी द्वारा प्रशस्ति पत्र,कलम और डायरी देकर बच्चों को सम्मानित किया गया। मौके पर लेबर सुपेरिंटेडेंट श्री जगरनाथ पासवान,जिला नियोजन पदाधिकारी श्री अजय कुमार, जिला कौशल प्रबंधक श्री प्रेम प्रकाश उज्जैन,बचपन बचाओ आंदोलन के जिला समन्वयक मोहम्मद सज्जाद आलम,जिला कौशल विशेषज्ञ सुमित कुमार मिश्रा भी उपस्थित थे।

ड्राई फूड्स दुकान में हुई चोरी, घटना के विरोध में दुकानदारों ने जाम किया सड़क

दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास

नगर पंचायत के गोड़ारी में एक डॉयफूड्स दुकान का ताला तोड़ सोमवार के अहले सुबह में चोरी कर ली गई है। चोरी की इस घटना के विरोध में गोड़ारी के दुकानदारों ने बाजार पर बिक्रमगंज-नासरीगंज मुख्य पथ जाम कर घंटों आवागमन बाधित कर दिया। थानाध्यक्ष शाहनवाज अख्तर, नगर पंचायत के अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्ना भारती, उपाध्यक्ष रविश रंजन, पूर्व मुखिया गोपेश प्रसाद, वार्ड 8 पार्षद संजय राम वहां पहुंचकर सड़क जाम कर रहे दुकानदारों को किसी तरह समझा कर जाम हटवाया। पूर्व मुखिया गोपेश प्रसाद ने बताया कि प्रशासन हम सबसे सहयोग चाहते हैं पर खुद सहयोग नहीं कर रही है, वही विगत अब तक 10 से 12 मोटरसाइकिल की चोरी बाजार से हो गई जबकि एक भी रिकवरी थाना प्रशासन द्वारा नहीं दिखाई देती, अभी कुछ दिन पहले ही मोबाइल दुकान में चोरी हुई 16 से 17 लाख की सोना चांदी दुकान को लूट लिया गया और अनेकों दुकान में आए दिन चोरी हो जाना काफी निंदनीय है, श्री प्रसाद ने कहा की कम से कम काराकाट थाना को एक भी रिकवरी तो देना चाहिए था। ऐसे में काराकाट थाना सुस्त नजर दिख रही है। घटना के

संबंध में बताया जाता है कि गोड़ारी बाजार पर बाद रोड में स्थित माँ आस्कामिनी ड्राई फूड्स दुकान गोड़ारी निवासी बिट्टू साह पिता श्याम बिहारी साह के किराना दुकान का ताला तोड़ अज्ञात चोरों ने दुकान के सभी कीमती सामग्री की चोरी कर ली है। दुकानदार ने बताया कि दुकान में रखे काजू, किशमिश, बदाम, मिक्कर सहित लगभग डेढ़ लाख रुपए की कीमती सामग्री की चोरी कर ली गई है। उन्होंने ने बताया कि चोरी की घटना सुबह चार बजे के लगभग की है। दुकानदारों ने भी बताया कि गोडारी बाजार में चोरी की घटना रुकने का नाम ही नहीं ले रही है। अभी चार पांच दिन पहले भी एक चोरी हुई थी, लेकिन उसमें प्रशासन को कोई सफलता नहीं मिली। उससे पहले गोड़ारी बाजार से एक मोटरसाइकिल के भी चोरी हुई थी। गोडारी में लगातार चोरी की घटना घट रही है। जिससे गोडारी बाजार के व्यावसायी दहशत में है। लोगों ने चोरी की घटनाओं में वृद्धि के लिए पुलिस प्रशासन को दोषी बताया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष मो. शाहनवाज अख्तर से पूछे जाने पर बताया कि मामले में अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर चोरों की गिरफ़्तारी के लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

क्लस्टर स्तर प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल सेमरा बिक्रमगंज ने जीते स्वर्ण व रजत पदक

दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास

विद्यालय में सोमवार को मध्यावधि परीक्षा में कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों को तथा क्लस्टर स्तर आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रधानाचार्य द्वारा पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। डीएवी कैंट एरिया गया में नेशनल स्पोर्ट्स क्लस्टर लेवल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता में डीएवी के ई,एफ,एच क्षेत्र के 25 विद्यालयों से आए हुए लगभग एक हजार बच्चों ने भाग लिया। हर साल की भांति इस वर्ष भी बच्चों ने अच्छा प्रदर्शन किया तथा विभिन्न प्रकार के खेलों(दौड़, खो-खो, कबड्डी, तायक्वोंडो) में 6 स्वर्ण ,12 रजत एवं 1 कांस्य पदक

प्राप्त कर यह साबित कर दिया कि बिक्रमगंज की धरती वीरों से खाली नहीं है। स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक प्राप्त करने वाले बच्चों में राज, अंश राज, जायद, सक्षम पांडेय, आलेख, नंदनी, रौनक, आंचल कुमारी, ऋषभ, आकाश, सत्यम, सिद्धांत,हि-रओम, दिव्यांशु, अंकुश, आयुष, करण, रुचि कुमारी शामिल है। प्रधानाचार्य प्रेम चंद्र त्रिपाठी ने प्रतिभागियों को पदक पहनाकर सम्मानित किया। अंत में प्रधानाचार्य ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया तथा विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को खेलकूद में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

शिक्षा सेवक की मेधा सूची में भारी अनियमितता

वार्ड सदस्य ने प्रधानाध्यापक व केआरपी पर लगाया आरोप

दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार रोहतास ब्यूरो

रोहतास जिले के संझौली प्रखंड के संझौली पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या-08 एवं 09 में टोला सेवक का पद रिक्त है। इन वार्डों में महादलितो की बहुलता है। टोला सेवक की बहाली तथा मेधा सूची में भारी अनियमितता को ले वार्ड सदस्य बीरेंद्र राम ने 12 अक्टूबर को आवेदन रोहतास डीएम के स-रकारी मेल के माध्यम से शिकायत किया है। वही वार्ड -08 की आवेदिका अनामिका कुमारी ने भी रोहतास जिलापदाधिकारी तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी को 13 अक्टूबर 2023 को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में दिया है कि वार्ड-08 में पहले टोला सेवक कार्यरत था। लेकिन, किसी कारण शिक्षा विभाग द्वारा कार्य में लापरवाही के कारण उसे कार्यमुक्त कर दिया गया। जिसके कारण इस वार्ड में टोला सेवक का पद रिक्त पड़ा हुआ था। इस संबंध में नई बहाली के लिए जो आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसमें संबंधित के.के. मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार व केआरपी द्वारा नियम को ताक पर रखकर मेधा सूचि प्रकाशित की गई है। जो पूर्ण रूप से गलत है। उनके द्वारा प्र-काशित मेधा सूची के अनुसार प्रथम स्थान पर अंशु कुमारी पिता सुरेश राम है, जो संझौली पंचायत का निवासी नहीं है। यह मूलतः मझौली पंचायत के निवासी हैं। दूसरे स्थान पर ममता कुमारी, तीसरे स्थान पर सरस्वती कुमारी एवं चौथे स्थान पर रूपा कुमारी का नाम मेधा सूची में दर्ज है , जो वार्ड 08 एवं 09 के निवासी नहीं है। जबकि नियमावली के अनुसार वार्ड 08 एवं 09 के निवासी को प्राथमिकता देना है। इस संबंध में आपत्ती देने के लिए कई बार प्रधानाध्यापक से संपर्क किया गया। लेकिन वह टालमटोल कर दिए।

स्कॉर्पियो से हुई भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद

के०के०दूबे,वरीय संवाददाता दैनिक समाज जागरण,दिनारा रोहतास

रोहतास जिला के दिनारा थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के आरा मोहनियां फोरलेन से जाने वाली सड़क पर नौवां गांव के समीप स्कॉर्पियो से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की है, पुलिस को सूचना मिली कि स्कॉर्पियो वाहन से अंग्रेजी शराब अवैध रूप से जा रही है। हालांकि पुलिस के दबिश को भांपते हुए स्कार्पियो पर सवार तस्कर गाड़ी छोड़कर भागने में सफल रहे। स्कार्पियो जांच के दौरान पुलिस ने गाड़ी से 216 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया है। पुलिस ने इस संबंध में पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी की है। थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक स्कॉर्पियो

गाड़ी पर अवैध शराब का खेप नौवां गांव में आने वाला है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्कॉर्पियो को पकड़ लिया। गाड़ी पर सवार चार लोग पुलिस के देखते ही अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए। पुलिस द्वारा गाड़ी जांच करने पर गाड़ी के डिक्की एवं पीछे के सीट से लगभग 216 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। जप्त स्कॉर्पियो का नंबर बीआर 06 पी ई/4914 है। पुलिस ने उक्त मामले में नौवां निवासी मुद्रिका सिंह क्या पुत्र गुड्डू सिंह एवं परसथुआं थाना अंतर्गत सोहसा निवासी अंकुर पासवान के साथ अन्य तीन अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिक की है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर और धंधेबाजों को तलाश कर रही है।

शराब धंधेबाज के महुआ फूल के साथ एक गिफ्तार

दैनिक समाज जागरण संजय कुमार नासरीगंज रोहतास

रोहतास जिले के नासरीगंज प्रखंड क्षेत्र के कछवा थानांतर्गत इंब्राहिमपुर आरा लाइन नहर पुल के समीप थाना द्वारा चलाए जा रहे रोको-टोको अभियान में वाहन जांच के दरम्यान श्रीभगवान ब्यक्ति के पास से 49 किलो महुआ फुल बरामद किया गया। उक्त व्यक्ति सिकराहटा थाना के बागर गांव निवासी श्रीभगवान सिंह बताया गया हैं, जो प्लेटिना मोटरसाइकिल से था। थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान यह कार्यवाई कि गई हैं। जिसके पास से महुआ फूल बरामद करते हुए धंधा मे संलिप्त प्लेटीना बाईक भी जप्त कर ली गई हैं। गिरफ्तार व्यक्ति को जेल भेज दिया गया।

निक्षय दिवस का किया गया आयोजन

दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास

रोहतास जिले के कोचस अंर्तगत सोमवार को पीएचसी व हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर नरवर, गारा, बलाथरी, सरेया में प्रत्येक माह के 16 तारिख को होने वाले निक्षय दिवस का आयोजन,टीबी हारेगा देश जीतेगा, के स्लोगन के तहत अयोजन किया गाया। इस मौके पर ओपीडी में आए 103 मरिजो का वरीय उपचार प्रवेक्षक यक्ष्मा , सोनू कुमार शर्मा के द्वारा टीबी के लक्षण के बारे मे बताया, जैसे कि दो सप्ताह से ज्यादा खांसी, रात में पशीना आना, शाम के समय बुखार आना, वजन में कमी होना का स्क्रीनिंग किया गया। जीस मरीज में लक्षण पाया गाया उन्हे एक्सरे और (ूल्लंश) जांच के लिए भेजा गाया। चिकित्सा प्रभारी डाक्टर तुषार कुमार के द्वारा बताया गाया कि जिनमे भी टीबी का लक्षण दिखे तुरंत जांच कराएं एवम ईलाज शुरू कर दे। पीएचसी कोचस में टीबी मरीजो के ईलाज कि समुचित व्वस्था हैं तथा सरकार के द्वारा दी जाने वाली प्रोत्साहन राशी जो कि मरीज को खाने के लिए प्रत्येक माह 500 रुपए भी दी जाती है। साथ ही हर महीने फॉलोअप जॉच कि भी व्यस्था हैं। मौके पर ब्लॉक हेल्थ मैनेजर मतिउर रहमान,प्रखंड समुदायिक उत्प्रेरक अजय कुमार, प्रखंड लेखापाल सुरेश कुमार,वरीय उपचार पर्यवेक्षक सोनू कुमार शर्मा,फैमिली प्लानिंग काउंसिल मनोज कुमार,ओंकारनाथ श्रीवास्तव,कमलेश कुमार एवं सभी स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

पुलिस ने चलाया अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान

दैनिक समाज जागरण साहिल राज दावथ रोहतास

बिहार में पूर्ण शराब बंदी के बाद भी लगातार शराब का अवैध कारोबार जारी है। लेकिन पुलिस प्रशासन भी लगातार शराब तस्करों के खिलाफ अपनी कमर कसने में लगी हुई है और उनके मंसूबे में पानी फेर रही है। दरअसल मलियाबाग में पुलिस को उस वक्त बड़ी कामयाबी हाथ लगी। जब दावथ पुलिस टीम ने अवैध शराब की भनक लगते ही छापेमारी अभियान शुरू कर दी।आपको बता दे कि इस दौरान एस-ाआई तिल्ला उरांव पीसआई नितिश कुमार ने जानकारी देते हुए

बताया कि गुप्त सूचना मिली कि मलियाबाग दलित बस्ती के पीछे भारी मात्रा में शराब छिपा कर रखी हुई है। जिसके बरामदगी के लिए छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान एक हजार किलो जावा समेत महुआ पास को विनिष्ट किया गया। मौके पर दल बदल के साथ एएसआई ददन राम, एएसआई शंभु भगत, प्रफुल्ल झा, महिला सिपाही ज्योति कुमारी,पनिका कुमारी ग्रामीण चौकीदार मंजी पासवान,अवधेश पासवान मौजूद थे।

60 लीटर शराब के साथ बाइक समेत दो धन्धेबाज गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी राजपुर रोहतास

रोहतास जिले के राजपुर थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग जगह से सोमवार को स्थानीय पुलिस ने 60 लीटर शराब के साथ बाइक समेत दो धंधेबाज को गिरफ्तार किया। जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष मोहन कुमार ने बताया कि शराब डिलीवरी देने जाने की गुप्त सूचना पर छापेमारी की गई। इस दौरान स्थानीय बाजार के चीक मोहल्ला से 20 लीटर शराब के साथ बाइक समेत राजपुर निवासी विनोद साह को गिरफ्तार किया गया। वहीं राजपुर एवं का-राकाट थाना के सीमा पर स्थित हुसैनाबाद बरना बाल पर एफसीआई गोदाम के समीप से 40 लीटर शराब के साथ गोडारी थाना क्षेत्र के कंचनपुर गांव निवासी श्री भगवान कुमार को गिरफ्तार किया गया। जबकि एक धन्धेबाज भागने में सफल हो गया। सभी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर न्यायालय को सुपुर्द करते हुए जेल भेज दिया गया।

भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्षों का बैठक संपन्न

दैनिक समाज जागरण विकाश शुक्ला चेनारी रोहतास

बैठक सावित्री मैरेज हॉल में समय 1:00 बजे दिन में भाजपा मंडल अध्यक्ष कामेश्वर सिंह यादव के अध्यक्षता में कराई गई। जिसमें मंडल प्रभारी रामजी पाठक के उपस्थिति में हुई पूर्व अध्यक्ष मृत्युंजय शुक्ला, मंडल महामंत्री मनोज जायसवाल, अनुपम चौबे, उपाध्यक्ष अवनीश कुमार तिवारी, रामदयाल

तिवारी, छोटू पासवान, अमित कुमार सिंह, जगत नारायण पासवान, ज्योति कुमार, मंत्री दिनेश्वर रावत, शेषनाग तिवारी, विंध्याचल बिंद, अशोक तिवारी, कृष्ण मोहन गुप्ता , प्रवक्ता गुपुत उपाध्याय, मंडल पदाधिकारी के नाम अध्यक्ष फुलवरिया नीरज तिवारी डोरिया पंकज नारायण रवि कुमार गुप्ता नारायणपुर ओमप्रकाश तिवारी पेवन्दी संजीत कुमार चौबे मल्हीपुर दीपक कुमार चौधरी नागेंद्र सिंह कुशवाहा सदोखर अनिल तिवारी देवदीहि पंकज तिवारी को प्रमाण पत्र देते हुए घोषणा किया गया है। बैठक में सरजू तिवारी, हरेंद्र पांडे, आनंद कुमार सिंह, सावित्री देवी इत्यादि कार्यकर्ता भाग लिए।

शौच करने निकली महिला की पानी में डूब कर मौत

दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि नोखा रोहतास

रोहतास जिले के नोखा थाना क्षेत्र के जगरनाथ टोला पर एक महिला की मौत पानी में डूब कर हो गई। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि नोखा थाना क्षेत्र के जगन्नाथ टोला गांव निवासी अमीचंद चौधरी की 42 वर्षीय पत्नी फूल कुमारी देवी गांव में सोमवार को सुबह में शौच के लिए निकली हुई थी। जहां घर नहीं पहुंचने पर काफी खोजबीन की गई। लेकिन उसका पता नहीं चल रहा था। दोपहर में उनके पानी मे डूबा हुआ महिला का शव जगन्नाथ टोला काली मंदिर के पास प्रलय चैन पर पाया गया। जैसे ही इसकी सूचना मिली गांव में कोहराम मच गया। स्थानीय थाना को इसकी सूचना दी गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम हेतू भेज दिया है। मामले की जांच में पुलिस जुट गई है।

दोपहिया वाहन से पांच हजार रुपए जुमार्ना वसूला गया

के०के० दूबे वरीय संवाददाता दैनिक समाज जागरण दिनारा रोहतास

रोहतास जिला स्थित दिनारा प्रखंड अंतर्गत नटवार थाना क्षेत्र के नया थाना गेट के पास सोमवार को वाहन चेकिंग लगाया गया, जिसमें पांच हजार रुपए जुमार्ना वसूला गया। थानाध्यक्ष विपिन बिहारी ने बताया कि रोहतास पुलिस कप्तान विनीत कुमार के निर्देश पर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर प्रतिदिन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। थानाध्यक्ष ने बताया कि वाहन चेकिंग अभियान के दौरान ड्राइवरी लाइसेंस,ट्रिपल लोड,वाहन प्रदूषण,हेलमेट, इंश्योरेंस सहित अन्य कागजात जांच किया गया। जिसमें पांच दो पहिया वाहनों से पांच हजार रुपए जुमार्ना वसूला गया।

पुलिस जूल्म के विरुद्ध भाजपा का एक दिवसीय धरना

के०के०दूबे,वरीय संवाददाता दैनिक समाज जागरण, दिनारा रोहतास

भाजपा के कार्यकताओं द्वारा रोहतास जिला के दिनारा पुलिस द्वारा निर्दोष लोगों पर दमनात्मक कार्रवाई करने के विरुद्ध मंगलवार को प्रखंड परिसर में एकदिवसीय धरना का आयोजन किया गया है। धरना का नेतृत्व कर रहे भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने बताया कि इस धरना में पूर्व सभापति अवधेश नारायण सिंह, पूर्व विधायक राजेश्वर राज, रामेश्वर चौरसिया, सत्यनारायण सिंह सहित कई नेता शामिल हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि अर्थू में दिनारा पुलिस द्वारा एक निर्दोष परिवार को जानबूझकर केस में फंसाया गया तथा उन्हें प्रताड़ित कर जेल भेज दिया गया। उक्त मामले को लेकर आम जनता में काफी आक्रोश व्याप्त है।

दैहिक.दैविक एवम भौतिक सारे ताप व संताप को हर लेती है मां कष्टहरणी

प्रथम दिवस पर हजारों की संख्या में जले अखंड दीपक

पूरे भारत में सबसे ज्यादा अखण्ड दीप मां के धाम में जलाये जाते हैं

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण

ईक्यावन शक्ति पीठों मे से एक प्रमुख पीठ मां दुर्गा का एक दिव्य स्वरूप है मां कष्टहरणी ,जो पल भर में अपने भक्तों के दैहिक दैविक एवम भौतिक सारे ताप व संताप को हर लेती है। अपने दरबार में पहूंचे भक्तों की सारी मनोकामनाऐं एवम मुरादे पूर्ण कर देती है मां कष्ट हरणी।अपने भक्तों के सभी रोग शोक दुःख का शमन करके धन धान्य एवम आरोग्यता प्रदान करने वाली माता का नाम है मां कष्टहरणी। जो युगो युगो से गाजीपुर जनपद के मुहम्मदाबाद से चितबडागांव मार्ग पर करीमुद्दीनपुर थाने के पास निवास करती है,सदैव अपनें भक्तों के कष्टों को हरने वाली मां का नाम है मां कष्टहरणी, दया की सागर ममतामयी करूणामयी मां का नाम है मां कष्टहरणी,मां का यह पावन एवम पवित्र धाम युगो युगो से करीमुद्दीनपुर मे बिराजमान है,युगो पुर्व यह स्थान दारूक बन के नाम से जाना जाता था,जिस बन मे शेर बाघ जैसे हिंसक जीव बिचरण किया करते थे,मां के स्थान के बगल में बघउत बरम बाबा का स्थान है,जनश्रुतियों के अनुसार बाघ से लडाई के दौरान उनकी मृत्यु हो गयी थी तभी से आप बघउत बरम बाबा के नाम से यहां पर बिराजमान है,मां कष्टहरणी के यहां इस स्थान पर हर युग मे बिराजमान होने का प्रमाण मिलता है,आप की चमत्कारिक शक्तियों से जो भी आपकी शरण मे आकर पवित्र मन से प्रार्थना किया आपने उस-का सदैव कल्याण किया,आपने अपने हरभक्त का सदैव मंगल ही किया है,आपके दरबार में सच्चे एवम पवित्र मन से की गयी आराधना कभी खाली नहीं जाती है। मां कष्टहरणी की कृपा अपने सभी भक्तों पर सदैव अनवरत बरसती रहती है।त्रेतायुग में भगवान राम ,लक्ष्मण महर्षि विश्वामित्र के साथ अयोध्या से सिद्धाश्रम बक्सर जाते समय यहां पर रूक कर मां कष्टहरणी का दर्शन पूजन किये थे। उसके पश्चात कामेश्वर नाथ धाम कारो जो बलिया एवम गाजीपुर के सीमा पर स्थित है वहां पहुंचने का प्रमाण है,आपने कामेश्वर नाथ धाम मे दर्शन पूजन कर रात्रि विश्राम किया तथा सुबह आप सभी गंगा पार कर बक्सर बिहार स्थित सिद्धाश्रम पहुंचे थे,यह कामेश्वर नाथ धाम वही स्थान है जहां समाधिस्थ शिव को जगाने में कामदेव भष्म हो गया था,त्रेता युग में अयोध्या नरेश महाराज दशरथ अयोध्या से शिकार खेलते खेलते गाजीपुर जनपद के महाहर धाम तक आ गये थे वहीं पर राजा दशरथ के शब्दभेदी बाण से श्रवण कुमार की मृत्यु हो गयी थी,आज भी उस स्थान पर श्रवण डीह नामक स्थान बिराजमान है,भगवान राम के साथ बक्सर जाते समय लक्ष्मण जी ने बाराचवर ब्लाक के उत्तर दिशा में रसडा के लखनेश्वरडीह नामक स्थान पर लखनेश्वर महादेव की स्थापना की थी जो आज भी लखनेश्वर नाथ के नाम से जाने जाते है,अब आपको ले चलते है द्वापर में जब धर्मराज युधिष्ठिर अपने भाइयों,द्रोपदी एवम कुल गुरू धौम्य ऋषी के साथ अज्ञातवास के समय मां कष्टहरणी धाम में आकर मां से अपने कष्टों को दूर करने के लिये प्रार्थना किये थे,मां के आशिर्वाद से

महाभारत के युद्ध में पांडवों की बिजय हुई,जैसा मां का नाम है उसी के अनुरूप आप वास्तव में अपनें भक्तों का कष्ट दूर करती हैं,राजसूय यज्ञ के समय भीम हस्तिनापुर से गोरखपुर श्री गोरखनाथ जी को निमंत्रण देने जाते समय भी मां कष्टहरणी का दर्शन पूजन किये थे,कलयुग में बाबा कीनाराम जी को स्वयम मां कष्टहरणी ने अपने हाथ से प्रसाद प्रदान कर सिद्धियां प्रदान की थी,बाबा कीनाराम कारों से रोजाना अपने गुरू जी के सो जाने के पश्चात मां के पास आ जाते थे और गुरू जी के जागने से पहले वापस कारो पहूंच जाते थे। एक दिन गुरू जी ने कीनाराम जी से पूछ दिया तो कीनाराम जी ने सच सच बता दिया की मै मां कष्टहरणी की सेवा में चला जाता हू। गुरू जी ने कीनाराम जी को जाने से तो नहीं रोका लेकिन हिदायत दिया था की वहां का कुछ भी खाना नही। एक दिन स्वयं मां ने अपने हाथ से कीनाराम जी को प्रकट होकर प्रसाद देकर सिद्धी प्रदान की। गुरू जी के द्वारा यह जानने पर खुद उन्होने कीनाराम जी को कहा की जाओ अब तुम्हारे में वह सभी योग्यता हो गयी है अब समाज का कल्याण करो। वहां से बाबा वाराणसी के गंगा तट पर पहूंचे तथा एक गंगा में बहते शव को देख कर बोले की तुम कहां जा रहे हो।बाबा कीनाराम जी की आवाज सुनकर वह मुर्दा उठ खडा हुवा। बाबा कीनाराम ने उसका नाम जियावन रक्खा। मां के आशिर्वाद से बाबा कीनाराम जी का यह पहला चमत्कार था।मां के धाम में गौतम बुद्ध,सम्राट अशोक,ह्वेन सांग,फाह्यान,स्वामी विवेकानन्द,सहजानन्द सरस्वती,मंडन मिश्र,जैसे अनेक लोगों ने इस मार्ग से जाते समय यहां रूक कर मां का दर्शन पूजन किया है,ह्वेन सांग एवम फाह्यान ने यहां का वर्णन अपने यात्रा बृतांत में किया है,मां के धाम में आश्विन एवम चैत्र नवरात्र में मातायें दूर दर से आकर अपने परिवार की सुख समृद्धी एवम सलामती के लिये मां कष्टहरणी के चरणों में चौबिस घंटे तक अखंड दीपक जलाती है,पुरी रात मां के चरणों मे गीत एवम नृत्य करती है,पूर्वांचल ही नहीं पुरे उत्तर प्रदेश मे मां के पुराने स्थानों में से एक प्रमुख स्थान है,जितना अखण्ड दीपक मां कष्टहरणी के धाम में जलाया जाता है शायद पूरे भारत में और कहीं देखने को नहीं मिलेगा,देश के कोने कोने से लोग आकर मां का दर्शन पूजन करते है,वर्ष भर मां के धाम में शादी मुंडन किर्तन एवम रामायण का आयोजन होता रहता है,मा के दर्शन मात्र से ही मानव का कल्याण हो जाता है,रामनवमीं के दिन मा के धाम पर बिराट मेले का आयोजन किया जाता है,मां के धाम में अयोध्या से पधारे महामण्डलेश्वर श्री श्री 1008 श्री शिवराम दास जी फलहारी बाबा के द्वारा बिराट यज्ञ का आयोजन भी किया गया था। मां के मन्दिर के निर्माण मे स्व लाल बाबा का सराहनीय सहयोग रहा है,पुजारी के रूप में लम्बे समय से हरिद्वार पांण्डेय सेवा कर रहे थे लेकिन अब उनके पुत्र राजेश पाण्डेय पुजारी के रूप में एवम किशुनदेव उपाध्याय ,महेश्वर पाण्डेय मां की सेवा में लगे है।मां कष्टहरणी मंदिर समिति के सदस्य, रामलीला समिति के ब्यवस्थापक सुनील कुमार राय के द्वारा सुबह से रात्रि कालीन आरती तक ध्वनि बिस्तारक यंत्र से दर्शनार्थियों को आवश्यक दिशा-निर्देश की सूचना प्रसारित की जाती रही । सुरक्षा की कमान करीमुद्दीन पुर थानाध्यक्ष शैलेश कुमार मिश्रा के देख रेख में अशोक कुमार सिंह उपनिरीक्षक के नेतृत्व में दिन में हेड का०विनोद यादव,का राजेन्द्र कुमार,का उद्रेश पाण्डेय,का विकास पटेल,का० राम राज,का प्रेम नाथ कुश-वाहा,का आदित्य कुमार, उपनिरीक्षक श्रीकांत यादव, महिला का० सरोज कुमारी,म का० प्रियंका राव,म का ० आशा सरोज,का० सोनू कुमार एवं रात्रि कालीन सुरक्षा ब्यवस्था में उपनिरीक्षक अंबर नाथ चौबे के नेतृत्व में हेड का० शिवमणि सेन,का० आशीष कुमार,का० बृजेश यादव,का० सौरभ पाण्डेय,का०आलोक प्रताप सिंह,का०अनुराग कुमार, महिला का० प्रतिमा,किरण त्रिवेदी समेत होमगार्ड के जवान उपस्थित रहे। प्रथम दिवस पर रविवार को एवं सोमवार को मां का धाम दर्शनार्थियों से खचाखच भरा रहा।

आध्यात्मिकता एवं भारतीयता बिशप पैट्रिक डिसूजा की आत्मा में रची बसी थी – फादर पी विक्टर

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण

विद्यालय के संस्थापक को पुण्यतिथि पर याद किया गया

सेंट जॉन्स स्कूल,सिद्दीकपुर, जौनपुर में विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय बिशप फादर पैट्रिक पॉल डिसूजा की पुण्यतिथि के अवसर पर विद्यालय में प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ।विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर एवं अध्यापक-अध्यापिकाओं ने स्वर्गीय बिशप के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।बिशप पैट्रिक का जन्म 28 अगस्त 1928 में मंगलुरू में एक धार्मिक परिवार में हुआ था। 20 दिसंबर 1953 में पुरोहिताभिषेक हुआ और 5 जून 1970 को वाराणसी धर्म प्रान्त के पहले धमार्चार्य के रूप में अभिषेक हुआ।16 अक्टूबर 2014 को असार संसार से विदा लेकर प्रभु के पास चले गए। कक्षा 6 ब के आयुष ने प्रार्थना-सभा में प्रार्थना का नेतृत्व किया।अथर्व ने बिशप पैट्रिक के

जीवन-वृत्त पर प्रकाश डाला।सक्षम ने कविता पाठ किया।दिव्यं ने सूक्ति वचन एवं आदित्य ने सुविचार प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्वर्गीय बिशप बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे।उनका जीवन प्रेरणा का स्रोत है।आध्यात्मिकता एवं भारतीयता उनके हृदय में रची बसी थी।उन्होंने चर्च में भारतीय परंपरा एवं भारतीय भाषाओं में प्रार्थना की शुरूआत कराया।बिशप ने अज्ञान के अंधकार को दूर करने के लिए 40 से अधिक विद्यालयों की स्थापना की।जन सेवा के लिए आपने दो नर्सिंग कॉलेज एवं हॉस्पिटल भी खोले।मूक बधिर बच्चों एवं गरीब बच्चों के लिए अगल से विद्यालय की स्थापना किया।बिशप की सौम्यता, कर्मठता एवं दयालुता सदा याद किया जाता रहेगा।कक्षा 6 ब के कमल राय ने श्रद्धांजलि सभा में कुशल मंच संचालन किया।

प्रोफेसर डाक्टर सानंद सिंह ने किया मां कष्ट हरणी का दर्शन पूजन

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर जनपद के करीमुद्दीन पुर स्थित मां कष्टहरणी धाम में नवरात्र के द्वितीय दिवस पर सोमवार को भोर से ही दर्शनार्थियों के आने का क्रम शुरू हो गया। सुबह होते होते पूरा परिसर दर्शनार्थियों से भर गया।तेज धूप पर आस्था भारी पड़ रहा था। दर्शनार्थियों के लिए मंदिर के परिसर में मैट बिछाया गया है। सुरक्षा के लिए बहुत ही सराहनीय व्यवस्था की गयी है। सोमवार को मां कष्टहरणी के अनन्य भक्त प्रोफेसर डा0 सानंद सिंह ने विधि विधान से मां का दर्शन पूजन एवं आरती कर मां का आशीर्वाद लिया।सभी के कल्याण के लिए मां से कामना किया। उन्होंने मां के धाम में अखंड दीपक प्रज्वलित किया।पूजन का कार्य पुजारी राजकुमार पाण्डेय के द्वारा कराया गया।इस अवसर पर महेश्वर पाण्डेय,राम जी गिरी उपस्थित रहे।

मां कष्टहरणी मंदिर समिति के सदस्य, रामलीला समिति के ब्यवस्थापक सुनील कुमार राय के द्वारा सुबह से रात्रि कालीन आरती तक ध्वनि बिस्तारक यंत्र से दर्शनार्थियों को आवश्यक दिशा-निर्देश की सूचना प्रसारित की जाती रही । सुरक्षा की कमान करीमुद्दीन पुर थानाध्यक्ष शैलेश कुमार मिश्रा के देख रेख में अशोक कुमार सिंह उपनिरीक्षक के नेतृत्व में दिन में हेड का०विनोद यादव,का० राजेन्द्र कुमार,का० उद्रेश पाण्डेय,काङ्ग विकास पटेल,का० राम राज,का० प्रेम नाथ कुशवाहा,का० आदित्य कुमार, उपनिरीक्षक श्रीकांत यादव, महिला का० सरोज कुमारी,म० का० प्रियंका राव,म० का ० आशा सरोज,का० सोनू कुमार एवं रात्रि कालीन सुरक्षा ब्यवस्था में उपनिरीक्षक अंबर नाथ चौबे के नेतृत्व में हेड का० शिवमणि सेन,का० आशीष कुमार,का० बृजेश यादव,का० सौरभ पाण्डेय,का०आलोक प्रताप सिंह,का०अनुराग कुमार, महिला का० प्रतिमा,किरण त्रिवेदी समेत होमगार्ड के जवान उपस्थित रहे। प्रथम दिवस पर रविवार को एवं सोमवार को मां का धाम दर्शनार्थियों से खचाखच भरा रहा।

भारत विकास परिषद शौर्य द्वारा भारत को जानो कार्यक्रम का किया आयोजन

दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण

जौनपुर। भारत विकास परिषद शौर्य शाखा के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. संदीप पाण्डेय के नेतृत्व तथा डा. अरूण मिश्र के सहयोग से भारत को जानो प्रतियोगिता का भव्य आयोजन मोहम्मद हसन डिग्री कालेज के सभागार में हुआ। इसके बाद पुरस्कार वितरण किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डा. सुभाष सिंह जिला संघ चालक (आरएसएस), विशिष्ठ अतिथि प्रो. अजय द्विवेदी डीन प्रबंध संकाय पूर्वांचल विश्वविद्यालय तथा नगर शिक्षा अधिकारी डा. आनंद कुमार सिंह ने भारत माता व स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर पुष्पार्पण तथा दीप प्रज्वलित करके किया। इसके पश्चात महिला संयोजिका ज्योति श्रीवास्तव के द्वारा वंदे मातरम गीत गाया गया। अध्यक्ष डा. संदीप पाण्डेय ने निर्णायक मण्डल के रूप में उपस्थित अवधेश गिरी, डा. पंकज सिंह, जयशंकर सिंह, डा. राजेश, अतुल जायसवाल तथा नारायण चौरसिया का माल्यार्पण कर सम्मान किया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में शौर्य शाखा के कार्यों की सराहना की। उन्होंने संघ की पंचमुखी कार्य योजना कुटुम्ब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वभाव का जागरण तथा नागरिक कर्तव्य के विषय में विस्तार से बताया। विशिष्ठ अतिथि प्रो. अजय द्विवेदी ने भारत को जानो विषय पर सम्पूर्ण भारतवर्ष की स-ांस्कृतिक गतिविधियों के साथ ही आधुनिक तकनीकी पर भी विस्तृत चर्चा की। विशिष्ठ अतिथि डा. आनन्द सिंह ने कहा कि आज इस प्रतियोगिता में जो बच्चे स्थान न प्राप्त कर सके उनको निराश नहीं होना चाहिये उन्होंने अपने अपने विद्यालय का प्रतिनिधित्व किया है जो स्वागत योग्य है। संस्थापक अध्यक्ष डा. संदीप पाण्डेय ने कहा कि भारत को जानो प्रतियोगिता में

शौर्य शाखा के प्रयास से कुल 22 विद्यालय के 1460 बच्चों ने प्रतिभाग किया है जो अभी तक पूरे काशी प्रान्त में सर्वाधिक संख्या है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विद्यालय से कुल चुने गये 105 छात्रों ने मुख्य परीक्षा में प्रतिभाग किया है जिसमें से विजेता का निर्णय किया गया। संस्था द्वारा प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाले को 11 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले को 51 सौ रुपए, तृतीय प्ररस्कार प्राप्त करने वाले को 21 सौ रुपए दिया गया। उन्होंने बताया कि दायित्व ग्रहण से लेकर अपने हर कार्यक्रम में शौर्य शाखा ने प्रान्त क्षेत्र और राष्ट्र में नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। जिला समन्वयक नीरज श्रीवास्तव ने सफल कार्यक्रम के लिये बधाई दी। प्रकल्प प्रमुख आनन्द अस्थाना तथा सह प्रकल्प प्रमुख संदीप चौधरी ने कहा कि अध्यक्ष डा. संदीप पाण्डेय के मार्गदर्शन में हम सब उनके साथ खड़े हैं। प्रतियोगिता की समाप्ति पर निर्णायक मण्डल द्वारा विजेताओं की उद्घोषणा की गई। जिसमें डीबीएस इण्टर कालेज के छात्र अनन्त प्रकाश मौर्य, निखिल मिश्रा को प्रथम पुरस्कार, डीबीएस इण्टर कालेज के ही वैष्णवी मिश्रा, अंशिका तिवारी को द्वितीय पुरस्कार तथा टीडी इण्टर कालेज के अंकिता सोनी व विद्या दूबे को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। सभागार में उपस्थित सभी लोगों ने बच्चों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में डा. मनोज वत्स, ब्रम्हेश शुक्ल, संतोष त्रिपाठी, धर्मवीर मोदनवाल, दिलीप शुक्ल, ज्ञान प्रकाश उपाध्याय, लक्ष्मी नारायण तिवारी, विमल सिंह, अनिल गुप्ता, ऋषिकेश दूबे, जर्नादन पाण्डेय, प्रमोद सैनी, डा. अमरनाथ पाण्डेय, चन्द्रशेखर निषाद, प्रशान्त सिंह लकी, राजीव श्रीवास्तव, अवनीश यादव, अनिल सिंह, सुजीत यादव, राहुल अग्रहरि, देवी सेवक शुक्ल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हर्षित गुप्ता ने किया। संस्था सचिव डा. आनन्द प्रकाश ने आभार व्यक्त किया।

इण्टरनेट अब एक मनोवैज्ञानिक बीमारी : प्रो. अजय

जागरूकता के बिना साइबर अपराध से बचाना मुश्किल : डॉ. मनोज

इण्टरनेट पर अपनी निजता का निर्धारण खुद तय करें : डॉ. दिग्विजय

दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के संकाय भवन के कांफ्रेंस हाल में सोमवार को जनसंचार विभाग एवं साइबर क्लब द्वारा साइबर अपराध से बचाव हेतु एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अनुप्रयुक्त सामाजिक विज्ञान संकाय के अध्यक्ष प्रो. अजय प्रताप सिंह ने कहा कि लोगों में इंटरनेट एडिक्शन बढ़ता जा रहा है। मनो-विज्ञान में अब डीएसएम 5 के तहत इंटरनेट एडिक्शन एक बीमारी के अंतर्गत आ गई है। उन्होंने कहा कि असली दुनिया को छोड़कर इंटरनेट की आभासी दुनिया में लोग अपना बहुत सारा समय अनावश्यक बर्बाद कर रहे हैं और साइबर अपराध के शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें यह तय करना होगा कि इंटरनेट फ्री है या हम फ्री हैं। जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ. मनोज मिश्र ने कहा कि समय बदल रहा है। मोबाइल और इंटरनेट हमारे जीवन का अभिन्न अंग बनते जा रहे हैं।

आए दिन साइबर अपराध के मामले हमारे आस-पास सुनने को मिलते है। ऐसे में आवश्यकता है कि हम स्वयं से सावधान रहें। उन्होंने कहा कि अगर हमारे साथ साइबर अपराध हो जाता है तो हमें बिना किसी डर या शर्म के उसके खिलाफ शिकायत दर्ज करानी चाहिए। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध से बचने के लिए जागरूकता ही महत्वपूर्ण है। मुख्य वक्ता साइबर क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर ने कहा कि इंटरनेट पर हमें अपनी निजता स्वयं से निर्धारित करनी होगी। सोशल मीडिया पर जिन लोगों से परिचित न हों उनके रिक्वेस्ट या मैसेज पर कभी भी प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने तमाम तरह के साइबर अपराधों के बारे में बताया और बचाव हेतु सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि अपनी किसी भी निजी तस्वीर को साझा नहीं करना चाहिए। वित्तीय साइबर फ्रॉड होने पर भारत सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तत्काल संपर्क करें। कार्यक्रम का संचालन संस्कार श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर डॉ. अनु त्यागी, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ. मनोज कुमार पांडेय, डॉ. राहुल राय और छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

अपराधियों की खैर नहीं उनका स्थान सिर्फ सलाखों के पीछे, वरिष्ठ निरीक्षक, नन्हे सिंह,

संवाददाता मोनू शर्मा,

माधौगढ़ जालौन माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत जालौन पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ईराज राजा के कुशल निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकार माधौगढ़ की कुशल मार्गदर्शन में तथा माधौगढ़ कोतवाली के वरिष्ठ निरीक्ष-ाक नन्हे सिंह के कुशल नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा चलाए जा रहे अभियान लंगड़ा एवं पाताल के तहत अपराधियों की कमर तोड़ कर रखदी इसी अभियान के तहत कोतवाली के वरिष्ठ निरीक्षक नन्हे सिंह के द्वारा लगातार गांजा तस्करी, जुआ के अड्डे, सट्टा, संदिग्ध वाहन,

संदिग्ध व्यक्ति एवं अपराधियों के ठिकाने पर लगातार छापेमारी करने से अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है कोतवाली के वरिष्ठ निरीक्षक ने पत्रकार वार्ता में बोलते हुए बताया की सरकार की मंशा के अनुरूप अपराधियों को किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा वह कितनी भी पहुंच वाला क्यों ना हो उनका स्थान सिर्फ सलाखों के पीछे होगा माधौगण पुलिस द्वारा रात में लगातार गस्त करने से अपराधियों में भय प्राप्त है

सरस्वती विद्या मंदिर के विज्ञान कार्यशाला में दी गयी जानकारी

दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण

जौनपुर। सरस्वती विद्या मन्दिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारीनाथ में एनिमल वेलफेयर सोसायटी की तरफ से कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें शिक्षकों को विज्ञान एवं टेक्नोलोजी की नई तकनीक के बारे में जानकारी

दी गई। एनिमल वेलफेयर सोसायटी की तरफ से शिक्षकों को विज्ञान के बारे में जानकारी दी गई। विज्ञान प्रशिक्षक राजेश दूबे तथा सहायक मधु दूबे ने बताया कि कैसे वायु में भार होता है तथा वायु स्थान घेरती है। केंद्रीय बल का प्रयोग, सूर्य के पराबैंगनी किरणों आदि को कैसे सिद्ध करे, ये सभी बताया गया। साथ ही होमी जहांगीर भाभा, जेम्सवाट, रदरफोर्ड, फैराडे जैसे वैज्ञानिकों के नियम पर फोकस करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने शिक्षकों को द्रव्यमान और भार में अंतर को विस्तार से बताते हुये जड़त्व के नियम समेत अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य तथा कार्यक्रम के अध्यक्ष गणेश दत्त उपाध्याय, मुख्य अतिथि संजय अस्थाना वरिष्ठ पत्रकार, विशिष्ठ अतिथि उदय सिंह प्रवक्ता, विद्यालय के अध्यापक दिलीप पाठक, संजय तिवारी, सुमन मित्तल, वन्दना अस्थाना, राज बहादुर यादव, दिवाकर सिंह, मीना सिंह, लोकेश कुमार, त्रिभुवन नाथ मौर्य, शशि प्रकाश, ओम प्रकाश सिंह, ऋषभ कुशवाहा, आराधना राय, यशवंत सिंह, प्रदीप यादव, आदर्श श्रीवास्तव, कल्पना सिंह, आरती प्रजापति, सुनील मौर्य आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रामजन्म सिंह ने किया

मां के जयकारे से गूंज उठा शीतला चौकियां धाम

दर्शन पूजन के लिये श्रद्धालुओं की लगी लम्बी कतारें

दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण

चौकियां धाम, जौनपुर। शारदीय नवरात्रि के दूसरे दिन सोमवार को शीतला चौकियां धाम में भक्तों की अपरम्पार भीड़ रही। प्रातःकाल आरती पूजन के पश्चात माताराणी जी के जयकारों से शीतला चाकियां धाम गूंज उठा। दर्शन पूजन, जनेऊ, मुंडन संस्कार आदि संस्कार के लिये सोमवार और शुक्रवार का दिन विशेष माना जाता है। माँ के दूसरे स्वरूप ब्रह्मचारिणी देवी के दर्शन पूजन के लिये सोमवार भोर से ही भक्त कतार में लगे रहे। भोर साढ़े चार बजे माँ की मंगला आरती के बाद दर्शन पूजन का क्रम शुरू हूआ जो दिनभर चलता रहा। कथा अनुसार मां ब्रह्मचारिणी देवी भक्तों को निरोगी काया, धन सम्पदा तथा मान में वृद्धि देने वाली हैं। कड़ाही करने वाले भक्तों ने ब्रह्मचारिणी माता को पचरा गाते हुए हलवा, पूड़ी के साथ अड़हुल का फूल, गजरा, ध्वजा, नारियल आदि चढ़ावा चढ़ाया। धाम में जगह जगह दर्शनार्थी

महिलायें दिनभर कड़ाही करती रहीं जो देर शाम तक चलता रहा। भक्तों ने मंदिर के पूर्वी तथा दक्षिणी द्वार पर बैठे भिखारियों को अन्न धन, वस्त्र आदि दान दक्षिणा किया। सोमवार बहराम का दिन होने के कारण धाम के नाऊ बाड़े में दिनभर नौनिहालों का मुंडन संस्कार होता रहा। माताराणी जी का दर्शन पूजन करने के पश्चात भक्तगण काल भैरवनाथ मंदिर, दुर्गा पूजा पंडाल, काली माताराणी मन्दिर में दर्शन पूजन करते हुए नजर आए। मन्दिर के बाहर बने कंट्रोल रूम, खोया पाया केंद्र से बिछड़े हुए परिवार के सदस्यों, पुलिस, पंडा परिवार द्वारा सहायता की गई। कंट्रोल रूम से भीड़ को नियंत्रित किया जाता रहा। मेला क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस, पीएसी बल चप्पे चप्पे पर तैनात रहे।

चुखीं थाना क्षेत्र में के अन्तर्गत विनौरा वेद में गांव की युवती की संदिग्ध हालात में हत्या कर शव झाड़ियों में पड़ा मिला

उरई(जालौन)।आज दिनांक 16 अक्टूबर 2023 को थाना चुर्खी पर सूचना प्राप्त हुयी कि ग्राम बिनौरा वैद्य के पास झाड़ियों में एक महिला का शव पड़ा है । इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक थाना चुर्खी द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर जानकारी की गयी तो उक्त शव की पहिचान गीता देवी पत्नी रज्जन निवासी ग्राम विनौरा वैद्य थाना चुर्खी जनपद जालौन उम्र करीव 40 वर्ष के रूप में हुई है । पूंछतांछ में बताया गया कि उक्त महिला दिनांक 15 अक्टूबर 2023 को सुबह 09:00 बजे अपने खेत पर कार्य करने हेतु निकली थी तथा अपने घर वापस नही आई थी । फॉरेन्सिक टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गयी है । घटनास्थल का निरीक्षण मेरे द्वारा किया गया । स्थानीय पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही पूर्ण कर वास्ते पोस्टमार्टम हेतु भेजा जा रहा है । मौके पर कानून एंव शान्ति-व्यवस्था की स्थिति सामान्य है ।

सड़क दुर्घटना में मृतक का शव घर पहुंचते ही मचा कोहराम

माधौगढ़ जगम्मनपुर ,जालौन । सड़क दुर्घटना में मृतक का शव घर आते ही परिजनों ,रिश्तेदारों , मोहल्ला वासियों के करुण क्रंदन से संपूर्ण वातावरण शोक में डूब गया ज्ञात हो कि कल दिनांक 15 अक्टूबर की शाम समय लगभग 06 बजे उरई कोतवाली अंतर्गत कोटरा रोड पर सड़क दुर्घटना में धीर सिंह पुत्र रघुनाथ सिंह सेंगर उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी जगम्मनपुर की मृत्यु हो गई । मृतक धीर सिंह अपनी पुत्री के विवाह कार्यक्रम की प्रथम रस्म गोद भराई जो आगामी दुर्गा नवमी को जगम्मनपुर में होनी थी इसके लिए अपनी ससुराल के लोगों से विचार विमर्श कर ग्राम आस्था से कोटरा रोड होते हुए उरई की ओर आ रहे थे इस समय शाम समय लगभग 6:00 बजे किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए , उचित समय पर चिकित्सकीय सहायता ना मिल पाने के कारण घटनास्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई । मृतक के शव को पुलिस की मदद से मेडिकल कॉलेज उरई भेजा गया व परिजनों को सूचना दी गई। सूचना पाकर रात लगभग 11:00 बजे मृतक के परिजन जगम्मनपुर से उरई गए। पोस्टमार्टम के बाद आज सोमवार की देर शाम जब धीर सिंह का शव उनके घर जगम्मनपुर पहुंचा तो उपस्थित ग्रामीण परिजनों व रिश्तेदारों के करुण क्रंदन से समस्त वातावरण शोकमय हो गया।

चुनावी रंजिश को लेकर ग्राम प्रधान की झूठी शिकायतों को लेकर जिलाधिकारी से की शिकायत

उरई जालौन नदीगांव ब्लाक के ग्राम पचीपुरा खुर्द के प्रधान राजीव कुमार ने सोमवार को डीएम राजेश कुमार पांडेय को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि चुनावी रंजिश को लेकर गांव के ही कुछ लोग उसकी आए दिन झूठी शिकायते करते हैं। जिससे विकास कार्यो में वाधा आ रही है। उन्होंने बताया कि सभी सरकारी काम समय समय पर कराए जा रहे हैं। कामों में बाधा न पहुंचे और काम नियमित रूप से चलता रहे, इसके लिए झूठे शिकायतकताओं की शिकायतों को संज्ञान में न लिया जाए। उसने बताया कि शिकायत करने वालों के कहने पर ही उसने समतलीकरण का कार्य कराया है। दबाव बनाने के लिए उक्त लोग शिकायत कर रहे हैं।

नगर में एक ऐसी मां दुर्गा की प्रतिमा जिस-ाके दर्शन के लिए लगता है भीड़ लगता है।

आशु खरवार समाज जागरण जिला संवाददाता बलिया

बलिया जनपद के रसड़ा नगर के शिवनगर उत्तर पट्टी में 15 वर्षों से बनाई जा रही मां दुर्गा की प्रतिमा पूरे जिले के लिए ऐसे ही खास नहीं होती. दरअसल इस मूर्ति को बनाने के लिए कारीगर अपनी पूरी कला का प्रदर्शन करते हैं. तब जाकर कहीं

न कहीं यहां की मूर्ति पूरे जिले के लिए खास होती है. अब तक यहां पर मटर की दाल, मोती, धूप की लकड़ी, जौं, बटन, राजमा, मक्के, काबुली चना और लौंग इत्यादि से माता की प्रतिमा बनाई गई जो हर समय जिले के लिए खास रहती हैं। इस मूर्ति को बनाने में नन्हे कलाका-रों का भी सहयोग रहता है।

विवाहिता की हत्या के मामले में प्राथमिकी दर्ज

दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर

औरंगाबाद (बिहार)उपहारा थाना क्षेत्र में विवाहिता के हत्या के मामले में मृतका के पति के फर्द बयान पर भाई उसकी पत्नी व भाई के साला को आरोपित किया है। मामला पैतृक संपत्ति में बंटवारे से जुड़ा हुआ है। मामला उपहारा थाना क्षेत्र के सहरसा गांव से जुड़ा है। जहां मृतका के पति ललित कुमार ने फर्द बयान देते हुए बताया कि मेरी पत्नी की हत्या एक साज़िश के तहत मेरे छोटे भाई मुन्ना शर्मा उसकी पत्नी शोभा देवी व मुन्ना शर्मा के साला लालू शर्मा ने मिलकर जहर देकर किया है। जहां इलाज के दौरान 4 अक्टूबर को संजू देवी का मगध मेडिकल कॉलेज गया में मौत हो गई। थानाध्यक्ष किरण कुमारी ने बताया कि विवाहिता के पति के फर्द बयान पर कांड संख्या 87/23 दर्ज किया गया है। उक्त आरोपियों के गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की जा रही है।

एकता में ही बाल है और एकता का बल प्यार को दशार्ता है पप्पू यादव

समाज जागरण

भागलपुर (बिहार) आज शांति सद्भाव भाईचारे को स्थापित करने का काम भागलपुर के लाल जिले में विकास पुरुष के नाम से चर्चित राजद के कद्दावर नेता श्री पप्पू यादव जनता के साथ हर घड़ी उनकी समस्या के समाधान के लिए अपने दायित्व की निस्वार्थ भाव से पूर्ति करते हैं जिले के शहर हो या

गांव जहां भी यह जाते हैं सभी वर्ग खासकर युवाओं की भीड़ उमड़ पड़ती है कहम आपको बता दे कि लोगों के बीच उनके सहयोग के लिए जनकल्याण की बात की जाए या अन्य कोई भी समस्या या विपदा की बात की जाए वे जनता के बीच अपनी उपस्थिति रखते हैं जिससे की जनता के बीच पप्पू यादव के प्रति एक अलग प्रकार की उत्साह देखने को मिलती है वैसे कोरोना कॉल कॉल कॉल कॉल कॉल कॉल कॉल कॉल क'ल के समय जिले में 5 लाख से भी अधिक जरूरतमंदों तक घर-घर जाकर सेनीटाइज के साथ-साथ राशन का वितरण किया तो वैसे जरूरतमंद परिवारों तक सहयोग राशि भी पहुंचने का काम किया, श्री यादव कहते हैं कि एकता में ही बाल है और एकता का बाल प्यार को दशार्ता है इस बार इंडिया महागठबंधन से अगर टिकट मिलता है तो भारी मतों से जीत हासिल करेंगे' बिहार के वर्तमान उपमुख्यमंत्री श्री देसी यादव के गरीबों के साथ-साथ राजाद सुप्रीमो श्री लालू प्रसाद यादव का आशीर्वाद उनके साथ है 'ऐसे में जनता के बीच चुनावी माहौल देखने को मिल रही है वही प्रवीण यादव, अभिनंदन यादव, शंभू शाह, अशोक कुमार, जवाहर मंडल, संतोष मिश्रा, रोहित यादव, मंटू मंडल, आशीष कुमार, उत्तम सिंह, अशोक मंडल, राजेश कुमार, राहुल यादव, संजय पासवान एवं अन्य सभी सहयोगियों का साथ भी बना रहता हैं'

सम्मान पाकर गदगद हो उठे भाजपा के बूथ अध्यक्ष

समाज जागरण जिला ब्यूरो चीफ प्रभात कुमार मिश्रा

भागलपुर बिहार सोमवार को सबौर मंडल के राजंदीपुर शक्ति केंद्र के सभी बूथ अध्यक्षों को भारतीय जनता पार्टी के लिए अच्छे काम करने के उपलक्ष में मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार के द्वारा छाता देकर सम्मानित किया गया'भाजपा प्रखंड अध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा की भाजपा कार्यकताओं को जमीनी स्तर

पर पहचानती है। संगठन की मजबूती के लिए हर कार्यकर्ता अपने आप में नेता है।अपने बूथ को फतह करते ही किला फतह हो जाएगा'इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला महामंत्री विजय कुशवाहा ने संबोधित करते हुए कहा अपना बूथ सबसे मजबूत 2024 में नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनने के लिए हम पूरी तत्वता से लगे पार्टी की जीत हार बूथ परी होती है हम सब भारत माता को विश्व गुरुवाने वाले योद्धा है।

भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की गई।

इस कार्यक्रम में किसान मोर्चा अध्यक्ष गोवर्धन मंडल लाल बिहारी यादव, कपिलदेव मंडल, पिंटू कुमार, गौतम कुमार, पल्टू कुमार मंडल, उदय पासवान, सुशील कुमार आदि सभी बूथ अध्यक्ष शामिल थे।

इसकी जानकारी जिला मीडिया प्रभारी प्राणिक वाजपेयी ने दी।

ब्राह्मण समाज संघ ने किया प्रशिक्षण टूलकिट का निशुल्क वितरण

समाज जागरण अनुमंडल संवाददाता कन्हैया खंडेलवाल

कहलगांव बिहार करिश्मा खंडेलवाल द्वारा संचालित महिला प्रशिक्षण केंद्र परिसर में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली सिलाई कटाई प्रशिक्षुओं के बीच कहलगांव ब्राह्मण समाज संघ के सदस्यों द्वारा सिलाई कटाई प्रशिक्षण संबंधी टूलकिट का निशुल्क वितरण किया गया, प्रशिक्षण टूल किट में कैंची सुई धागा रबर कटर पेंसिल ग्राफ कॉपी रूलिंग कॉपी इंची टेप बोबिंग कैस फीता

आदि दिया गया। प्रशिक्षण किट का निशुल्क वितरण ब्राह्मण समाज संघ के सदस्य श्री जयप्रकाश जोशी एवं पुरुषोत्तम जोशी ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर प्रशिक्षण किट प्राप्त करने वाली प्रशिक्षणार्थियों में पीरपैंती की तनु कुमारी और कोमल कुमारी कहलगांव की संगीता गुप्ता खुशबू देवी अंजली देवी रिया कुमारी वर्षा कुमारी पूनम देवी सलेहा परवीन रूपम देवी सोनी देवी और तारापुर मुंगेर की पलक कुमारी सोनम कुमारी कहलगांव शहर के ग्रामीण क्षेत्र की बिंदु कुमारी मधु कुमारी रजनी कुमारी सहित दर्जनों माता बहन उपस्थित थी। इस नेककार्य के लिए आए आगंतुकों के प्रति मुख्य प्रशिक्षिका करिश्मा खंडेलवाल ने अभार प्रकट किया तथा सिलाई कटाई प्रशिक्षिका बबीता देवी ब्यूटीशियन प्रशिक्षका मिनल कुमारी मेहंदी प्रशिक्षिका काजोल कुमारी कंप्यूटर डीसीए प्रशिक्षिका तनू जी ने धन्यवाद दिया.

झारखण्ड पर्यटन विभाग के किड्स फैशन शो मॉडलिंग मे नबीनगर की साक्षी प्रिया ने मारी बाजी

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार)16 अक्टूबर 2023 औरंगाबाद जिले के नगर पंचायत नबीनगर वार्ड 4 जनकपुर पोखरा की साक्षी प्रिया ने झारखंड पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित किड्स फैशन प्रतियोगिता मे बाजी मारकर अपने परिवार के लोगो के साथ साथ पूरा नबीनगर को गौरवान्वित किया है।

नगर पंचायत नबीनगर वार्ड 4 के निवासी एवम सामाजिक कार्यकर्ता रामजीत शर्मा ने बताया कि उनकी पोती एवम उनके पुत्र ई राजेश कुमार के पुत्री साक्षी प्रिया झारखंड पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित किड्स फैशन शो प्रतियोगिता मे छठा स्थान बनाकर ग्रैंड फिनाले के लिए अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है।रामजीत शर्मा ने बताया की वे तथा उनके परिवार के सभी सदस्य सहित इष्ट मित्र और सगे संबंधी भी पोती साक्षी प्रिया की सफलता पर काफी प्रसन्न है।

राजा गोपाल इंग्लिश अकादमी के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार, प्रधानाध्यपक बिनोद दास, ओम प्रकाश अग्रवाल, बिनोद यादव,रामप्रवेश शर्मा, वीरेंद्र शर्मा ने साक्षी की उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना करते हुए सफलता के लिए बधाई दिया है।

इस्लाम मजहब शान्ति व बराबरी का दरस

समाज जागरण देवनारायण यादव

मेहसी। प्रखंड क्षेत्र के मिजार्पुर गांव स्थित अजमेरी मस्जिद परिसर में उर्स सरकारे सुरकाही के मौके पर जशन ए ईद मिलादुन्नबी का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुफ़्ती अब्दुल हमीद हामीदुल कादरी ने अपनी तकरीर में मर्द, औरत, बूढ़े और बच्चे सब की तालीम पर जोड़ दिया। मजहब इस्लाम की खूबियां बयान करते हुए फरमाया कि मजहब इस्लाम काले गोरे, ऊंचे नीचे अरबी अजमी हर तरह का फर्क मिटाने का हुक्म देता है। उन्होंने कहा कि एक ही सफ में शाह व गदा, अमीर व फकीर, मुख्तार व मोहताज को खड़ा कर के हकीकी मसावात की मिसाल कायम करता है। दहेज के खिलाफ बयान करते हुए नौजवानों को ताकीद की कि खुद अपनी शादी वगैरह दहेज के करो। और दूसरा अगर कोई दहेज मांगता है तो उसके बरात में शामिल मत हो। डर और लालच के बारे में हामीदुल कादरी ने कहा कि यह दोनों चीजें आदमी को हक बोलने से रोकती है। इसलिए तमाम मुसलमानों को सिर्फ अल्लाह और रसूल की खुशी का पाबंद होना चाहिए और किसी डर और लालच की वजह से हक और सच बोलने से रुकना नहीं चाहिए। इस मौके पर पीर ए तरीकत हजरत अल्लामा जिया-उल-मुज्तबा कामिल ने कहा कि सरकारे सुरकाही ने चारो तरफ शिक्षा को फैलाया। पाकीजगी का सबक पढ़ाया। दबे कुचले समाज को इज्जत और और सर बुलंदी पर फाइज किया। सरकारे सुरकाही को आइडियल बनाना चाहिए। और उनकी बताएं भी राह पर चलकर कामयाब इंसान बनने का शर्फ हासिल करना चाहिए।

इस संदर्भ में कमिटी के सदर अनवर मकरानी व पीरे तरीकत अलहाज शाह डॉक्टर गयासुद्दीन तेगी ने बताया कि उर्स सरकारे सुरकाही के मौके पर कॉन्फ्रेंस का आयोजन मिजार्पुर स्थित अजमेरी मस्जिद के नजदीक बुधवार की देर शाम कांफ्रेंस का आयोजन बड़े ही धूम धाम से मनाया

गया। इस अवसर पर अलाउंसर मुफ़्ती रेहान रजा ने नाकाबत का काम किया। वही शायरे इस्लाम नूर आलम पैकर चम्पराणी, इरशाद आलम रोशन चम्पराणी, महफूज आलम, सज्जाद आलम तेगी, मौलाना कौसर रिजवी, मौलाना दीदार अली, मुफ्ती कुतुबुद्दीन, मौलाना इमरान रजा, फिरोज आलम अरकम चम्पराणी, सहित बड़ी तादाद में बाहरी और स्थानीय उलमा और शायर ने नात व मनकबत पढ़ लोगो को खूब आनंदित किया।

21 अक्टूबर को सिरुम में शहादत दिवस समारोह को सफल बनाने के लिए बैठक आयोजित

फुलचांद पारित, समाज जागरण, संवाददाता, नीमडीह

नीमडीह (झारखंड), 16 अक्टूबर 2023 : शहीद अजीतझधनंजय महतो स्मारक समिति के सौजन्य से झारखंड आंदोलनकारी सुनील कुमार महतो की अध्यक्षता में सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत कुकडू प्रखंड के सिरुम गांव में एक आवश्यक बैठक रखा गया। इस बैठक में आगामी 21 अक्टूबर शहीद दिवस समारोह को सफल बनाने को लेकर क्षेत्र के तमाम कार्यकर्ता की उपस्थिति में चर्चा करते हुए टाइगर जयराम महतो के उद्देश्य को सफल करने का निर्णय लिया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 21 अक्टूबर शहीद अजित महतो व धनंजय महतो के शहादत दिवस के उपलक्ष्य में श्रद्धांजलि सभा के साथ खेलकुद प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम में झारखण्डी भाषा खतियान संघर्ष समिति केंद्रीय सदस्य मोतीलाल महतो जी के आगमन के साथ-साथ तमाम जे बी के एस एस के उपलक्ष्य में शहीद स्मारक समिति सिरुम के द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। बैठक में बादल

के सदस्य एवं कलाकार की उपस्थिति में जो कार्यक्रम लिया गया है, उस कार्यक्रम को कैसे संवैधानिक रूप से सफल किया जाए इस विषय पर भी विचार किया गया। क्षेत्र के लोगों से अपील किया गया कि 21 अक्टूबर के शहादत दिवस समारोह महतो, परमेश्वर महतो, पंचानन महतो, सुधीर महतो, जितेन्द्र महतो, संजय महतो, अशोक महतो, उकिल महतो, ब्रजदुलाल महतो, सिदाम महतो, फाल्गुनी महतो, सुभाष महतो, संन्तोष महतो, सुधीर महतो आदि काफी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

बोड़ाम प्रखण्ड में एक दिवसीय पंचायत विकास सुचकांक का कार्यशाला

नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा

पटमदा : बोड़ाम प्रखण्ड में सोमवार को एक दिवसीय पंचायत विकास सुचकांक का कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला में पार्टिसिपेटरी,प्लानिंग एक्सपार्ट्स एसपीआरसी, रांची के राज्य के प्रतिनिधि के रूप में अरशद अंसारी तथा डीपीएम जिला परिषद ,पूर्वी सिंहभूम के श्री राजू झा उपस्थित हुए।

कार्यशाला में राज्य के प्रतिनिधि अरशद अंसारी ने पंचायत का सत्त विकास का लक्ष्य , पंचायत विकास सुचकांक ,पीडीआई क्यो ? , स्थानीय संकेतक के ढांचे , पीडीआई स्कोर पर ग्रेडिंग चुनौतियां , डेटा सत्यापन तंत्र , डेटा सत्यापन तंत्र प्रखण्ड स्तर पर भूमिका , समय सीमा , एसडीजी के 09 व्यापक विषय पर विस्तार से जानकारी दी।साथ ही सभी प्रखण्ड समन्वयक, पंचायत को पंचायत विकास सुचकांक का प्रशिक्षण अपने प्रखण्ड में रखने का निर्देश दिया गया। प्रज्ञा केन्द्र संचालक को यह भी बताया गया कि पोर्टल में डेमो लोगिन से डेटा का प्रविष्टि दिखाया गया। सारा



डेटा का हार्ड कॉपी प्राप्त कर ही पोर्टल में प्रविष्टि करने का निर्देश दिया गया। प्राईमारी यूजर एवं सेकन्डरी यूजर के पदाधिकारी के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

डीपीएम राजू झा द्वारा बताया गया कि जेम पोर्टल में रेजिस्ट्री कैसे करना है प्रज्ञा केन्द्र संचालक को विस्तार पुर्वक बताया । जेम पोर्टल में सरकारी खरिदारी को अत्यावश्यक कर दिया गया है। जेम पोर्टल में रेजिस्ट्रेशन के लिए मुखिया एवं ग्राम पंचायत का आधार का नम्बर, सकारी ईमेल नम्बर, मोबाईल नम्बर, जो आधार के साथ लिंक होना अनिवार्य किया गया है। डीपीएम द्वारा यह भी बताया गया कि पंचायत में प्रज्ञा केन्द्र खोलने के लिए मुखिया को निर्देश दिया गया कि पंचायत सचिवालय सदृढ़ीकरण योजना में छः माह का राशि दिया गया है। उसी राशि से विद्युत बील, इन्टर नेट की पैक से संबंधित जानकारी प्रज्ञा केन्द्र संचालक को दिया गया। कार्यशाला में रामधन हाँसदा,नीलम कुमारी, विजय शंकर साह, सोनी कुमारी साहू, रूपा कुमारी, संजय सोरेन, गौतम मनी, सोनी हेम्ब्रम, अमित कुमार यादव, नेहरू प्रसाद धाड़ा, सभी मुखिया, पंचायत सचिव, प्रभारी पंचायत सचिव, बोड़ाम प्रखंड के सभी प्रज्ञा केन्द्र संचालक उपस्थित थे।

नेहरू युवा केंद्र ने चलाया मेरी माटी मेरा देश कार्यकर्म

नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा

पटमदा : नेहरू युवा केंद्र संगठन पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर - युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चलाई जा रहें मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम , पटमदा प्रखण्ड कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय युवा स्वयं सागुन टुडु के नेतृत्व में पटमदा प्रखण्ड विकाश

पदाधिकारी नाजिया अफरोज के द्वाराअमृत कलश यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम मे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश भर चलाये जा रहे शहीदों के सम्मान में एकत्र किये जा रहे मिट्टी के बारे मे चर्चा करते हुए सभी को देने की बात में कही गयी। इस कार्यकर्म उपस्थित हुए पटमदा अंचल अधिकारी चंद्रशेखर तिवारी,बी पी ओ ललिता सोरेन,विभिन्न पंचायत के पंचायत सचिव,मुखिया,रोजगार सेवक,तथा ब्लॉक कर्मचारी आदि उपस्थित थे

चोरो को रास नही आए राम, लक्ष्मण, सीता व हनुमान

पियरपुरा थाने के मौरी गांव से चोरी हुई मूर्ति खिरीमोड के निरखपुर गांव में मिला

समाज जागरण संवाददाताः- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमंडल

पालीगंज/ बीते दो सप्ताह पूर्व पियरपुरा थाने के मौरी गांव स्थित ठ-ाकुरवाड़ी से चुराया गया राम, लक्ष्मण, सीता व हनुमान की कीमती मूर्तियां चोरो को रास नही भाया। ये सभी मुर्तिया सोमवार की सुबह खिरीमोड थाना क्षेत्र के निरखपुर गांव स्थित शिवमंदिर के पास रखी हुई मिली है। वही इलाके में यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर छह किलोमीटर दूर स्थित मौरी गांव से ये सब मुर्तिया निरखपुर गांव पहुंची कैसे? कहि हनुमान ही तो राम, लक्ष्मण व सीता को कंधे पर उठाकर यहां नही ले आये या चोर कहि ले जाते समय रास्ते मे छोड़ दिया या चोर कहि आसपास के तो नही था? यदि चोर दूर के होता तो इतना रिश्क लेकर यहां ले आता या अपने ही आसपास में कही रख देता। आखिर मामला क्या है? पियरपुरा थाने की पुलिस मूर्तियों को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल कर रही है।

मामला दरअसल यह है कि बीते दो सप्ताह पूर्व पालीगंज अनुमंडल सह प्रखंड के पियरपुरा थाना अंतर्गत मौरी गांव स्थित ठाकुरवाड़ी से अज्ञात चोरों ने राम, लक्ष्मण, सीता व हनुमान की कीमती मूर्तियां रात्रि के समय चुरा लिया था। वही मूर्तियों में

सुशोभित तीर, धनुष व चांदी की मुकुट ठाकुरवाड़ी से कुछ दूरी पर बरामद हुई थी। लेकिन मूर्तियों का कोई अता पता नही चल पाया था। बाद में ठाकुरवाड़ी के पुजारी के द्वारा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पियरपुरा थाने की पुलिस जांच में जुटी रही। साथ ही सभी अखबारों व कई टीवी चैनलों पर भी यह खबर प्रकाशित व प्रसारण किया गया था। लेकिन सोमवार की सुबह खिरीमोड थाना क्षेत्र के निरखपुर गांव के ग्रामीण टहलने के लिए गांव से बाहर सड़क पर निकले। जहां एक ब्यक्ति ने सड़क किनारे स्थित शिवमंदिर के आगे रखे गए राम, लक्ष्मण, सीता व हनुमान की मूर्तियों के बारे में ग्रामीणों को बताया। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। वही सूचना पाकर मौरी गांव से पहुंचे ग्रामीणों ने मूर्तियों का शिनाख्त किया। इसकी सूचना ग्रामीणों ने खिरीमोड व पियरपुरा थाने की पुलिस को दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पियरपुरा थाने की पुलिस ने सभी मूर्तियों को कब्जे में लेकर थाने ले गयी व मामले की जांच ने जुटी है।

वही ग्रामीणों का कहना है कि आखिर ये सभी मुर्तिया मौरी गांव से छह किलोमीटर दूर स्थित निरखपुर गांव कैसे पहुंची। जब चोर दूर दराज के रहा होगा तो इतना रिश्क लेकर मुर्तिया यहां नही लाता। बल्कि वह अपने ही गांव के आसपास में छिपा देता या रख देता। यदि कहि दूसरे स्थान ले जा रहा होगा तो अचानक इसे यहां रखना क्या मजबूरी होगी? इस तरह की कई सवाल ग्रामीणों के मन मे उठ रही है।

छत्तीसगढ़ के तीन विस में प्रत्याशियों की जीत की रूपरेखा बनाएगें बिहपुर विधायक

बिहपुर भाजपा विधायक को जिम्में छत्तीसगढ़ का तीन विस क्षेत्र

समाज जागरण श्याम कुमार ठाकुर

बिहपुर - (बिहार) विधान चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों की जीत दिलाने के लिए बिहार से पार्टी के कई नेता।/विधायक व कार्यकर्ता छत्तीसगढ़ पहुंच गए हैं।वहीं कई नेता विधायक व कार्यकर्ता अगले दो दिनों में रायपुर के लिए रवाना हो जाएंगे। इसी कड़ी में पार्टी आलाकमान के निदेर्शानुसार बिहपुर के भाजपा विधायक ई. कुमार शैलेंद्र को छत्तीसगढ़ राज्य के शक्ति जिले का जिम्मा सौंपा गया है। वे छत्तीसगढ़ के शक्ति जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे।भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व राष्ट्रीय संगठन मंत्री बीएल संतोष के निर्देश पर भाजपा के राष्ट्रीय

महामंत्री तरुण चुग ने इस आशय का पत्र विधायक ई. कुमार शैलेंद्र को भेजा है।यह जानकारी देते हुए बिहपुर विस में विधायक के मीडिया प्रभारी सह नवगछिया पुलिस जिला भाजपा खेल प्रकोष्ठ के संयोजक ज्ञानदेव कुमार ने बताया कि विधायक श्री शैलेंद्र सोमवार की सुबह शक्ति जिले पहुंच गए हैं।जहं पहुंचने के तुरंत बाद से ही भाजपा कार्यकर्ता के साथ बैठक शुरू कर दिए है।इससे पूर्व छत्तीसगढ़ पहुंचने पर शैलेंद्र को वहां के पार्टी कार्यकताओं ने भव्य अभिनंदन किया इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री मुरारी पासवान को रायपुर बुलाया गया है। युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष अभिनव कुमार सहित आधा दर्जन भाजपा कार्यकताओं को भी छत्तीसगढ़ बुलाया गया है।

पटमदा के नहचीबेड़ा व खेजुरडीह में 5.6 करोड़ की दो पुल निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास

नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा

पटमदा : मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत स्वीकृत पटमदा प्रखंड की लच्छीपुर पंचायत के नहचीबेड़ा नाला एवं प्रधानमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत स्वीकृत कुमीर पंचायत के खेजुरडीह नाला में पुल निर्माण योजना का शिलान्यास सोमवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने किया। नहचीबेड़ा में शिलान्यास के मौके पर मौजूद विधायक के साथ ग्रामीण मौके पर पटमदा के जिला परिषद सदस्य प्रदीप बेसरा व खगेन चंद्र महतो, सांसद की अनुपस्थिति में भाजपा के मंडल अध्यक्ष मंटू चरण दत्त, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, ग्राम प्रधान सुभाष सिंह, मृत्युंजय महतो, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो, मिलन दास, नीलकमल महतो, साधुचरण सिंह, ईशान चंद्र गोप,

विष्णुपद गोराई, रफीक अंसारी व महेंद्र महतो ने नारियल फोड़कर काम का शुभारंभ किया। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण भी मौजूद थे।

इस संबंध में विधायक मंगल कालिंदी ने बताया कि दोनों ही योजना काफी महत्वपूर्ण है इसके बनने से ग्रामीणों को काफी फायदा होने वाली है। प्रत्येक योजना की लागत 2 करोड़ 80 लाख रुपए है। इससे पूर्व विधायक ने बोड़ाम प्रखंड की लायलम पंचायत के रापाचा गांव में विधायक निधि से स्वीकृत पीसीसी सड़क निर्माण योजना का शिलान्यास किया। उन्होंने बताया कि आजादी के बाद पहली बार यह सड़क बनेगी।

बोड़ाम प्रखंड के बीपीओ ने नेहरू युवा केन्द्र के स्वयंसेवक को सौंपा अमृत कलश

नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण, प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा

पटमदा : बोड़ाम प्रखंड के बीपीओ बंधु महतो ने सोमवार को नेहरु युवा केंद्र संगठन पूर्वी सिंह जमशेदपुर के तत्वाधान मे "मेरी माटी मेरा देश" क्रार्यक्रम के तहत बोड़ाम प्रखंड के विभिन्न गांवों और पंचायतों से लाए गए मिट्टी को प्रखंड मुख्यालय मे कलश मे संकलित कर के बनाया गया अमृत कलश को जिला मुख्यालय भेजने के लिए नेहरू युवा केन्द्र बोड़ाम के स्वयंसेवक धरनी सिंह को सौंपा।बोड़ाम प्रखंड मुख्यालय मे अयोजित क्रार्यक्रम के दौरान प्रखंड के पदाधिकारी सहित

प्रखंड के सभी मुखिया ने संयुक्त रूप से नेहरू युवा केन्द्र के स्वयंसेवक धरनी सिंह को को सहयोग किया,प्रखंड मुख्यालय से निकाली गई अमृत कलश यात्रा का नेतृत्व बिरसा युवा क्लब, आंधारझोर एवं जनकल्याण युवा क्लब, आँधारझोर के संयुक्त रूप से किया। इस बीच पहाड़पुर पंचायत के मुखिया अजब सिंह ने सभी को पंच प्राण का शपथ दिलाया। इस बीच दोनों क्लब के सदस्यों राकेश सिंह, बिरेंदर सिंह,धनंजय सिंह, मलिंदर सिंह,आशुतोष सिंह, लादेन रुहिदास,रोहिण सिंह उपस्थित थे।

शिबू इलेवन को हरा कर विस्फोटक इलेवन, बांगुड़दा बना चैंपियन

नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा

पटमदा : पटमदा प्रखंड के बांगुड़दा क्रिकेट मैदान में रविवार रात्रि को एक रात्रि प्लास्टिक क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन बांगुड़दा क्रिकेट टीम की ओर से किया गया। जिसमें कुल 16 टीमों ने भाग लिया।प्रतियोगिता का शुभारंभ कमलपुर थाना प्रभारी धीरंजन कुमार ओझा ने बल्लेबाजी कर के किया।प्रतियोगिता का फाइनल मैच साधु इलेवन और विस्फोटक इलेवन ,बांगुड़दा के बीच खेला गया। जिसमें विस्फोटक इलेवन,बांगुड़दा पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अमित सिंह के शानदार 35 रन की मदद से 4 ओवर में 4 विकेट पर 51 रन बनाकर शिबू इलेवन को जीत के लिए 52 रन का लक्ष्य दिया जिसके जवाब में बल्लेबाजी करने उतरे शिबू इलेवन की टीम ,जयदेव और अजीत के अच्छे गेंदबाजी के सामने 4 ओवर में सिर्फ 33 रन ही बना सकी और मैच 18 रन से हार गया।इस तरह विस्फोटक इलेवन, बांगुड़दा चैंपियन बना। विजेता विस्फोटक इलेवन, बांगुड़दा को 5000 रुपया , उपविजेता शिबू इलेवन को 4000 रुपया और तृतीया डांगडुंग, बोड़ाम और चतुर्थ गेंगाड़ा टीम को 2500- 2500 रुपया देकर कमिटी की ओर से पुरस्कृत किया गया।इस रात्रि क्रिकेट प्रतियोगिता को सफल बनाने में मुखिया प्रतिनिधि अश्विनी सिंह सरदार, वार्ड सदस्य चैतन कर्मकार, गोपाल चन्द्र महतो, मंटू महतो, अबोध कालिंदी, जगन्नाथ प्रमाणिक, रबी सिंह, बाबू लोहार, साधु गोराई का अहम योगदान रहा।

मारिया फ्रोजन मांस फैक्टरी समेत आठ स्लाटर हाउस को मीट बिक्री का अवैध लाइसेंस देने में एक अफसर सस्पेंड, दूसरे पर भी गिरेगी गाज!

रहबर फूड ने मीट बिक्री के लिए जिले आवंटन पर लगाई थी आपतिः शकील कुरैशी

गोगी पोठिया/बरैली/डा. रूद्र किंकर वर्मा।

मारिया फ्रोजन फूड्स एग्रो प्राइवेट लिमिटेड समेत आठ स्लाटर हाउस को अयोध्या समेत 45 जिलों में मीट बिक्री का लाइसेंस देने के मामले में मुख्य पर्यावरण अधिकारी को सस्पेंड कर दिया गया है। एक अन्य अधिकारी पर गाज गिराने की तैयारी चल रही है। मारिया फ्रोजन समेत कंपनियों का अयोध्या समेत जिलों को मीट बिक्री का किया गया आवंटन निरस्त कर दिया गया है। पर्यावरण अधिकारी ने साठगांठ कर कुछ चुनिंदा स्लाटर हाउस को मीट बिक्री का लाइसेंस दे दिया।

आठ स्लाटर हाउस पर पहले रोक लगाई

22 सितंबर को आवंटित कर दिए जिले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मथुरा, काशी, अयोध्या धार्मिक नगरी होने की वजह से मीट बिक्री पर रोक लगाई है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुख्य पर्यावरण अधिकारी घनश्याम ने आठ स्लाटर हाउस पर रोक लगाने की चेतावनी जारी की। डीएम को पत्र भी भेज दिए गए लेकिन इसके बाद मारिया फ्रोजन एग्रो फूड्स प्राइवेट लिमिटेड समेत आठ कंपनियों को अयोध्या समेत प्रदेश के 45 जिलों में मीट बिक्री की अनुमति दे दी गई।

इन 45 जिलों को जारी किया गया मीट बिक्री का लाइसेंस

नगर निगम स्लाटर हाउस मोहनपुर ठिरिया बरेली, मारिया फ्रोजन फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड को अयोध्या, मुजफ्फरनगर, बरेली, बहराइच, गोंडा, बलरामपुर, बाराबंकी, प्रयागराज, संत कबीर नगर, सीतापुर, लखीमपुर, श्रावस्ती जिले आवंटित किए गए। संभल की इंडिया फूड्स बेगम प्राइवेट लिमिटेड को पांच जिले, बरेली की रहबर फूड्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पहले मारिया फ्रोजन एग्रो फूड प्राइवेट लिमिटेड को बरेली समेत तीन

जिले, उन्नाव की रुस्तम फूड्स को आठ जिले, बुलंदशहर की मदीना फ्रोजन फूड्स एंड एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड को चार जिले, उन्नाव की मास एग्रो फूड्स को आठ जिले, अब एक्सपोर्ट्स इंडस्ट्रियल एरिया को सात जिले, अलीगढ़ की एचएमए एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड को पांच जिलों में मीट बिक्री का लाइसेंस दिया गया।

अधिकार क्षेत्र से बाहर मुख्य पर्यावरण अधिकारी ने आवंटित किए जिले, पहले भी हो चुका विवाद

पीसीबी के मुख्य पर्यावरण अधिकारी घनश्याम ने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर कुछ चुनिंदा स्लॉटर हाउस को मीट बिक्री के लिए जिले आवंटित कर दिए। जिस पर अपर मुख्य सचिव खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन अनीता सिंह ने मुख्य पर्यावरण अधिकारी घनश्याम को सस्पेंड कर दिया। उनके द्वारा फ्रोजन फूड और गाजियाबाद के अल नासिर एक्सपोर्ट्स की बिक्री पर रोक लगा दी थी। इस मामले में उन पर भी कार्रवाई होना तय माना जा रहा है। रहबर फूड ने मीट बिक्री के लिए जिले आवंटन पर लगाई थी आपत्ति मीट के बड़े कारोबारी हाजी शकील कुरैशी ने बताया कि उनकी कंपनी रहबर फूड इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड मीट का निर्यात करती है। कंपनी ने कभी स्थानीय स्तर पर मीट की आपूर्ति नहीं की। इकाई को एफएसएसएआई रिटेल बिक्री के लिए लाइसेंस भी नहीं है। रहवर फूड इंडस्टरीज प्राइवेट लिमिटेड बरेली में स्थानीय आपूर्ति हेतु मांस की बिक्री नहीं करेगी। कंपनी के एमडी फिरोज अहमद शेख की ओर से 28 सितंबर को मुख्य पर्यावरण अधिकारी को आपत्ति दर्ज कराई गई थी। हाजी शकील कुरैशी ने बताया कि उनकी आपत्ति के बाद ही इस मामले में कार्रवाई हुई है।

शांति इंटरप्राइजेज शोरूम का पूर्व मंत्री, एमएलसी एवम चिकित्सक ने फीता काट कर किया उद्घाटन

यहां ब्लड बैंक की स्थापना हो जिससे इस पिछड़े क्षेत्र का होगा कल्याणः डा. पूजा भारती

आगत अतिथियों का पाग,अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह से किया गया स्वागत

उदाकिशुनगंज ।

शांति इंटरप्राइजेज टीवी फ्रिज इलेक्ट्रॉनिक एवं फर्नीचर के शोरूम का उद्घाटन करने पहुंचे पूर्व मंत्री सह आलमनगर विधानसभा के लोकप्रिय विधायक नरेंद्र नारायण यादव, विधान परिषद सदस्य डॉक्टर अजय कुमार सिंह एवम लब्ध प्रतिष्ठित स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. प्रो. पूजा भारती ने संयुक्त रूप से फीता काट कर उद्घाटन किए। पूर्व मंत्री नरेंद्र नारायण यादव जी ने कहा कि 106 उदाकिशुनगंज मधेपुरा पथ को जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा साथी उन्होंने कहा कि जनसंवाद के तहत आम आदमी की समस्या को सरकार गंभीरता से ले रही है एवं उसकी सुलझाने का कोशिश कर रही है वहीं डॉ अजय कुमार सिंह ने कहा कि हमने जो विधान परिषद में बाबा सिंहेश्वर नाथ की नगरी में जाम की समस्या के बारे में सदन में आवाज उठाई थी उसका फलाफल यह है कि बहुत जल्दी जाम से निजात दिलाने के लिए ठोस उपाय किए जा रहे हैं एवं सरकार उस दिशा में काम कर रही है और बहुत जल्द ही आप लोगों को इस समस्या से निजात

मिल जाएगा।उन्होंने कहा कि आदरणीय नरेंद्र बाबू हम लोगों के अभिभावक है और यह हमारा सौभाग्य है की हम इन्हें सदन में एवं सदन के बाहर में इनके जीवन से बहुत कुछ सीख रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटिहार मेडिकल कॉलेज कटिहार के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ पूजा भारती ने कहां की दोनों व्यक्ति है हमारे अभिभावक है और मैं इनसे मांग करती हूं कि यहां ब्लड बैंक की स्थापना हो जिससे इस पिछड़े क्षेत्र का कल्याण होगा ।दोनों नेताओं ने कहा कि हम लोग इसके लिए जो भी सार्थक पहल होगा हम करेंगे। इस मौके पर प्राचार्य रविंद्र कुमार रमन, राजद के प्रदेश सचिव देबेश कुमार सिंह, इंटक जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, डॉ डीके सिंन्हा, डॉ इंदू भूषण कुमार,डॉ एस के संत, डॉ ए के मिश्रा, डॉ वीवेक भारती,डॉ मिथिलेश कुमार, डॉ संतोष यादव ,डॉ संदीप कुमार सोनू, आदित्य नारायण यादव, सुमन कुमार सिंह विक्रम कुमार, सुनील कुमार सिंह ,रामानंद सिंह ,प्रमोद बाबू, मंटू यादव बबलू यादव कमलेश्वरी मेहता मंजेश कुमार सिंह पूर्व जिला पार्षद संजय कुमार सिंह अधिवक्ता सुबोध कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। आगत अतिथियों का मिथिला परंपरा के तहत पाग ,अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह से स्वागत किया गया।

पंचायतों में पेंशन के लिए लगाए गए शिविर, त्रुटिपूर्ण आवेदन की हुई जांच

अररिया/प्रदीप कुमार झा

विशेष पेंशन शिविर के तहत सोमवार को सदर प्रखंड के सभी पंचायत में विशेष पेंशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान पेंशन से वंचित त्रुटि पूर्ण आवेदनों का जांच कराया गया। वहीं नए पेंशन के लिए भी लोगों ने बढ़-चढ़कर आवेदन दाखिल किया। खासकर प्रखंड क्षेत्र के किस्मत खवासपुर पंचायत भवन में समारोह पूर्वक विशेष पेंशन शिविर का आयोजन किया गया। मुखिया दयानंद सादा के उपस्थित में आयोजित इस शिविर में तीन दर्जन से अधिक पुराने त्रुटिपूर्ण आवेदन को सुधार के लिए तथा दो दर्जन से

अधिक नए आवेदन शिविर में जमा कराया गया। वहीं मुखिया दायानंद सादा ने बताया कि काफी संख्या में वृद्धा पेंशन, दिव्यांगता पेंशन, लक्ष्मी बाई पेंशन से लोग वंचित हैं जिसमें अधिकांश लोग गरीबी रेखा से नीचे बसर करते हैं। प्राथमिकता के तौर पर सभी पेंशन से वंचित लोगों को जल्द से जल्द पेंशन का लाभ दिलाने के लिए पंचायत स्तर के कर्मी व प्रखंड स्तर के कर्मी को सख्त हिदायत दी गई है। जल्द वंचित लोगों को पेंशन योजना का लाभ दिलाने की बात कही। मौके पर पंचायत सचिव नीरज कुमार, पूर्व मुखिया मुमताज अंसारी, वार्ड सदस्य मंगल मंडल, अरुण यादव, तस्लीम मंसूरी, विजय झा, लक्ष्मी झा, राजेश सादा, यासीन अंसारी, रोहित सादा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद थे।

पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6

फुटबॉल महाकुंभःकुमार घाट सहरसा ने सेंट मोसेस स्कूल को हराकर ओपन टू ऑल के क्वाटर फाइनल मुकाबले में बनाई जगह

सेंट पीटर्स हिंदी मीडियम स्कूल बनाम यू टी हाई स्कूल काझा का मैच बराबरी पर,दोनों ही टीमों को एक –एक दिया गया।

पूर्णियां ।

पनोरमा ग्रुप द्वारा द्वारा आयोजित पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 प्रतियोगिता जिला स्कूल स्टेडियम एकलव्य सेंटर खेल मैदान परिसर पूर्णिया में फुटबॉल के अंडर 16 बालक वर्ग एवं ओपन टू ऑल प्रतियोगिता खेली जा रही है।

ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व क्रिकेट प्रशिक्षक हरिओम झा ने कहा कि पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 के द्वितीय एवं तृतीय चरण का खेल चल रही है और अभी चौथे, पांचवें, छठे चरण का मैच शेष है।

मैच प्रारंभ होने से पूर्व श्री स्वाति वैश्यंत्री, श्री प्रमोद पंसारी, श्री मिथिलेश राय ने खिलाड़ियों एवं मैच रेफरी से परिचय प्राप्त कर एवं राष्ट्रीय गण गाकर विधिवत खेल का उद्घाटन किया।

मैच परिणाम: फुटबॉल अंडर 16 बालक वर्ग प्रतियोगिता

1. यू टी हाई स्कूल काझा बनाम सेंट पीटर्स हिंदी मीडियम स्कूल के बीच मुकाबला बराबरी का रहा। दोनों को एक - एक अंक दिया गया।

2. जिला स्कूल एकलव्य सेंटर बनाम सेंट थॉमस स्कूल मुंशी बारी के बीच मुकाबला खेला गया। जिला स्कूल एकलव्य सेंटर ने 1-0 से मुकाबला जीत ली।

3. यू टी हाई स्कूल काझा ने विद्या बिहार आवासीय विद्यालय परोड़ा को 1-0 से हरा दिया।

फुटबॉल प्रतियोगिता ओपन टू ऑल

ग्रुप "ए"

1. सेंट मोसेस इंग्लिश स्कूल को कुमार घाट सहरसा ने 1-0 से हराया।

2. विद्या विहार आवासीय विद्यालय

परोड़ा को आदिवासी यूनाइटेड ने ट्राई ब्रेकर के माध्यम से 4-2 हराया।

ग्रुप "बी"

3. इलेवन स्टार दिविरा बाजार ने बालक इलेवन को वाक ओवर दिया।

4. बी. एस. टी.सी. सी कसबा बनाम बी. बी. टी हरदा के बीच मुकाबला खेला जाएगा।

दिनांक 17/10/2023 को खेलें जाने वाले मुकाबलाः-

फुटबॉल अंडर 16 बालक वर्ग प्रतियोगिता

1. यू टी हाई स्कूल काझा बनाम सेंट थॉमस स्कूल मुंशी बारी।

2. जिला स्कूल एकलव्य सेंटर बनाम सेंट पीटर्स हिंदी मीडियम स्कूल

3. विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोड़ा बनाम सेंट थॉमस स्कूल मुंशी बारी के बीच मुकाबला खेला जाएगा।

फुटबॉल ओपन टू ऑल प्रतियोगिता

1. कुमार घाट सहरसा ने सेंट थॉमस स्कूल मुंशी बारी को 1-0 से हराया।

2. विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोड़ा बनाम आदिवासी यूनाइटेड के बीच मुकाबला खेला जा रहा है। इस मैच के विजेता

3. इलेवन स्टार डिवरा बाजार बनाम बालक इलेवन के बीच मुकाबला होना है।

4. बी एस टी एफ सी कसबा बनाम बी बी टी हरदा के बीच मुकाबला खेला जाना।

मैच रेफरी की भूमिका निभा रहे हैं:- अजीत सिंह, रजनीश पाण्डेय, रामसेवक रमण, अभिषेक मिश्रा, राजेश मूर्म, हषित आनंद एवं रजनीश कुमार। इस अवसर पर उपस्थित थे श्रीमती स्वाति वैश्यंत्री , पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा, मिथिलेश राय, जितेन्द्र कुमार सिन्हा गोपी, बिमल मुकेश, राजीव कुमार, बब्लू चौधरी, मो नैयर अली, मो मंजर मोहशिम, मनीष कुमार झा, रितेश कुमार झा, आशुतोष कुमार, दीपक दिलाबर, अनिल कुमार आदि उपस्थित थे।

कुलपति ने विभिन्न शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों से किया संवाद

प्रतिनिधियों ने एक स्वर में मांग की कि सभी शिक्षकों को जून से बकाया वेतन का भुगतान किया जाए।

मधेपुरा।

बीएनएमयू के कुलपति प्रो. (डॉ.) राजनाथ यादव ने सोमवार को विभिन्न शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों से संवाद किया। प्रतिनिधियों ने एक स्वर में मांग की कि सभी शिक्षकों को जून से बकाया वेतन का भुगतान किया जाए। कुलपति ने कहा कि सभी शिक्षकों की मांगें जायज है। वे शिक्षकों

की सभी समस्याओं के समाधान हेतु तत्पर हैं। बकाया वेतन के भुगतान हेतु शिक्षा विभाग, बिहार सरकार से वार्ता हुई है। आशा है कि शीघ्र सभी समस्याओं का समाधान होगा। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. सुभाष प्रसाद सिंह, महासचिव प्रो. अशोक कुमार, उपाध्यक्ष प्रो. देव नारायण साह, संयुक्त सचिव डॉ. अरविंद कुमार सिंह, सीनेट सदस्य डॉ. अरविन्द कुमार, डॉ. एम. आई. रहमान, डॉ. नरेंद्र श्रीवास्तव, डॉ. बी. के. दयाल, डॉ. अबुल फजल, डॉ. पी. एन. पीयूष, डॉ. सुनील कुमार यादव, डॉ. संजीव कुमार झा आदि शामिल थे।

मधेपुरा कॉलेज मधेपुरा में 13 से 16 अक्टूबर तक चले सेमिनार के जरिये शिक्षकों ने सतत आंतरिक मूल्यांकन कार्य को लेकर की गहन मंत्रणा

20 अक्टूबर तक चलने वाले इस सेमिनार के जरिये च्वाइस बेस्ट क्रेडिट सिस्टम पाठ्यक्रम की प्राप्त करेंगे विस्तृत जानकारी

मधेपुरा।

बीएन मंडल विश्वविद्यालय अंतर्गत नैक ग्रेड- 'बी' मान्यता प्राप्त स्थाई संबंधन प्राप्त मधेपुरा कॉलेज मधेपुरा के सभी शिक्षक नई शिक्षा नीति के तहत तैयार किये गये नव पाठ्यक्रम अंतर्गत सतत आंतरिक मूल्यांकन (सीआईए) कार्य को लेकर तैयारी पूरी कर लिये हैं।मधेपुरा कालेज मधेपुरा के बिन्देश्वरी बाबू सभागार में पिछले 13 अक्टूबर 2023 से 16 अक्टूबर 23 तक चले सेमिनार के जरिये शिक्षकों ने सतत आंतरिक मूल्यांकन कार्य को लेकर गहन मंत्रणा की।महाविद्यालय के संस्थापक पूर्व प्राचार्य सह श्री कण्णा विश्वविद्यालय के कुलपति डा.अशोक कुमार इस सेमिनार में लगातार उपस्थित रहकर लगातार मार्ग दर्शन करते रहे।आगामी 20 अक्टूबर तक चलने वाले सेमिनार के जरिये मधेपुरा कालेज मधेपुरा के सभी शिक्षक नई शिक्षा नीति अंतर्गत च्वाइस बेस्ट क्रेडिट सिस्टम पाठ्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्राप्त करेंगे।विश्वविद्यालय प्रशासन ने चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम में नामांकन निर्धारित कर दिया है।नामांकित छात्र छात्राएं भी इस परीक्षा को लेकर उत्साहित हैं।चार वर्षीय पाठ्यक्रम में नामांकन लेने वाले छात्र एवं छात्राएं समय रहते अपनी अपनी पढ़ाई पूरी कर लेने खातिर महाविद्यालय में लगातार उपस्थिति दर्ज कराने लगे हैं। छात्र छात्राओं की लगातार बढ़ रही उपस्थित से महाविद्यालय की रौनकता भी बढ़ने लगी है।मधेपुरा कालेज मधेपुरा की प्राचार्या डा.पूनम यादव न केवल शिक्षक - शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की बल्कि अपने यहां नामांकित छात्र-छात्राओं की लगातार समुचित मोनिटरिंग भी कर रही है।

लेने वाले छात्र - छात्राओं के लिए वन मिड समेस्टर रिट्न टेस्ट अर्थात प्रथम सतत आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा को लेकर आगामी 2 नवम्बर से 6 नवम्बर 23 तक की तिथि

विदेशी शराब के साथ दो शराब तस्कर चढ़ा जोकीहाट पुलिस के हत्थे

अररिया/जोकीहाट ।

जोकीहाट थाना पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर 205.875 लीटर विदेशी शराब लदे टेम्पु के साथ 02 शराब तस्करों को गिरफ्तार किया वहीं अररिया थाना पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर गोढ़ी चौक के पास से 17.500 लीटर बियर को बरामद करने में उन्हें सफलता मिली।

खूब महत्व है दुर्गा पूजा में वेश्याओं के आंगन की मिट्टी का: किमी आनंद

जोगबनी/डा. रूद्र किंकर।

शारदीय नवरात्र में शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा की सार्वजनिक पूजा झ पाठ के लिए देश के विभिन्न स्थानों में गांवों से लेकर शहरों तक पंडाल बनाये और सजाये जाते हैं, देवी की प्रतिमाएं स्थापित की जाती हैं. इस साल 15 अक्बतूर से नवरात्र प्रारंभ होगी. पूजा झ पाठ के तो वैदिक विधि -विधान हैं ही, आदिशक्ति मां दुर्गा की प्रतिमा के निर्माण के भी मान्यताओं एवं परम्पराओं पर आधारित कुछ विशेष विधान हैं. वैसे तो और कई बातों पर ध्यान दिया जाता है, पर चार चीजों को बहुत जरूरी माना गया है झ गंगा की मिट्टी, गोमूत्र, गोबर और वेश्यालय के आंगन की मिट्टी. मूर्ति निर्माण में इन वस्तुओं के इस्तेमाल की परंपरा सदियों से चली आ रही है. इस परम्परा पर प्रकाश डालते हुए भाजपा के कद्दावर नेता सह अररिया लोकसभा भाजपा के मीडिया संयोजक अभिनव आनंद उर्फ किमी आनंद ने इस पर सप्रसंग व्याख्या किया।

कथा कुष्ठरोगी की

गंगा की मिट्टी, गोमूत्र और गोबर के महत्व को लोग जानते-समझते हैं. पर, यह बहुत कम ही लोगों को मालूम होगा कि जब सनातन झ संस्कृति में वेश्यावृत्ति को अधार्मिक माना जाता है और देह व्यापार करने वालियों को घृणा की नजर से देखा जाता है, तो फिर इस पवित्र अनुष्ठान में उनके आंगन की मिट्टी का इस्तेमाल क्यों किया जाता है? इस क्यों से जुड़ी अनेक धारणाएं, मान्यताएं एवं कथाएं हैं. इससे संबंधित एक पौराणिक कथा में वर्णित है कि एक बार कुछ वेश्याएं गंगा स्नान के लिए जा रही थीं. उसी क्रम में घाट पर एक कुष्ठ रोगी बैठा दिखा. वह लोगों से गंगा स्नान करवाने के लिए कह रहा था. लेकिन, आते- जाते लोगों में किसी ने भी उसकी गुहार नहीं सुनी. तब

वेश्याओं ने ही उस कुष्ठ रोगी को गंगा स्नान करवा दिया.

भगवान शिव का वरदान

वर्णित कथा के मुताबिक वह कुष्ठ रोगी और कोई नहीं बल्कि भगवान शिव थे. शिवजी वेश्याओं की इस मानवीयता से प्रसन्न हुए और वरदान मांगने को कहा. तब वेश्याओं ने कहा कि दुर्गा पूजा के लिए प्रतिमा का निर्माण उनके आंगन की मिट्टी से ही हो. बिना इस मिट्टी के उपयोग के प्रतिमा नहीं बने. भगवान शिव ने उन्हें ऐसा ही वरदान दिया. तब से लेकर यह परंपरा चली आ रही है. एक कथा यह है कि एक वेश्या, देवी दुर्गा की बहुत बड़ी उपासक थी. पर, वेश्या होने के कारण समाज में उसे सम्मान नहीं मिलता था. तरह-तरह की यातनाएं सहनी पड़ती थी. मान्यता है कि अपनी भक्त को इसी तिरस्कार से बचाने के लिए मां दुर्गा ने उसके आंगन की मिट्टी से बनी अपनी मूर्ति स्थापित करवायी. बताया जाता है कि शारदा तिलकम, महामंत्र महार्णव, मंत्रमहोदधि आदि ग्रंथों में इसकी चर्चा है.

कई कथाओं में है वर्णन

इससे संबंधित दूसरी कथा में कहा गया है कि उस कालखंड में मां दुर्गा की मूर्ति बनाने के लिए मंदिर के पंडित-पुजारी वेश्याओं से उनके आंगन की मिट्टी मांगकर लाते थे और तब मूर्ति बनायी जाती थी. धीरे-धीरे यह एक परिपाटी बन गयी. एक मान्यता यह भी है कि जब कोई व्यक्ति वेश्यालय जाता है तब वह अपने पुण्य कर्म और पवित्रता को उसके द्वार पर ही छोड़कर भीतर जाता है. इसलिए वेश्याओं के आंगन की मिट्टी को पवित्र माना जाता है. इसी समझ के तहत मां दुर्गा की मूर्ति बनाने के लिए वेश्याओं के आंगन से मिट्टी लायी जाती है. यह सबसे प्रचलित और लोकप्रिय मान्यता है. कुछ लोग इसे समाज सुधार के प्रयास के रूप में भी देखते हैं। श्री आनंद ने कहा कि यह आस्था और विश्वास की बात है. मानना और न मानना आप पर निर्भर है।

समाजसेवी संजय मिश्रा प्रतिदिन मां दुर्गे के चरणों में अर्पित कर रहे हैं कमल पुष्प

सबों की सुख शांति समृद्धि का मांग रहे हैं मां से मन्नत

अररिया ।

कलश स्थापना दिन से हीं हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाजसेवी संजय मिश्रा नित्य दिन फलाहार कर गृह में कुमारी भोजन के बाद मां काली मंदिर सहित स्थानीय पांच मंदिरों में दर्शन कर मां के चरणों में कमल पुष्प चढ़ा कर मिथिलांचल सहित देश वासियों के लिए सुख शांति समृद्धि की कामना किया।बताते

चले कि जब से नवरात्र का महापर्व शुरू हुआ है अनेक श्रद्धालु भक्ति भाव से मां दुर्गे की पूजा पाठ में लगे हुए है।इसी कड़ी में श्री मिश्रा ने सभी को नवरात्र की शुभकामनाए देते हुए कहा यह महापर्व शक्ति की उपासना है।जो भी भक्त व श्रद्धालु दिल से माता के दरबार में माथा टेकेगा उसका सभी मुरादे पूरी होगी।

पूर्णियां विश्वविद्यालय से आए निरीक्षक प्रो. (डा.) अरविंद कुमार वर्मा ने किया एम एल डी पी के यादव डिग्री कॉलेज का इंस्पेक्शन

किया गहन निरीक्षण ,लिए महाविद्यालय में चल रही परीक्षा का जायजा, दिखे संतुष्ट

अररिया।

सिंडिकेट सदस्य सह स्नातकोत्तर इतिहास विभागाध्यक्ष पूर्णियां विश्वविद्यालय पूर्णियां प्रो. (डा.) अरविंद कुमार वर्मा ने जिला मुख्यालय फोर लेन पर स्थित महारानी ललिता देव प्रभु कमल यादव डिग्री कॉलेज तेजनारायण नगर अररिया का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने उपस्थिति पंजी में अंकित हस्ताक्षर से उपस्थित शिक्षक एवं अन्यकर्मियों के हस्ताक्षर का मिलान किया । उन्होंने महाविद्यालय में चल रही परीक्षा का निरीक्षण के क्रम में प्रधानाचार्य प्रो.इन्दु कुमार सिन्हा से कतिपय जानकारी ली । उन्होंने वर्ग कक्ष में जाकर शिक्षक तथा छात्रों की उपस्थिति, पठन पाठन के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी ली ।सिंडिकेट सदस्य ने प्रयोगशाला, पुस्तकालय, शौचालय की साफ सफाई तथा अन्य व्यवस्था पर संतोष जताया। निरिक्षण के क्रम में प्रिंसिपल प्रो. इन्दु कुमार सिन्हा के अलावा प्रो गुप्ता, प्रो अरूण कुमार, प्रो नसीम उद्दीन, प्रो अफरोज आलम, प्रो उमानंद यादव,विजय कुमार

सूर्य नारायण यादव, प्रो राजेन्द्र किशोर चौधरी, प्रो महेन्द्र प्रताप भगत, अमरेंद्र कुमार भारतीय, प्रो उमाकांत यादव, प्रो प्रदीप कुमार, प्रो मिथिलेश कुमार निराला , प्रो अनिल कुमार अनल, प्रो कलानंद विश्वास, सूर्य नारायण यादव, बलदेव यादव, सुरेश प्रसाद यादव, जय नारायण यादव, अनिल कुमार, योगेन्द्र प्रसाद यादव, नवीन कुमार यादव भोला गुप्ता, संतोष कुमार, उमा देवी आदि उपस्थित थे ।

विश्वविद्यालय छात्र संघ एवं सभी छात्र-युवा संगठनों के प्रतिनिधियों से रू ब रू हुए बीएनएमयू के कुलपति

मधेपुरा।

बीएनएमयू के कुलपति प्रो. (डॉ.) राजनाथ यादव ने सोमवार को विश्वविद्यालय छात्र संघ एवं सभी छात्र-युवा संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद किया। विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने कुलपति को विश्वविद्यालय की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। इसमें मुख्य रूप से प्रवेश, परीक्षा एवं परिणाम को दुरुस्त करने और नियमित रूप से कक्षाओं

के संचालन की बात शामिल रही। इसके साथ ही महिलाओं के लिए छात्रावास की व्यवस्था करने, सीनेट, सिंडिकेट एवं छात्र संघ चुनाव कराने की मांग की गई। छात्र प्रतिनिधियों ने सभी जगहों पर पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था करने और सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने की भी मांग की। इसके अलावा कम अंकों से प्रमोटेड विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान करने और सिंगल विंडो सिस्टम लागू करने की मांग की गई। कुलपति ने कहा कि वे नियम-परिनियम के अनुरूप सभी समस्याओं का समाधान करने की कोशिश करेंगे। सभी जाजज मांगों को पूरा किया जाएगा। आपसी संवाद से समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर डीएसडब्ल्यू डॉ. राजकुमार सिंह, कुलसचिव डॉ. मिहिर कुमार ठाकुर, परीक्षा नियंत्रक शशिभूषण, उपकुलकचिव स्थापना डॉ. सुधांशु शेखर सहित विभिन्न छात्र-युवा संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

"फिट इंडिया मूवमेंट" के अंतर्गत एस एस बी ने किया साईकिल रैली का आयोजन

अररिया।

भारत सरकार, गृह मंत्रालय के आदेशानुसार दिनांक 16.10.2023 को श्री महेन्द्र प्रताप, कमांडेंट, 52वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अररिया की अगुवाई में "फिट इंडिया मूवमेंट"फ्रीडम रन - 4.0 के अंतर्गत वाहिनी मुख्यालय से

चाँदनी चौक अररिया तक साईकिल रैली का आयोजन किया गया ।श्री महेन्द्र प्रताप, कमांडेंट ने बताया कि फिट इंडिया मूवमेंट भारत में एक राष्ट्रव्यापी आदोलन है जो लोगों को अपने दैनिक जीवन में शारीरिक गतिविधियों और खेलों को शामिल करके स्वस्थ्य और फिट रहने के लिए प्रोत्साहित करता है। साईकिल रैली का मुख्य उद्देश्य स्थानीय जनता को शारीरिक व्यायाम करने व तन-मन से स्वस्थ्य रखने के लिए प्रोत्साहित करना है।इसके अलावा महोदय ने बताया कि हम सभी को प्रतिदिन कम से कम 1घंटा किसी न किसी प्रकार की एक्सरसाइज अवश्य करनी चाहिए। जिससे की हम अपने आप को फिट रख सके और बिमारियों से दूर रह सकें। इस दौरान श्री पी. एन. सिंह, उप कमांडेंट, श्री उदय कुमार, उप कमांडेंट,निरीक्षक मनोज कुमार दुबे, सा.उ. नि. नितिन सिंह, मुख्य आरक्षी सुशील कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी दीप कलिता, मुख्य आरक्षी सौरभ झा एवं अन्य जवानों ने भाग लिया।

नवरात्र के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी का होता है दर्शन पूजन

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो

काशी में है मां ब्रह्मचारिणी का मंदिर, करती हैं हर मनोकामना पूरी
मां ब्रह्मचारिणी का मंदिर बहुत खास है.जानिए क्यों...

मां ब्रह्मचारिणी का मंदिर काशी के सप्तसागर (कर्णघंटा) क्षेत्र में स्थित है. दुर्गा की पूजा के क्रम में ब्रह्मचारिणी देवी का दर्शन-पूजन बहुत महत्वपूर्ण माना गया है.



सुबह से ही लग जाती है भीड़

काशी के गंगा किनारे बालाजी घाट पर स्थित मां ब्रह्मचारिणी के मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लग जाती है. श्रद्धालु लाइन में लगकर मां का दर्शन प्राप्त करते हैं. श्रद्धालु मां के इस रूप का दर्शन करने के लिए नारियल, चुनरी, माला-फूल आदि लेकर श्रद्धा-भक्ति के साथ अपनी बारी आने का इंतजार करते हैं.

मां के दर्शन करने से मिलती है परब्रह्म की प्राप्ति

ब्रह्मचारिणी देवी का स्वरूप पूर्ण ज्योतिर्मय एवं अत्यन्त भव्य है. इनके दाहिने हाथ में जप की माला एवं बायें हाथ में कमंडल रहता है. जो देवी के इस रूप की आराधना करता है उसे साक्षात परब्रह्म की प्राप्ति होती है. मां के दर्शन मात्र से श्रद्धालु को यश और कीर्ति प्राप्त होती है.

हर मनोकामना होती है पूरी

यहां ना सिर्फ काशी बल्कि अन्य जिलों से भी लोग दर्शन एवं पूजन के लिए आते हैं. नवरात्रि पर तो इस मंदिर में लाखों भक्त मां के दर्शन करने के लिए आते हैं. ऐसी मान्यता है कि मां के इस रूप का दर्शन करने वालों को संतान सुख मिलता है. साथ ही वो भक्तों की हर मनोकामना पूरी करती हैं....

पत्रकारों का उत्पीड़न बंद हो, पीएम के संसदीय जनसंपर्क कार्यालय में दिया ज्ञापन

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो

काशी पत्रकार संघ और ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के आह्वान पर वाराणसी के पत्रकारों ने न्यूज पोर्टल ह्यन्यूज क्लिकह्न के साथ ही देश में विभिन्न समाचार माध्यमों से जुड़े पत्रकारों के उत्पीड़न व दमन की घटनाओं के विरोध में अपनी एकजुटता प्रदर्शित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सम्बोधित ज्ञापन उनके संसदीय जनसम्पर्क कार्यालय (जवाहर नगर कॉलोनी) में सौंपा।

पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार नगर के पत्रकार दिन में 12 बजे गुरुधाम चौराहे पर एकत्रित होकर काशी पत्रकार संघ के महामंत्री अखिलेश मिश्र, प्रदीप कुमार, विकास पाठक, सुभाषचंद्र सिंह, राजनाथ तिवारी (पूर्व अध्यक्ष, काशी पत्रकार संघ), व ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष सी बी तिवारी (राजकुमार) की अगुवाई में प्रधानमंत्री के संसदीय कार्यालय पहुंचे। प्रधानमंत्री के संसदीय कार्यालय में मौजूद महापौर अशोक तिवारी और कार्यालय प्रभारी शिवशरण पाठक ने पत्रकारों का ज्ञापन स्वीकार कर उसे पीएमओ को भेजने का आश्वासन दिया।

ज्ञापन में न्यूज क्लिक तथा देश में अलग-अलग घटनाओं में समाचार माध्यमों से जुड़े पत्रकारों के दमन व उत्पीड़न की घटनाओं की ओर प्रधानमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा गया कि पिछले कुछ वर्षों से मीडिया जिसे लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के रूप में माना जाता है, उसे कमजोर करने की कोशिश जारी है। पत्रकारों के उत्पीड़न की घटनाएं अभिव्यक्ति की आजादी पर प्रहार है। काशी के पत्रकारों का स्पष्ट मानना है कि पत्रकारिता की आड़ में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने की इजाजत नहीं दी जा सकती। लेकिन

यह भी उचित नहीं कि सरकार और उसकी नीतियों की आलोचनात्मक अथवा जन अधिकारों से संबंधित खबरें प्रसारित व प्रचारित करने पर किसी पत्रकार अथवा मीडिया हाउस को देश विरोधी मान लिया जाए। ज्ञापन में आगे कहा गया कि काशी के पत्रकार संगठन आपसे मांग करते हैं कि न्यूज क्लिक समेत पूर्व के सभी मामलों की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराई जाए। अगर कोई पत्रकार अथवा मीडिया हाउस दोषी पाया जाए तो उसके खिलाफ निश्चित तौर पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाए। परन्तु ईडी या पुलिस जैसी एजेंसियों की छापामारी के जरिये पत्रकारों और मीडिया हाउसों को डराने-धमकाने की कार्रवाई तत्काल बंद की जाए। यह न सिर्फ पत्रकारिता बल्कि लोकतंत्र और देश हित में है।

जुलूस में सर्वश्री विनय शंकर सिंह (मंत्री, वाराणसी प्रेस क्लब) चंदन रूपानी (पूर्व अध्यक्ष, वाराणसी प्रेस क्लब), जय नारायण मिश्र, ए.के. लारी, कैलाश यादव, राजेश राय, अरुण कुमार सिंह, मो. जावेद, शैलेष चौरसिया, विमलेश कुमार चतुर्वेदी, शिवदत्त, विजय शंकर गुप्ता (बच्चा), आशुतोष पांडेय, सुरेश गांधी, संतोष चौरसिया, अभिषेक सिंह, राणा जय सिंह, नीलाम्वुज तिवारी एवं ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश संरक्षक विजय विनीत, प्रदेश सचिव नागेश्वर सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह पिंटू,पूर्व जिलाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह,जिला संरक्षक रामजी पाण्डेय,जिला कोषाध्यक्ष अनुराग जायसवाल, आईटी सेल प्रभारी नीलाम्बर त्रिपाठी, संजय गुप्ता, सदर तहसील उपाध्यक्ष विजय शंकर चौबे, इन्द्रबहादुर सिंह, जनमेजय सिंह, विकासदत्त मिश्रा,अमित वर्मा, देवेंद्र सिंह, नित्यानन्द चौबे,अमित चौहान, जयंत सिंह, दीपक सिंह, गुड्डू हाशमी, मेराज अहमद,राहुल सोनी सहित अन्य पत्रकार उपस्थित रहे।

चंदन कुमार राय के थाना प्रभारी खेतास-राय बनने के बाद अपराध पर लगा अंकुश

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो

जौनपुर । थाना प्रभारी चंदन कुमार राय को खेतासराय थाने का चार्ज ग्रहण किए हुए कुछ महीने ही बीते हैं लेकिन उन्होंने अपनी कार्यशैली एवं

मधुर व्यवहार से बहुत ही कम समय में खेतासराय में थाना क्षेत्र के लोगों के दिल में जगह बना ली है चंदन राय ने खेतासराय थाना प्रभारी बनने के बाद जिस प्रकार आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगन लगाया है वह वाकई काविल तारीफ है मूल रूप से जनपद मऊ मऊ के रहने वाले है

काशी सांसद महोत्सव

समाज जागरण वाराणसी

अस्सी घाट पर द्वितीया तिथि में आशीर्वाद संगीतालय के कलाकारों ने गणेश

वंदना,परंपरागत कथक और मराठी नृत्य की प्रस्तुति किवया

वाराणसी घाट संध्या के अंतर्गत नवरात्रि विशेष काशी सांसद महोत्सव के विशिष्ट चरण में अस्सी घाट पर सुबह ए बनारस के संयोजन में शारदीय नवरात्र अश्विनी शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि में आशीर्वाद संगीतालय के कलाकारों ने गणेश वंदना,परंपरागत कथक और मराठी नृत्य की प्रस्तुति किया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले कलाकार सुश्री अदिती शर्मा, सिद्धि कस्तूरे ,मनस्वी रावत, मिनाक्षी ने अद्भुत नृत्य की प्रस्तुति कर दर्शक गण के हृदय को मोह लिया।कार्यक्रम का संयोजन सुबह ए बनारस के सचिव एवं संस्थापक डॉ रत्नेश वर्मा ने किया। सीमा केशरी ने सारगर्भित संचालन कर महोत्सव की महत्ता से अवगत कराया। समस्त कलाकारों को आशीर्वचन श्री श्याम कुमार केशरी ने दिया । इस अवसर पर डॉ जया राय सहित भारी संख्या में दर्शक गण उपस्थित रहे।

नगर आयुक्त के निर्देश के क्रम में नगर निगम प्रवर्तन दल द्वारा चला अतिक्रमण अभियान

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो

1. शिव पुरवा स्थित जय प्रकाश नगर कॉलोनी से प्राप्त शिकायत (गली के मार्ग में अवैध रूप से गेट लगा कर मार्ग अवरुद्ध करने के सम्बंध में) के निस्तारण हेतु अतिक्रमण निरीक्षक संजय श्रीवास्तव के साथ मौके पर पहुंच गली के मार्ग में अवैध रूप से लगाए गए गेट को ध्वस्त करवा दिया गया '

2. सम्भव दिवस में जोनल अधिकारी दशाश्व मेघ जोन संजय तिवारी द्वारा अग्रेषित शिकायत पत्र (राम कटोरा स्थित पार्क के चारदीवारी के साथ अतिक्रमण किए जाने के सम्बंध में) को निस्तारित करते हुए मौके पर पहुंच अवैध रूप से बनाई गई झुग्गी खुलवा कर अतिक्रमित सामान हटवा दिया गया साथ ही लगभग 01 गाड़ी अतिक्रमित सामान जब्त भी कर लिया गया '

3. अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार द्वारा प्राप्त निर्देश (चेतगंज हबिबपुरा से प्राप्त शिकायत दो मकान के बीच में संयुक्त गली में अतिक्रमण के संबंध में) का अनुपालन करते हुए मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटवा दिया गया साथ ही भवन स्वामी को सख्त हिदायत दिया गया कि संयुक्त गली के मार्ग पर भविष्य में अतिक्रमण न करें अन्यथा भवन स्वामी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई किया जाएगा ।

4. बांस फाटक भंडारी गली से प्राप्त आइजीआरएस शिकायत (दुकान के सामने गली में सामान रखकर अतिक्रमण करने के संबंध में) को निस्तारित करते हुए मौके पर पहुंच दुकानदार को 2000 रू. का जुमार्ना लगाया कर अतिक्रमित सामान हटवा कर मार्ग खाली करवाया गया ।

5. कर अधीक्षक वरुणा पार जोन श्री चन्द्रशेखर के उपस्थिति में भोजूबीर से मीरा पुर बसही होते हुए चाँद मारी हस्त कला संकुल और रिंग रोड अंडर पास तक घोषणा करते हुए सघन अतिक्रमण अभियान चला कर पूरे इलाके की सड़क और पटरी खाली करवाया गया, अभियान के दौरान कुछ दुकानदारों द्वारा अवैध रूप से लगाए गए टिन शेड भी खुलवा दिया गया वहीं भवन निर्माण सामाग्री रखे कुछ भवन स्वामियों को सख्त हिदायत दिया गया कि वे आज शाम तक भवन निर्माण सामग्री सड़क और पटरी से हटा लें '

6. कमांड सेंटर से प्राप्त ऑनलाइन शिकायत (सराय मोहाना शमशान घाट पर लकड़ी रखकर अतिक्रमण के संबंध में) को निस्तारित करते हुए मौके पर पहुंचकर शिकायतकर्ता के मौजूदगी में अतिक्रमण कर्ता को लकड़ी हटाने के लिए एक हफ्ते का समय दिया गया, अतिक्रमण कर्ता द्वारा बताया गया कि यह जमीन जिस पर लकड़ी रखकर व्यापार कर रहें है वह उनके पूर्वजों का है। ऐसी स्थिति में राजस्व द्वारा जांच कराकर अग्रिम कार्रवाई किया जाएगा ।

7. उपरोक्त पूरे अभियान के दौरान लगभग 02 गाड़ी अतिक्रमित सामान जब्त कुछ अत्याधिक अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को जुमार्ना भी किया गया '

8. कुल जुमार्ना राशि रू. 3,900 मात्र /-
क). अतिक्रमण - रू. 3,700 /-
ख). प्लास्टिक - रू. 200 /-

अब कबीरचौरा अस्पताल में भी लगेगी एसडीपी मशीन

नेक पहल : पूर्व मंत्री व विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी ने प्लेटलेट की आवश्यकता को देखते हुए विधायक निधि से जारी किया फण्ड

एक डोनर से होगा पांच मरीजों को फायदा, 72 घंटे बाद डोनर दुबारा दे सकेगा प्लेटलेट

समाज जागरण वाराणसी

वाराणसी। जनपद स्थित श्री शिवप्रसाद गुप्त मंडलीय जिला चिकित्सालय में अब एसडीपी मशीन लगाई जा रही है कइसके लिए पूर्व मंत्री व वाराणसी शहर दक्षिणी के विधायक डा० नीलकंठ तिवारी ने अपने विधायक निधि से फण्ड स्वीकृत कर दिया है। डेंगू रोग इस समय काफी फैला हुआ है। जान बचाने के लिए रोगियों को भारी मात्रा में ब्लड प्लेटलेट्स की जरूरत पड़ रही है। लेकिन, कबीरचौरा अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में अभी भी पुरानी तकनीकी (कंपोनेंट सेप्रेशन) का इस्तेमाल कर खून से प्लेटलेट्स निकाला जा रहा था। जिसमें घंटों बर्बाद होने के साथ ही काफी ज्यादा डोनरों की जरूरत पड़ रही है। अब यहाँ प्लेटलेट्स एफेरेसिस मशीन (एसडीपी) लग जाने से इन सारी परेशानियों से निजात मिल जाएगी और कई गंभीर रोगियों की जान बचाई जा सकेगी क इस मशीन के होने से रोगियों की तेज रिकवरी होगी और एक ब्लड डोनर करीब पांच डोनरों के बराबर उपयोग में लाया जाएगा के

इस मशीन के लग जाने से सिंगल डोनर प्लेटलेट्स (एसडीपी) विधि से अब एक ही डोनर से मरीज की जरूरत के अनुसार प्लेटलेट्स निकालना संभव होगा। पहले इसके लिए तीन से चार डोनर का ब्लड लिया जाता था। फिर प्लेटलेट्स अलग किया जाता था। इस प्रक्रिया में ब्लड के जरिए एक घंटे में प्लेटलेट्स निकलता है । डोनर के शरीर से ब्लड निकालकर मशीन में ले जाया जाता है वहां से प्लेटलेट्स अलग होकर मरीज के शरीर तक पहुंचता है और बाकि ब्लड दोबारा डोनर के शरीर में पहुंचाया जाता है। खास बात यह भी है कि प्लेटलेट्स देने वाला व्यक्ति 72 घंटे बाद दोबारा प्लेटलेट्स दे सकता है। इस विधि से प्लेटलेट्स चढ़ाने से मरीज में 50 से 60 हजार तक प्लेटलेट्स बढ़ता है। अब तक ब्लड निकालने के बाद रैंडम डोनर प्लेटलेट्स (आरडीपी) विधि से प्लेटलेट्स निकाला जाता था। इसमें कम से कम छह घंटे लगते हैं। एक बार रक्तदान करने के बाद तीन माह बाद दे फिर से रक्तदान किया जा सकता था । एक यूनिट आरडीपी चढ़ाने पर सिर्फ पांच हजार प्लेटलेट्स काउंट बढ़ते हैं। इस वजह से कई यूनिट प्लेटलेट्स चढ़ाने पड़ते थे।

इसके पहले आरडीपी तकनीक से जरूरतमंद मरीज को ब्लड बैंक से उसके मैचिंग ग्रुप का प्लेटलेट्स दे दिया जाता है और उसके बदले में किसी भी ब्लड ग्रुप वाले डोनर से ब्लड डोनेट करा लिया जाता है। एक ग्रुप वाले कई डोनरों का प्लेटलेट्स एक साथ निकालकर दूसरे मरीजों के लिए रख लिया जाता था।

विधायक डा० नीलकंठ तिवारी ने प्लेटलेट कि बढती मांग को देखते हुए तत्काल सीएमओ वाराणसी श्री संदीप चौधरी से वार्ता कि और इस अत्याधुनिक मशीन के लिए तत्काल फण्ड जारी कर दिया क इस अत्याधुनिक मशीन आने से मरीजों को काफी फायदा होगा। पेल्टलेट्स का यूज सिर्फ डेंगू मरीजों में ही नहीं बल्कि और भी कई गंभीर बीमारियों में होता है।

सुरक्षा व शांति व्यवस्था को लेकर सिगरा पुलिस ने किया पैदल मार्च

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो

नवरात्र/दुर्गा पूजा को लेकर सिगरा पुलिस ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था एवं अपराध को रोकने को लेकर सोमवार देर शाम सिगरा थाना प्रभारी राजू सिंह

के नेतृत्व में पुलिस टीम के साथ पैदल मार्च किया गया। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों से प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने पर जोर दिया तथा उन्होंने शांति व्यवस्था को लेकर प्रशासन का सहयोग करने का भी आह्वान किया। इस दौरान पुलिस ने दुकानो के सामने अव्यवस्थित खड़े वाहनों को व्यवस्थित तरीके से खड़ा करने को भी कहा।

95 बटालियन सीआरपीएफ,सृजन सामाजिक विकास न्यास एवं नगर निगम के संयुक्त तत्वाधान में आज अस्सी घाट पर चला स्वच्छता अभियान

समाज जागरण वाराणसी

वाराणसी। विधायक सौरव कार्यक्रम में जवानों एवं सृजन सामाजिक विकास न्यास के सदस्यों तथा नगर निगम के सफाई कर्मियों के साथ झाड़ू लगाते हुए अगुवाई कर रहें थें एवं

सुरेंद्र चौधरी पुलिस उपमहानिरीक्षक रेंज चंदौली, कमांडेंट 95 बटालियन अनिल कुमार बृक्ष के दिशा निर्देश में 95 बटालियन केंद्रीय पुलिस बल, सृजन सामाजिक विकास न्यास, नगर निगम के संयुक्त तत्वाधान में दशा अस्सी घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सौरभ श्रीवास्तव कैंट विधायक थे, तथा विशिष्ट अतिथि सुजय यादव सहायक कमांडेंट 95 बटालियन थे।गंगा हातिमा अभियान के ब्रांड एंबेसडर एवं सृजन सामाजिक विकास न्यास के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता किये एवं अस्सी पर उपस्थित सीआरपीएफ के सभी जवानों नगर निगम के सफाई कर्मियों के सदस्य गण तथा आम जनमानस को गंगा को स्वच्छ रखने के लिए शपथ दिलवाई साथ साथ लोगों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित किया गया।स्वच्छ भारत का पूरा करेंगे सपना, अपने कार्यो से साफ रखेंगे देश अपना। भारत विश्व गुरु बनेगा, जब भारत स्वच्छता की ओर बढ़ेगा। हर नागरिक का एक ही सपना, स्वच्छ बने भारत अपना। हर व्यक्ति का एक ही सपना, स्वच्छ बने भारत अपना, इसी उद्देश्य से स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। 95 बटालियन के निरीक्षक रामकुमार,प्रवीण सिंह के साथ 95 बटालियन के जवानों बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया,नगर निगम के निरीक्षक दिवाकर पांडे व कर्मचारी आदि लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथासृजन सामाजिक विकास न्यास के बरिष्ट सद्स्य कपीन्द्र तिवारी भी सम्मित हुए।

सांसद खेलो प्रतियोगिता का शुभारंभ

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो

आराजी लाइन ब्लॉक के ग्राम सभा वीरसिंहपुर के सार्वजनिक बाल विद्या जूनियर विद्यालय मिल्कीपुर में सांसद खेलकूद प्रतियोगिता काशी 2023 का सुभारंभ किया गया ।

जिसमे आराजी लाइन प्रतियोगता प्रभारी राम सकल पटेल जी, प्रेम शंकर पाठक जी किया , उन्होंने बताया कि सांसद खेलकूद प्रतियोगता मा प्रधानमंत्री जी का सोच है की ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे के खेल के प्रति दबी हुई भावना है उनको आगे ले जाकर निखारा जाय जिससे उनका भविष्य खेल के प्रति उज्वल हो । अपने गांव और क्षेत्र का नाम रोशन करे । प्रतियोगिता के 100 मीटर रेस में सत्यम प्रथम स्थान व 200 मीटर रेस में सागर प्रथम स्थान प्राप्त किया

जिसमे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अशोक पटेल जी,ग्राम सचिव अंजनी राय जी,सेक्टर संयोजक संदीप गुप्ता जी ,राजदेव मौर्या, अमर नाथ पटेल जी ,शिवशंकर पटेल , विशाल पाठक आदि कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, अपहृता बरामद

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो

सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में वाराणसी थाना चोलापुर पुलिस टीम ने द्वारा मुखबिर की सूचना पर नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार करते हुये नाबालिग अपहृता को बरामद किया। चोलापुर क्षेत्र के निवासी व्यक्ति ने अपनी 13 वर्षीया नाबालिक पुत्री को बहला फुसला कर अपनी भाग ले जाने का आरोप लगाते हुए युवक के विरुद्ध चोलापुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। चोलापुर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी थी। सोमवार को चोलापुर पुलिस ने आरोपी सूरज उर्फ गोरे (20 वर्ष) पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम सुल्तानपुर थाना सारनाथ जनपद वाराणसी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तारी टीम में उनि. मनीष पाल, हेका श्रीकान्त यादव, का. देवी प्रसाद सिंह, मका. सुनीता कुमारी शामिल रहीं।

स्वयं सहायता समूह की रुपया लेकर महिला फरार, थाने में पड़ी तहरीर

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो

सेवापुरी। वाराणसी क्षजंसा थाना क्षेत्र के सीहोरवा गांव में लोक समिति नाम से संचालित स्वयं सहायता समूह की सदस्य महिला निर्मला देवी पत्नी रामनारायण गांव में ही संचालित विभिन्न समूहो से 210000 रुपए कर्ज लेकर फरार हो गयी है अन्य समूहो की कोषाध्यक्ष संगीता एवं पूनम देवी ने काफी खोज बीन किया लेकिन वह नही मिल सकी थक हार कर दोनों ने सोमवार की दोपहर बाद जंसा थाने में पहुंचकर उक्त महिला के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है वही इस मामले में थाना अध्यक्ष राकेश पाल का कहना है कि तहरीर मिली है मामले की जांच की जा रही है।

गोरखपुर अहमदाबाद एक्सप्रेस अब रुकेगी भटनी स्टेशन पर रेलवे ने की अनुमति प्रदान

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो

वाराणसी ! भटनी की यात्री जनता की मांग एवं यात्रियों की सुविधा हेतु रेल प्रशासन द्वारा गाड़ी सं० 19490/19489 गोरखपुर-अहमदाबाद -गोरखपुर एक्सप्रेस को गोरखपुर-छपरा रेल खण्ड पर पड़ने वाले भटनी रेलवे स्टेशन पर दो मिनट का प्रयोगिक ठहराव प्रदान किया जा रहा है ।

इसी क्रम में आज 16 अक्टूबर , 2023 से भटनी रेलवे स्टेशन पर आयोजित एक समारोह से गाड़ी के ठहराव का शुभारंभ देवरिया के माननीय सांसद रमापति राम त्रिपाठी जी ,सलेमपुर के सांसद रविन्दर कुशवाहा जी तथा रामपुर कारखाना के विधायक सुरेन्द्र चौरसिया जी द्वारा गाड़ी सं 19489 अहमदाबाद - गोरखपुर एक्सप्रेस को हरी झण्डी दिखाकर किया गया ।

इस अवसर पर सांसद रमापति राम त्रिपाठी ने भटनी स्टेशन पर उक्त ट्रेन के ठहराव के लिए माननीय प्रधानमंत्री,रेल मंत्री एवं रेल प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार में भटनी समेत देवरिया जिले में पड़ने वाले सभी स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं का बहुत विकास हुआ है। इस गाड़ी के ठहराव हो जाने से भटनी और आस पास के इलाके के यात्रियों को वाराणसी, प्रयागराज,सतना, कटनी,उज्जैन एवं अहमदाबाद तक सीधी यात्रा का लाभ मिलेगा।

उन्होंने बताया कि विकास के क्रम में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 42.62 करोड़ की लागत से भटनी जंक्शन रेलवे स्टेशन को पुनर्विकसित कर यात्रियों को अत्याधुनिक यात्री सुविधाएं प्रदान की जायेगी। जिसमें शहर की कला एवं संस्कृति को समाहित करते हुए स्टेशन के स्वरूप को विकसित किया जायेगा। इसके साथ ही पार्किंग, एप्रोच ,प्रकाश व्यवस्था तथा साइनेज में भी वाँछित सुधार किया जाएगा।

भटनी जंक्शन रेलवे स्टेशन के समग्र विकास को लेकर बनाई गई योजनाएं पूर्ण होने के उपरान्त यात्रियों को बड़े स्टेशन पर आने का सुखद एहसास होगा। इसी के अंतर्गत पिवीकोल हाल्ट पर बनी बाई पास लाइन भी बहुत उपयोगी है जिसके माध्यम से बिना इंजन की दिशा बदले सीवान से आने वाली ट्रेन को वाराणसी की तरफ और वाराणसी से आने वाली ट्रेनों को छपरा एवं सीवान की तरफ कम समय में भेजा जा सकेगा।

इसके पूर्व सांसद रविन्दर कुशवाहा एवं रामपुर कारखाना के विधायक सुरेन्द्र चौरसिया ने सांसद देवरिया द्वारा क्षेत्रीय स्टेशनों के पुनर्विकास एवं विभिन्न गाड़ियों के ठहराव के लिए किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए साधुवाद दिया।

इसके पूर्व सांसद एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए अपर मंडल रेल प्रबंधक(परिचालन) राजेश कुमार सिंह ने सांसदों को अपना बहुमूल्य समय निकाल कर भटनी जं पर अहमदाबाद-गोरखपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस के ठहराव का शुभारंभ करने का हमारा अनुरोध स्वीकार करते हुए आज इस समारोह में उपस्थित हुए। इसके साथ ही मैं इस समारोह में मंचासीन जन प्रतिनिधियों एवं सम्मानित अतिथियों का भी स्वागत करता हूँ।

संदहां में चला चेकिंग अभियान, दस वाहनों का हुआ चालान

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो

चिरईगांव/वाराणसी स्थानीय विकास खण्ड में संदहां के पास सोमवार को वाहनों का चेकिंग अभियान चलाया गया। चौबेपुर थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने सोमवार को दोपहर बाद पुलिस बल के साथ सन्दहां चौराहे पर बिना परमिट के तीन पहिया वाहनों व बिना कागजात व तीन सवारी वाले दो पहिया वाहनों का सघन चेकिंग अभियान चलाया। इसमें बिना परमिट व आवश्यक कागजात के दो बाइक एवं चार टैम्पो वाहन सीज किए गए जबकि चार टैम्पो का चालान किया गया।

जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट

घटना की सूचना देने जा रहे पिता पुत्र को कुचलकर मारने का प्रयास

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो

वाराणसी बड़ा गाँव स्थानीय थाना क्षेत्र के सेहमलपुर गांव में बीते शुक्रवार को सांयकाल जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना की सूचना देने थाने जा रहे पिता पुत्र को हमलावरों ने चार पहिया वाहन से टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

ट्रामा सेंटर में इलाज कराने के बाद घायल पुत्र ने अपने ही गांव के चार लोगों के विरुद्ध नामजद मुकदमा पंजीकृत कराया है। पुलिस हमलावरों की तलाश कर रही है।

स्थानीय थाने पर दिये गये प्रार्थना पत्र में उपरोक्त गांव निवासी विनोद कुमार पांडेय ने आरोप लगाया है की मेरे ही गांव के कैलाश पांडेय,सुधीर पांडेय, प्रशांत पांडेय एवं पुष्पा पांडेय एक राय होकर 13 अक्टूबर को सांय काल मेरे पशुओं को बांधने वाली जगह से नाद,चन्नी हटाकर मिट्टी डालकर जमीन कब्जा करने लगे जिसका विरोध करने पर उपरोक्त सभी लोग हम लोगों को गाली गलौज देते हुए लाठी, डंडा एवं कुल्हाड़ी से मारकर घायल कर दिया, शोरगुल सुनकर आसपास के लोगों ने बीचबचाव किया। घटना की सूचना देने बड़ागांव थाने पर जाते समय आरोपियों ने रास्ते में अपने चार पहिया कार से धक्का मारकर घायल कर दिया जिससे मुझे गंभीर चोटें आई हैं साथ ही मेरे पिता सुभाष पांडेय का पैर और कुल्हा टुट गया है।

नाबालिक को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो

सेवापुरी। वाराणसी जंसा थाना क्षेत्र के कपरफोरवा ।तिवारीपुर ।बाजार से सोमवार को जंसा पुलिस ने नाबालिक को भगा ले जाने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया है जंसा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि पास्को एक्ट का वांछित अभियुक्त कपरफोरवा (तिवारीपुर) बाजार में मौजूद है सूचना पर पहुंची पुलिस अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया पकड़ा गया आरोपी अंश कुमार उम्र 20 वर्ष पुत्र पवन कुमार मिश्रा निवासी दयापुर सफा वैशाली बिहार बताया गया उक्त जिस पर चार माह पूर्व धारा 363,366,376,एवं पास्को एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था।

डीलर पति पे लगा आरोप झूठा साबित हुआ

कार्डधारीयो ने किया डीलर सनोज देवी का समर्थन

दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा

चतरा(झारखंड)16अक्टूबर2023:- जिले के हंटरगंज प्रखंड के गेंजना पंचायत के ढोलिया गांव मे संचालित जन वितरण प्रणाली दुकान के संचालिका सनोज देवी के पति पर राशन देने के नाम पर मार पीट करने का आरोप लगाया गया जो पुरी तरह से बेबुनियाद साबित हुआ। बताते चले की विगत 04 अक्टूबर को डीलर सनोज देवी के पति रामबरत पासवान के खिलाफ हंटरगंज थाने मे आवेदन दिया गया था जिसमे ये अंकित किया गया था की डीलर पति के द्वारा कार्ड धारी के साथ मार पीट किया गया था जिस-ाके चलते डीलर सनोज देवी के जन वितरण प्रणाली की दुकान को पदाधिकारिओं ने सस्पेंड कर दिया था जिसके बारे मे रामबरत पासवान और जन वितरण प्रणाली दुकान के नियमावली के अनुशार हर माह मे 1 से 4 तक दुकान बंद रहती है और इस अंतराल मे दुकान का कोई भी कार्य नही होता है। इस मामले मे हंटरगंज थाना के द्वारा आवेदन को आपसी सुलह के लिए पाण्डेयपुरा पिकेट प्रभारी को आवेदन सुपुर्द

किया गया ।पिकेट प्रभारी के द्वारा दोनो पक्षो को बुलाया गया जिसमे डीलर सनोज देवी के कार्ड धारी के साथ साथ आम जनता और मीडिया कर्मी ने भी भाग लिया ।बैठक मे बिंदु दर बिंदु जांचने के बाद पाया गया की डीलर पति रामबरत पासवान पर लगाया गया आरोप बेबिनियाद है और पिकेट प्रभारी विश्वेश्वर भगत के समक्ष दोनो पक्षो मे सुलहनामा भी सौपा गया। इसके बाद जब कार्ड धारियों से बात चीत किये जाने पर सैकड़ो की तादाद मे आये कार्डधारियों ने अपनी अपनी परेशानी से अवगत कराने कार्य किया जिसमे कार्डधारियों ने बताया की राशन दुकान गांव मे नही होगा तो काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा और सैकड़ो की संख्या मे आये कार्डधारिओ ने विभाग से मांग किया की जल्द से जल्द डीलर सनोज देवी के जन वितरण प्रणाली के दुकान को सक्रिय किया जाये ताकि कार्ड धारियों को परेशानी का सामना ना करना पड़े।

उत्क्रमित+2 उच्च विद्यालय आमटाल के बच्चियों ने बाल विवाह मुक्त भारत का लिया संकल्प

दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड

बलियापुर आमटाल स्कूल के बच्चो ने संकल्प लेते हुए कहा की न बाल विवाह करेंगे और इसकी रोक थाम के लिए हर संभव प्रयास करेंगे । ताकि बच्चें सुरक्षित हो और शिक्षित हो सके ।

जानिए बाल विवाह होने का कारण

शिक्षा का कमी ,निर्धनता ,परंपरा ,संयुक्त परिवार , कौमार्य भंग होने का डर।

जानिए बाल विवाह का दुष्परिणाम

शारीरिक दुष्प्रभाव से जीवन भर भोगना , तलाक की वृद्धि
कम उम्र में विधवा होने का डर ,

बाल विवाह से सैकड़ों जिंदगियां हो रही तबाह; क्या कहता है भारत का कानून?

भारत में बाल विवाह के खिलाफ सख्त कानून बनाए गए है लेकिन इसके बाद भी देश के कई हिस्सों में बाल विवाह हो रहा है। इसका किसी भी पुरुष या महिला के जीवन पर काफी गहरा प्रभाव पड़ता है। संसार के कई देशों में ऐसी कई प्रथाएं हैं, जो आज के समय में लोगों के लिए समस्या बन चुकी है। इसमें से कई ऐसी प्रथाएं, जो महिला वर्ग के लिए चुनौती बन गया है। इन्हीं में से एक प्रथा है बाल विवाह ।बाल विवाह के नाम पर आज महिला वर्ग के साथ अन्याय हो रहा है, वे चाह कर भी

कुछ बोलने का सामर्थ्य नहीं उठा पाती है। हालांकि, ऐसा नहीं है कि यह देश के हर कोने में खुले तौर पर हो रहा है, लेकिन जहां भी हो रहा है, इसे रोकना बहुत जरूरी है।

क्या है बाल विवाह?

कानून के अनुसार, निश्चित आयु से पहले किसी भी बच्चे का विवाह यानि नाबालिग उम्र में बच्चे का विवाह कर देना बाल विवाह होता है। प्रत्येक देश में बच्चे के बालिग होने की एक आयु निश्चित की गई है, उससे पहले विवाह होना, बाल विवाह कहलाता है। इस विवाह से बच्चों का बचपन छिन जाता है और उन्हें इस बात का बिल्कुल भी ज्ञान नहीं होता है कि आगे उनके साथ क्या होने वाला है या उनका जीवन कैसा हो जाएगा।

इस प्रथा का शिकार ज्यादातर लड़कियां होती हैं, क्योंकि कई मामलों में देखा गया है कि लड़कियों की उम्र बहुत ही कम होती है और लड़कों की उम्र उनके मुकाबले बहुत ही ज्यादा होती है। इस तरह की शादी से लड़कियों को जीवन भर मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। भारत में कानूनी दृष्टि से 18 वर्ष से कम आयु की लड़की और 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह करना बाल विवाह की श्रेणी में आता है, जो कि कानूनी अपराध है। स्कूल के तरफ से मौजूद रहे राजू राम (एच एम),गातुल ग्रहाचार्जी, शंकर ठाकुर, राजेश महतो, कार्तिक रवानी, दुर्गा प्रसाद साहू, आनंद कुमार एवं स्कूल के सभी छात्र एवं छात्राएं शिक्षक शिक्षिका तथा कर्मचारी थे

रंगदारी नहीं मिलने से नाराज असामाजिक तत्वों ने मिक्सर मशीन में लगाई आग, जांच में जुटी पुलिस।

दैनिक समाज जागरण,आशुतोष कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ

चतरा (झारखंड) 16 अक्टूबर 2023:- रंगदारी नहीं मिलने से नाराज असामाजिक तत्वों ने मिक्सर मशीन में लगाई आग।यह मामला चतरा जिले के वशिष्ठनगर जोरी थाना क्षेत्र के प्रतापपुर-जोरी मुख्यपथ पर स्थित टंकु होसिल गांव की घटना है। डीएमएफटी योजना के तहत 45 लख रुपये की लागत से बन रहे पीसीसी सड़क निर्माण कार्य में लगा था मिक्सर मशीन। दो अज्ञात लोगों ने दिया घटना को अंजाम। कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्लांट पर मजदूरों को कमरे में बंद कर गाड़ी में लगाई आग, रंगदारी नहीं देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की दी चेतावनी। आग लगी की घटना में मिक्सर

मशीन आंशिक रूप से हुआ क्षतिग्रस्त। देररात ही सड़क निर्माण कार्य हो चुका था पूरा, प्रेमचंद सिंह कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा 45 लाख रुपये के लागत से 640 मीटर सड़क का कराया गया है निर्माण। नक्सली या असामाजिक तत्वों की करतूत, पड़ताल में जुटी पुलिस। पूर्व में भी असमाजिक तत्वों ने निर्माण कार्य को प्रभावित करने का प्रयास किया था।

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय टुंडी में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित ।

दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र

वरीय संवाददाता धनबाद (झा-रखंड):- 16अक्टूबर2023:जिले के टुंडी प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नेहरू युवा केंद्र धनबाद के जिला युवा अधिकारी श्री रवि कुमार मिश्र के नेतृत्व में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महानिदेशक द्वारा नामित श्री अरुण कुमार राय ने कहा कि यह कार्यक्रम हमें माटी से जोड़ेगा और हमें अपने क्षेत्र के स्वतंत्रता सेनानियों की जानकारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के जरिए शहीद और स्वतंत्रता सेनानी परिवारों का ग्रामीणों द्वारा जो मान सम्मान किया जा रहा है वह आमजन को देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत कर रहा है। आजादी के अमृत काल में यह नवाचार युवाओं में एक नई ऊर्जा का संचार कर रहा है।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुवे नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी श्री मिश्र ने बताया की

अभियान का उद्देश्य भारत के वीर सपूतों को आजादी के मौके पर याद करना है। इस दौरान देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है ।देश के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी जा रही है तथा उन वीर सपूतो को याद किया जा रहा जिन्होंने हँसते हँसते स्वतन्त्रा की बलि बेदी पर अपने आप को न्यौछ-ावर कर दिया था।

आज के कार्यक्रम के तहत मंगल गीतों एवं बैंड के साथ अमृत वाटिका के लिए कलश में प्रभातफेरी के साथ मिट्टी एकत्रित की गई । देशभक्ति गीतों का गायन, नृत्य, संगीत के साथ पिरामिड का निर्माण किया गया।

कार्यक्रम का संचालन जय कुमार मिश्र एवं धन्यवाद ज्ञापन जितेंद्र कुमार द्वारा किया गया। मौके पर विद्यालय परिवार से पूनम कुमारी, संध्या कुमारी, भारती कुमारी, आरती कुमारी नीरज कुमार, सतीश चंद्र, सरिता, ललिता , मधु , दीपक कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

मां दुर्गा के कृपा है हमारे संस्था के ऊपर महिला ने किया गुप्त रक्तदान "समर्पण एक नेक पहल" संस्था के सहयोग से डायलिसिस चल रहे महिला के लिए उपलब्ध कराई रक्तं

दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड

दिनाँक 15/10/2023 दिन रविवार को संस्था को सूचित किया गया कि गिरिडीह से आई एक 58 वर्षीय महिला मरीज को सेंट्रल हॉस्पिटल धनबाद में डायलिसिस के लिए तत्काल एक यूनिट बी पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता हैं, रक्त नहीं मिलने के कारण दो दिन से मरीज का डायलिसिस नहीं हो पा रहा हैं कृपया इनकी मदद करें, सूचना प्राप्त होते ही संस्था के संस्थापक महोदय ने सेंट्रल हॉस्पिटल धनबाद ब्लड बैंक प्रबंधक से बात कर मरीज के लिए तत्काल एक यूनिट बी पॉजिटिव रक्त प्रदान करने का आग्रह करते हुए कहा कि इससे पहले मरीज के परिजन ने 25 बार रक्तदान कर अपनी डायलिसिस की मरीज किशोरी देवी जी के लिए रक्त उपलब्ध कराया हैं इसीलिए ब्लड बैंक का भी यह कर्तव्य मानवता के नाते बनता हैं कि ब्लड बैंक में ब्लड यदि स्टॉक पड़ा हो तो ऐसे मरीजों को अपनी ओर से एकाद यूनिट रक्त

की मदद कर दी जाए, और इसके बदले में एक महिला गुप्त रक्तदान करने के लिए सेंट्रल हॉस्पिटल धनबाद ब्लड बैंक पहुंच रही हैं, आप अभी मरीज के लिए एक यूनिट बी पॉजिटिव रक्त प्रदान करें क्योंकि दो दिनों से मरीज को रक्त उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण उनका डायलिसिस रुका हुआ हैं, इसके कुछ ही देर बाद मरीज को ब्लड बैंक के द्वारा रक्त प्रदान कर दी गई और इसके बदले में नवरात्र के पहले दिन ही दुगार्माता का स्वरूप बन कर आई एक गुप्त महिला रक्तदात्री ने स्वयं रक्तदान किया, संस्था के संस्थापक दिपेश चौहान ने कहा कि यह एक अद्भुत संगम हैं आज नवरात्रि का प्रथम दिन हैं एक महिला का पिछले दो दिन से रक्त के अभाव में डायलिसिस नहीं हो पा रही थी और इसे पूरा भी एक महिला ने रक्तदान पूरा किया यह देखकर तो लगता हैं माँ दुर्गा का आशिर्वाद हमारी संस्था समर्पण एक नेक पहल पर बनी हुई हैं '

अनोखा प्रयास रोटी बैंक यूथ क्लब छोटे-छोटे बच्चों के चेहरे में लाया मुस्कान

100 बच्चों को आर लॉन्च की मदद से हेयर कटिंग करवाया !

दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड

धनबाद झआज रोटी बैंक यूथ क्लब के सौजन्य से करीब 100 झोपड़ीपट्टी के गरीब बच्चों का निशुल्क हेयर कटिंग करवाया गया!

रोटी बैंक यूथ क्लब के अध्यक्ष रवि शेखर जी ने कहा कि इस नवरात्रि के शुभ अवसर पर हमारी संस्था उन लोगों के बीच भी खुशियां बांटने का प्रयास कर रही है जिनको यह सब नसीब नहीं हो पता हमारा मकसद है हर उस गरीब तक पहुँचना और उनकी मदद करना विशेष रूप से आर लॉन्च के सभी सदस्यों का

धन्यवाद जिनके सहयोग से आज यह हम कार्य कर पाए है आर लॉन्च के मालिक राकेश जी ने बताया कि पिछले कई सालों से हम यह सेवा देते आ रहे हैं और आगे भी हम लोग रोटी बैंक के साथ कार्य करेंगे,सेवा ही धर्म है मुख्य रूप से राजकुमार मंडल आकाश गुप्ता,अनिमेष सिंह,सोनी कुमारी,राहुल पंडित ,निधि कुमारी ,माही शंकर सुधांशु विश्वकर्मा,ऋषभ राज आदि लोगों का सहयोग रहा!

बिष्णुगढ़ में रोड़ पर गन्दी नाली के पानी बहाने वालों पर कार्रवाई करें थानेदार -- दशरथ राय

दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ

हजारीबाग (झारखंड) 16 अक्टूबर 2023 :- बिष्णुगढ़ त्योहार को देखते हुए स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम का धज्जियां उड़ाने वाले कुछ दबंग लोगों पर थाना प्रभारी को कानूनी कार्रवाई अविलंब करनी चाहिए । जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष पिछड़ा प्रकोष्ठ दशरथ राय ने कहा कि अपने घरों से मंदिर तक पहुंचने के लिए भक्तों को बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है , कुछ लोग जानबूझ कर अपने घरों के गंदा पानी रोड़ में बहाते हैं , इससे कई तरह के बिमारी भी फैलने की संभावना है । अधिकारियों

तथा जनप्रतिनिधियों के द्वारा बार बार आग्रह करने पर भी लोगों के कानों में जूं तक नहीं रेंगा है ! ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने से ग्रामीण जनता अपका आभारी रहेंगे उक्त सवालों के निदान के लिए कई बार प्रयास किया गया था , उन गलियों के निवासियों के साथ साथ राहगीरों को परेशानी होती है ।

जरूरतमंदों को स्पेशल भोजन कराकर केयर एंड सार्व फाउंडेशन मनाया अपना स्थापना दिवस।

शहर के कई गण्या मान्य गन्य-मान्य व्यक्ति को किया गया सम्मानित

दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड

धनबाद समाज सेवी संस्था केयर एंड सार्व फाउंडेशन ने अपना दूसरा स्थापना दिवस आज शाम 7:00 बजे शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल (पीएमसीएच हॉस्पिटल परिसर) में गरीब,असहाय और जरूरतमंदों को स्पेशल भोजन करवरकर मनाया,सबसे पहले उपस्थित अतिथियों ने केक काटकर कार्यक्रम का शुरूआत किया,इसके अलावा भी संस्थाओं ने शहर के कई गन्य-मान्य व्यक्तियों को सम्मानित किया, जिसमें प्रमुख डॉ उमेश कुमार ओझा,प्रदीप मण्डल (जे पी हॉस्पिटल) के अलावे लायंस क्लब के सोमनाथ पूर्ति संस्था के रॉबिन

चटर्जी और दिलीप चौधरी, इन लोगों को गुलदस्ता देकर और शाल उड़-ाकर सम्मानित किया गया। आज का इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संस्था के अध्यक्ष प्रभाष चन्द्र,सचिव राजेश कुमार,रोबिन चटर्जी,दिलीप चौधरी, सोमनाथ पूर्ति,दीपांकर बनर्जी,समीर स-रकार,अभय कुमार,नीलकमल खवास,अजय चौधरी,राजीव शर्मा, अमीत कुमार,संजय कुमार,विजय कुमार,शम्भू शरण अम्बष्ट,प्रभात रंजन कुमार,संजय सजावट,पी एस अरोड़ा,राजू साव,अशोक भट्टाचार्य,नयन विश्वास,संजय सिंह,संजय वर्मा,संदीप घोष,और आलोक झा।

बैंक ऑफ इंडिया अटका शाखा को सुचारू और व्यवस्थित रूप से अविलंब चालू कराये जाने की मांग ग्रामिणों ने की

दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ

गिरिडीह (झारखंड) 16 अक्टूबर 2023 :- बगोदर प्रखण्ड क्षेत्र के अटका बैंक आफ ईण्डिया
अगलगी घटना के तकरीबन दो साल के बाद भी बैंक ऑफ इंडिया के अटका शाखा को सुचारू रूप से न खोलने व व्यवस्थित रूप से काम शुरू नही होने से आक्रोशित पंचायत प्रतिनिधियों व समाजसेवी प्रबुद्ध लोगों ने सोमवार को भाकपा माले बगोदर प्रखण्ड सचिव पवन महतो के नेतृत्व में बीओआई के अटका शाखा प्रबंधक से मिला और बैंक को सुचारू व व्यवस्थित रूप से खोलने व संचालित करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

बताते चलें कि तकरीबन दो साल पहले बैंक ऑफ इंडिया के अटका शाखा में शार्ट सर्किट की वजह से हुए भीषण आगलगी की घटना के बाद बैंक संबंधित कार्य बगोदर के जरमुने शाखा से संपादित किया जाने लगा लेकिन दो साल के बाद इंफ्रास्ट्रक्चर बहाल होने के बाद भी बैंक संबंधित कार्य अटका में शुरू नही हो पाया है।अभी एक छोटे जगह में बैंक के सिर्फ ऑफिसियल कार्य अटका में हो रहे हैं लेकिन वृद्धापेंशन,जमा-निकासी,आधार केवाईसी/सीडिंग,पासबुक अपडेटिंग व अन्य संबंधित कार्यों के लिए आम

लोगों को बगोदर के जरमुने शाखा का चक्कर लगाना पड़ रहा है।इससे अदद वृद्धापेंशन के लिये बुजुर्ग लोगों को बगोदर आने-जाने में भारी मुश्किलों का सामना आये दिन करना पड़ रहा है।हालात यह भी है इलाके अंतर्गत लगभग आधे दर्जन सीएसपी भी शायद इस वजह से बंद हो गए हैं जहां आम लोगों को कुछ सहूलियतें मिल जाया करती थी।

प्रतिनिधिमंडल में माले प्रखण्ड सचिव पवन महतो,अटका पश्चिमी पूर्व मुखिया जिबाधान मंडल,पंस टेकनारायन साव,पंस विकास कुमार दास,समाजसेवी मनोहरलाल मंडल,रमेश मेहता,अनुज कुमार,छोटी दास,अशोक मंडल,बिहारी महतो,राजू मंडल,बिहारीलाल मेहता,रामस्वरूप सिंह व अन्य शामिल रहे।

उक्त शाखा को अविलंब बहाल करने हेतु क्षेत्रीय शाखा प्रबंधक,बोकारो के नाम से संबंधित ज्ञापन की प्रतिलिपि बगोदर विधायक,एसडीओ बगोदर-सरिया,बीडीओ बगोदर को भी प्रेषितक किया गया है।

नीमडीह मुखिया संघ ने किया बीडीओ व सीओ को गुलदस्ता भेंट कर किया स्वागत

फुलचांद पारित, समाज जागरण, संवाददाता, नीमडीह

नीमडीह (झारखंड), 16 अक्टूबर 2023 : सरायकेला खरसावां जिला के मुखिया संघ नीमडीह के अध्यक्ष वरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में मुखियाओं ने नीमडीह प्रखंड में नव पदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार एस अभिनव व अंचलाधिकारी प्रणव अंबष्ठ को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत सह अभिनंदन किया। इस अवसर पर वरुण कुमार सिंह ने कहा कि पदाधिकारियों से अपेक्षा है कि निर्धारित समय पर योजनाओं को पूर्ण करने के लिए सहयोग करें। बीडीओ व सीओ ने कहा कि पदाधिकारी और कर्मचारी विकास कार्य

समेत जनता के अन्य कार्यों के लिए सदैव तत्पर है। जनप्रतिनिधियों से भी सहयोग की अपेक्षा है ताकि विकास कार्य के कार्यान्वयन में नीमडीह प्रखंड मिसाल प्रस्तुत कर सकें। बीडीओ ने कहा कि किसी भी योजनाओं में बिचौलिया को हावी होने नहीं दें। इसमें विकास कार्य सही तरीके से नहीं हो पाता है और किसी व्यक्ति विषेश का नुकसान भी होता है। कहा कि पदाधिकरी, जनप्रतिनिधि और जनता के बीच समन्वय स्थापित कर नीमडीह प्रखंड को जनहित के कार्य में ऊंचाई तक पहुंचाने का प्रयास होगा। सीओ ने कहा कि वंशावली या अन्य किसी भी सफेद कागज पर जनप्रतिनिधि हस्ताक्षर न करें। इस अवसर पर उप प्रमुख शेफाली महतो, नीमडीह मुखिया संघ के सचिव सुलोचना देवी, मुखिया दमयंती सिंह, मुखिया सुभाष सिंह आदि उपस्थित थे।

बाल विवाह के खिलाफ विद्यालयों मे शपथ तथा अलख जगाने उतरीं इससे पीड़ित महिलाऐं

दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ

गिरिडीह(झारखंड) 16 अक्टूबर 2023 :- पूरे देश में चल रहे "बाल विवाह मुक्त भारत" अभियान के तहत 16 अक्टूबर को मनाए गए बाल विवाह मुक्त भारत दिवस के मौके पर बनवासी विकास आश्रम गिरिडीह द्वारा बगोदर, अटका, तुकतुको, धरगुल्ली, कुदर, तिरला, हेसला,औरा, पोखरिया, दोंदलो आदि में 30 जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया। इन कार्यक्रमों में 15000 महिलाओं, बच्चों और आम लोगों ने शपथ ली कि वे न तो बाल विवाह का समर्थन करेंगे और न इसे बर्दाश्त करेंगे। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान देश के 300 से भी ज्यादा जिलों में चलाया जा रहा है। भारत से 2030 तक बाल विवाह के समग्र खात्मे के लक्ष्य के साथ पूरी तरह से महिलाओं के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान से देश के 160 गैर सरकारी संगठन जुड़े हुए हैं। सोलह अक्टूबर को इस अभियान के एक साल पूरे हुए। इस अर्से में पूरे देश में हजारों बाल विवाह रुकवाए गए और लाखों लोगों ने अपने गांवों और बस्तियों में बाल विवाह का चलन खत्म करने की शपथ ली।

गांवों में पूरे दिन इस अभियान के समर्थन में उतरे लोगों की चहल पहल रही और इस दौरान शपथ ग्रहण, रैली जैसे तमाम कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बाल विवाह की पीड़ा से गुजरने के बाद अब इसके खात्मे के लिए अलख जगा रहीं गिरिडीह की भागीरथी देवी एवं यशोदा देवी ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक एवं कानूनी

अपराध है। बाल विवाह के कारण अनगिनत बच्चियों को स्वास्थ्य संबंधी बिमारियों का सामना आजीवन करना पड़ता है साथ ही उसकी पढ़ाई भी छुट जाती है इसलिए बाल विवाह से गिरिडीह जिला समेत भारत को जल्द से जल्द मुक्त करना आवश्यक है। बनवासी विकास आश्रम, गिरडीह के निदेशक श्री सुरेश कुमार शक्ति ने कहा, ह्बाल विवाह वो अपराध है जिसने सदियों से हमारे समाज को जकड़ रखा है। लेकिन नागरिक समाज और झारखंड सरकार द्वारा राज्य को बाल विवाह मुक्त बनाने के प्रति दिखाई गई प्रतिबद्धता और प्रयास जल्द ही एक ऐसे माहौल और तंत्र का मार्ग प्रशस्त करेंगे जहां बच्चों के लिए ज्यादा सुरक्षित और निरापद वातावरण होगा। इन दोनों द्वारा साथ मिल कर उठाए गए कदमों और लागू किए गए कानूनों के साथ समाज व समुदाय की भागीदारी 2030 तक बाल विवाह मुक्त भारत सुनिश्चित करेंगी।"

जन सवालों पर संघर्ष के संकल्प के साथ कई लोग हुए माले में शामिल।

दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ

गिरिडीह(झारखंड) 16 अक्टूबर 2023 :- भाकपा माले की एक बैठक सदर प्रखंड के पालमो दास टोला में संपन्न हुई, जिसकी अगुवाई पंचायत प्रभारी संजय चौधरी ने करते हुए स्थानीय जन सवालों पर चर्चा कर उसके समाधान की मांग की। यहां अपने संबोधन में पार्टी नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि, इस गांव के अधिकांश गरीबों के पास जीने खाने लायक भी जमीन नहीं है। सरकार को ऐसे भूमिहीनों को चिन्हित कर उनके बीच सरका-री/ वन की खाली पड़ी जमीन को वितरित करना चाहिए। माले नेता ने कहा कि, धड़ल्ले से गरीबों के राशन की चोरी की जा रही है। दो महीने का अंगूठा लगवाकर एक महीने का राशन, वह भी कटौती करके बांटा

जा रहा है। जनता परेशान है, वोट लेने वाले जन प्रतिनिधि निश्चिंत हैं। इसलिए अब जनता को जागना और संगठित होकर अधिकारों की लड़ाई शुरू करनी होगी। उन्होंने लोगों से भाकपा माले में शामिल होने की अपील की। श्री यादव की अपील पर दर्जनाधिक लोगों ने पार्टी में शामिल होने का ऐलान करते हुए जन सवालों पर संघर्ष का संकल्प लिया। शामिल होने वाले तथा उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से मनोज कुमार यादव, रुस्तम अंसारी, तुलो दास, सुभाष तुरी, दुलारचंद, मुरली दास, पप्पू दास, मिथुन दास, सहदेव दास, राजू दास, अशोक सिंह, संजय पंडित, मनोज तुरी आदि शामिल थे।

सिलवानी विधायक एवं भाजपा प्रत्याशी रामपाल सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता भाजपा में हुए शामिल

बेगमगंज से लेकर रायसेन तक जगह-जगह भाजपाइयों ने किया उनका जोरदार स्वागत

रायसेन। सिलवानी विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले बेगमगंज तहसील क्षेत्र से विधायक एवं भाजपा प्रत्याशी रामपाल सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉक्टर रवि शर्मा एवं अखिलेश शर्मा के साथ सैकड़ो कांग्रेस के कार्यकर्ता सोमवार को कांग्रेस पार्टी को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। बेगमगंज से विशाल काफिले के साथ कांग्रेस के कार्यकर्ता विधायक रामपाल सिंह के नेतृत्व में रैली के माध्यम से रवाना हुए जो जिला मुख्यालय होते हुए राजधानी भोपाल सीएम हाउस पहुंचे। इस दौरान महामाया चौक पर रायसेन जिला भाजपा के पदाधिकारी एवं अनेक कार्यकताओं ने ढोल नगाड़े के साथ पुष्प वर्षा करते हुए आतिशबाजी चला कर उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान विधायक रामपाल सिंह का कहना था कि आज हमारे साथ कांग्रेस पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो रहे हैं, क्योंकि वह कांग्रेस में अपेक्षा महसूस कर रहे थे इसलिए उन्होंने भाजपा में विश्वास जताते हुए पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया है

हम सीएम हाउस जाकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट करेंगे एवं इन कांग्रेस कार्यकर्ता को सदस्यता दिलाते हुए भाजपा में शामिल होने की घोषणा की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस समय रायसेन जिला सहित पूरे प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की लहर है प्रचंड बहुमत से भाजपा प्रदेश में सरकार बनाने जा रही है। इस अवसर पर इस अवसर पर भाजपा विधायक रामपाल सिंह एवं डॉ रवि शर्मा अभिषेक शर्मा सहित सभी भाजपा में शामिल होने वाले कार्यकताओं का स्वागत किया गया स्वागत करने वालों में वरिष्ठ भाजपा नेता भूपेंद्र सिंह वर्मा, धीरेंद्र सिंह कुशवाह, जमना प्रसाद सेन, बृजेश चतुवेर्दी, चंद्रकृष्ण रघुवंशी, राकेश तोमर, बंटी महेश्वरी, शिवराज सिंह कुशवाह, अनिल चौरसिया, मोहन चक्रवर्ती, कैलाश ठाकुर, जीतू आदित्य शर्मा, राजेश पंथी, बृज बिहारी मिश्रा, अंशुल शर्मा, निमित्त चतुवेर्दी, मयंक चतुवेर्दी शहर अनेक भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

भाजपा प्रत्याशी विधायक बांधी ने लिया बाबा गुरु घासीदास का आशीर्वाद

समर्थकों के साथ भाजपा प्रत्याशी डा.बांधी पहुंचे गिरौदपुरीधाम, मस्तुरी सहित रिसदा में जगह-जगह हुआ स्वागत

समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख

बिलासपुर। भारतीय जनता पार्टी के मस्तूरी विधानसभा प्रत्याशी, वर्तमान विधायक और पूर्व मंत्री डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी ने गिरौधपुरी धाम पहुंचकर गुरु गद्दी का आशीर्वाद प्राप्त किया । राज्य में भाजपा की सरकार न होने के बावजूद पूरे 5 साल तक अपने विधानसभा क्षेत्र में लगातार सक्रिय और चुनावी मोड में रहने वाले डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी इन दोनों लगातार अपने विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक और मंडलों में पहुंचकर कार्यकताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे हैं , तो वहीं वे मतदाताओं से मिलकर भाजपा के लिए आशीर्वाद भी मांग रहे हैं। चुनाव प्रचार के दौरान वे लगातार अलग-अलग धार्मिक स्थलों में पहुंचकर पूजा अर्चना करते हुए दैवीय आशीर्वाद भी प्राप्त कर रहे हैं। इसी कड़ी में डॉक्टर कृष्णमूर्ति बस्ती सतनाम पंथ के सबसे बड़े आस्था केंद्र और बाबा गुरु घासीदास की कर्मभूमि गिरौधपुरी धाम पहुंचे। रास्ते में जगह-जगह भाजपा कार्यकताओं ने उनके काफिले का स्वागत किया। फूल माला पहनाकर डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी के समर्थन में नारेबाजी करते हुए उनकी जीत सुनिश्चित बताई गयी। अपने समर्थकों और कार्यकताओं के साथ डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी गिरौधपुरी धाम पहुंचे, जहां गुरु गद्दी का दर्शन कर उन्होंने बाबा गुरु घासीदास, सतनाम पंथ के धर्म गुरुओं और सतनामी समाज का

आशीर्वाद एवं समर्थन प्राप्त किया। पवित्र गिरोधपुरी धाम पहुंचकर डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी ने क्षेत्र वासियों और पूरे प्रदेश के सुख समृद्धि की कामना भी की।

डॉ बांधी कर रहे हैं धुआंधार प्रचार अभियान

एक तरफ जहां सत्ताधारी कांग्रेस अब तक मस्तूरी विधानसभा के प्रत्याशी के नाम का ऐलान भी नहीं कर पाई है तो वहीं पिछले काफी समय से लगातार अपने क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी के नाम पर मोहर लगने के बाद से वे लगातार अपने विधानसभा क्षेत्र में प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं। सुबह से लेकर देर रात तक वे विधानसभा क्षेत्र के बूथ स्तर के कार्यकताओं के साथ बैठक कर आगामी रणनीति तय कर रहे हैं। डॉ कृष्णमूर्ति बांधी ने कार्यकताओं को एक-एक मतदाताओं से संपर्क करने का निर्देश दिया है। विशेष कर उन बुजुर्ग और विकलांग मतदाताओं पर भी पार्टी का फोकस है जो इस बार घर से ही मतदान करेंगे। ऐसे मतदाताओं की सूची बनाई जा रही है, ताकि उन से संपर्क किया जा सके। वही लगातार भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी शारदीय नवरात्र पर क्षेत्र के दुर्गा मंदिरों में भी पहुंचकर देवी का आशीर्वाद और जनता का समर्थन मांग रहे हैं। चुनाव प्रचार अभियान में डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी अजेय बढ़त बनाते नजर आ रहे हैं, तो वहीं चुनाव प्रचार में पीछे गए दूसरे पार्टी के प्रत्याशियों के लिए उनका मुकाबला कर पाना हर दिन के साथ और कठिन होता जा रहा है।

कानपुर में महागौरी की पूजा अर्चना को मंदिरों में उमड़े भक्त

सुनील बाजपेई

कानपुरे नवरात्र के दूसरे दिन आज शहर भर में माँ मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महा कल्याणकारी महागौरी की पूजा- अर्चना की गई। इस दौरान लोगों ने उत्साह पूर्वक भगवती का पूजन श्रद्धा पूर्वक किया। शहर के दुर्गा मंदिरों में भक्तों का सैलाब उमड़ता दिखाई पड़ा। प्रातः से लेकर देर रात तक मां के जयकारे गूंजते रहे। जागरण के भी आयोजन हुए। घरों में भी मां की चौकी सजायी गयीं। काली मठिया, शास्त्री नगर, बा-रादेवी, किदवई

नगर, तपश्वरी देवी बिरहाना रोड, फूलमती मंदिर. जनरलगंज, वैष्णो देवी मंदिर बर्रा, जंगली देवी मंदिर किदवई नगर, चंद्रिका देवी मंदिर, शीतला माता मंदिर और चौक सहित प्रमुख दुर्गा मंदिरों में भक्तों ने प्रसाद, नारियल व चुनरी चढ़ाकर मां से मुरादें मांगीं। इस दौरान चहुंओर जयकारें गूंजते रहे। मां की चौकी सजाकर किया जागरण किया। दुर्गा मंदिरों में तडके से ही मां के महागौरी स्वरूप के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

मंदिरों में सुबह से उमड़ी भीड़ देर रात तक चलती रही। भक्तों ने मंदिरों में दुर्गा सप्तशती, दुर्गा स्त्रोत व दुर्गा कवच का पाठ कर मां की स्तुति वन्दना कर मन मांगी। स्थानीय दुर्गा मंदिर, गायत्री मंदिर, सिद्धदात्री नौ दुर्गा मंदिर,काली मंदिर में भक्तों की अपार भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम रहे।

एनएचएम संचालक ने बैहर अस्पताल का लिया जायजा,जाँच पर्ची में लापरवाही बरतने पर लगायी फटकार

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।(17 अक्टूबर)राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संचालक डॉ प्रियंका दास रविवार को बैहर के सिविल अस्पताल का जायजा लेने पहुंची।एनएचएम संचालक डॉ. दास ने निरीक्षण के दौरान सिविल अस्पताल में साफ सफाई व्यवस्था के अलावा विभिन्न कक्षों तथा विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं के डेटा संधारण के कार्य का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने टीकाकरण टीम द्वारा समूचित प्रबंधन पाये जाने के दस्तावेज देखकर टीम की सराहना की। एनएचएम संचालक डॉ. दास ने जनरल वार्ड में जननी एक्सप्रेस से लायी गई महिला को जन्म के उपरान्त बच्चे को मॉ का दूध पिलाने तथा दूध पीने के बाद बच्चे को डकार आने के महत्व के बारे में बताते हुये डकार दिलाने के लिये सलाह दी। साथ ही उन्होंने जाँच पर्ची का उचित संधारण नही करने के कारण अप्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने पिछले तीन माह में की गई जाँच की पर्ची का मिलान करने के निर्देश देते हुये अस्पताल में एक्सरे

कक्ष, लेबर रूम मे पर्याप्त मात्रा में आईईसी मटेरियल लेब जाँच की सूची प्रदर्शित न होने पर अप्रसन्नता जाहिर की। सिविल अस्पताल मे हितग्राहियो को मिलने वाली सुविधाओं के संबंध मे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। साथ ही राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यकम अंतर्गत टीबी रोगी उपचाररत एमडीआर मरीज को फूड बास्केट भी वितरित किये गये। इस सीएमएचओ डॉ मनोज पाण्डेय, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ परेश उपलप, मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील सिंह, जिला क्षय अधिकारी डॉ प्रियांश सोनकर सर, डीपीएम विक्रम सिंह, प्रवीण जैन बाबू, मेडिकल ऑफिसर डॉ हरिश मसराम डॉ अनंत लिलहारे, डॉ धनराज कोकड़े, आयुष मेडिकल ऑफिसर डॉ इंद्रजीत बिसेन, जिला कार्यक्रम समन्वयक उमाकांत मराठे एवं सिविल अस्पताल बैहर एवं जिला क्षय केंद्र बालाघाट के समस्त कर्मचारी एवं स्टॉफ उपस्थित रहा।

मतदाता जागरूकता की गतिविधियों में तेजी लाने स्वीप पार्टनर विभागों को दिए निर्देश

रायसेन, 16 अक्टूबर 2023

मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 में कोई भी मतदाता मतदान से वंचित न रह जाए, इसके लिए प्रदेश में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। सभी से मतदान करने की अपील की जा रही है। मतदाता जागरूकता अभियान में तेजी लाने के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने स्वीप (व्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता) पार्टनर विभागों को निर्देश दिए हैं।

स्वीप पार्टनर विभाग यह गतिविधियां करें आयोजितरू

आयुक्त आदिवासी विकास, आयुक्त अनुसूचित जाति विकास, आयुक्त पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण द्वारा संचालित प्री-मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक छात्रावासों एवं विद्यालयों के कक्षा 11वीं एवं 12 वीं के छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के लिए म्रू (मतदाता साक्षरता क्लब) का गठन कर मतदाता जागरूकता के संबंध में गतिविधियां आयोजित की जाएं। महाविद्यालयों में कैंपस एंबेसडर की नियुक्ति कर मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियां संचालित कराएं। शहरी क्षेत्रों में संचालित छात्रावासों एवं विद्यालयों/महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं के माध्यम से मतदाता जागरूकता/नैतिक मतदान संबंधी विशेष गतिविधियां आयोजित करें। जिला निर्वाचन कार्यालयों से मतदाता जागरूकता/नैतिक मतदान संबंधी पोस्टर /बैनर प्राप्त कर छात्रावासों में लगाये एवं प्रचार-प्रसार करें। हर सप्ताह नोडल अधिकारियों, कैंपस एंबेसडर एवं ईएलसी द्वारा की गई गतिविधियों की समीक्षा करें।

आयुक्त सामाजिक न्याय एवं निशक्त जन कल्याण द्वारा दिव्यांगजनों एवं 80 वर्ष या इससे अधिक आयु के मतदाताओं को फॉर्म 12क (घर बैठे मतदान हेतु) की सुविधा का प्रचार-प्रसार किया जाए। दिव्यांग एवं 80 वर्ष या इससे अधिक आयु के मतदाताओं को मतदान करने हेतु पोस्टर, बैनर और फ्लैक्स के माध्यम से जागरूक करने के लिए गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक जिले में कलापथक दलों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय भाषा तथा शहरी क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता के संबंध में विशेष गतिविधियां आयोजित की जाएं। संबंधित कार्यालयों द्वारा किये जाने वाले पत्राचार में एवं भेजे जाने वाले लिफाफों पर मतदाता जागरूकता संबंधी संदेशों को अंकित करायें। सचिव रेडक्रास सोसायटी द्वारा अस्पतालों की ओ.पी.डी पर्चियों पर मतदाता जागरूकता/नैतिक मतदान संबंधी संदेश अंकित करायें। रेडक्रास एवं जूनियर रेडक्रास के शिविरों में एवं रक्तदान शिविरों में मतदाता जागरूकता/नैतिक मतदान संबंधी गतिविधियां आयोजित करें। आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में मतदाता जागरूकता/नैतिक मतदान संबंधी सघन गतिविधियां आयोजित कराएं। नगरीय निकायों में स्वीप गतिविधियों के संचालन हेतु एक-एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर नगरीय मतदाताओं को मतदान करने के लिये जागरूक करने हेतु गतिविधियां आयोजित करायें। स्वच्छता वाहनों पर मतदाता जागरूकता/नैतिक मतदान संबंधी संदेश/ जिंगल्स/ मतदाता गीत के माध्यम से भी शहरी मतदाताओं को जागरूक करें। खाद्य, सहकारिता, महिला एवं बाल विकास, ग्रामीण विकास, संस्कृति, पर्यटन, दुग्ध संघ, वन, पशुपालन एवं डेयरी, कृषि तथा मुख्य महाप्रबंधक बीएसएनएल को मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं।

बेगमगंज में मडियानाका एसएसटी चैक पांईट पर जप्त की गई पांच लाख रू की नगदी

रायसेन। मध्य प्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 को लेकर 09 अक्टुबर से आचार संहिता पुरी तरह प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे के निदेर्शानुसार आचार संहिता लागू होते ही स्वतंत्र व निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने के लिये सम्पूर्ण जिले में गठित एसएसटी और एफएसटी टीमों द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। शनिवार को सिलवानी

विधानसभा क्षेत्र के बेगमगंज थाना अंतर्गत मडियानाका एसएसटी चेक प्वाइंट पर वाहनों की जांच के दौरान एसएसटी टीम द्वारा एक व्यक्ति से पांच लाख रू की नगद राशि जप्त की गई। जिसका जप्तीनामा, सुपर्दगीनामा मौके पर बनाया गया। उल्लेखनीय है कि रायसेन जिले में आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराते हुए विधानसभा निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिये कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दुबे द्वारा सम्पूर्ण जिले में एसएसटी की 20 टीमें तथा एफएसटी की 21 टीमें गठित की गई है। जिनके द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है।

विधानसभा निर्वाचन-2023

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई ईवीएम और वीवीपैट के प्रथम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया

रायसेन, 16 अक्टूबर 2023

मप्र विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे की उपस्थिति में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कंप्यूटरीकृत प्रणाली से ईवीएम और वीवीपेट के प्रथम रेंडमाइजेशन की

प्रक्रिया सम्पन्न की गई। कलेक्टर श्री दुबे ने सभाकक्ष में उपस्थित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को एफएलसी, रेण्डमाईजेशन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से अवगत कराया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निर्वाचन प्रक्रिया के तहत निष्पक्ष ढंग से कंप्यूटर प्रणाली के माध्यम से ईवीएम, बीयू और व्हीव्हीपीएटी मशीनों का रेंडमाइजेशन गया। जिले की चारों विधानसभाओं के लिए एफएलसी की गई 1396 बीयू और सीयू तथा 1506 व्हीव्हीपीएटी मशीनों का प्रथम रेण्डमाईजेशन किया गया। इस दौरान मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, जिला पंचायत सीईओ तथा सांची विधानसभा क्षेत्र की रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती अंजू पवन भदौरिया सहित चारों विधानसभाओं के रिटर्निंग अधिकारी तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग भी उपस्थित रहीं।

बेगमगंज के वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉक्टर रवि शर्मा समर्थकों के साथ भाजपा में हुए शामिल

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने किया स्वागत

रायसेन। जिले के सिलवानी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बेगमगंज नगर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी डॉक्टर रवि शर्मा सोमवार को अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ सिलवानी विधायक रामपाल सिंह के साथ रैली के माध्यम से बेगमगंज से रायसेन होते हुए भोपाल पहुंचे जहां उन्होंने सीएम हाउस पहुंचकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बीडी शर्मा जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा की मौजूदगी में भाजपा पार्टी की सदस्यता ग्रहण की

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौहान एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री शर्मा ने भाजपा पार्टी में शामिल होने वाले सभी नेताओं एवं कार्यकताओं का स्वागत किया इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

सीएम हाउस में निर्दलीय विधायक प्रदीप जयसवाल समर्थकों के साथ बीजेपी की ली सदस्यता

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।(17अक्टूबर)कांग्रेस से बगावत कर पूर्व में निर्दलीय पर्चा भरकर चुनाव जीतने वाले प्रदीप जयसवाल रविवार को अंततः भाजपा के हो गए।भोपाल से लौटने के बाद प्रदीप जयसवाल का बालाघाट में भव्य स्वागत किया जायेगा।प्रदीप जयसवाल के भाजपा में आने की अटकले उसी समय से लगायी जा रही थी जबसे वे भाजपा को अपना समर्थन दिया था तभी से कभी हाँ कभी न की स्थिति बन रही थी लेकिन चुनाव तारीख का ऐलान होते ही प्रदीप जयसवाल ने भाजपा की सदस्यता लें ही लिया। हालांकि जिले में व पहले नेता नहीं हैं इनके

बालाघाट पहुंचने पर होगा भव्य स्वागत

भाजपा की सदस्यता लेने के बाद प्रदीप जयसवाल का बालाघाट पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। जगह जगह समर्थकों ने फूल माला पहना कर स्वागत किया।भाजपा की सदस्यता लेते समय प्रदीप जयसवाल के साथ बड़ी संख्या में समर्थको ने भी भाजपा की सदस्यता लिया, इस वक्त कैबिनेट मंत्री गौरी शंकर बिसेन भी मौजूद थे। पहले सपा से अनुभा मुंजारे और भाजपा से बोध सिंह भगत कांग्रेस का दामन थाम चुके हैं जो काफी चर्चा में भी हैं।

सालेटेकरी आर टी ओ ने बसों पर लगाया मतदान का संदेश वाला बैनर,जाँच के दौरान बनाये 11 चालान

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।(17 अक्टूबर)मतदाताओं को जागरूक करने के लिये जिला प्रशासन और निर्वाचन कार्यालय हर वह उपाय कर रहें हैं जिससे मतदाता जागरूक होकर मतदान कर सके। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा और स्वीप नोडल अधिकारी डी एस रणदा के निर्देशन में मतदाता

जागरूकता अभियान आयोजित किया जा रहा है। सोमवार से इस अभियान में क्षेत्रीय परिवहन विभाग भी शामिल हो गया है। परिवहन अधिकारी अनिमेश गढ़पाले ने बताया कि जिले से निकलने वाली सभी बसो पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिये फ्लैक्स लगाये गये है यानी बालाघाट से बैतुल, छिंदवाड़ा, नागपुर, रायपुर आदि क्षेत्रों में सैर सपाटे के साथ पहुंचने वाली यात्री बसे हर गांव से गुजरते हुये मतदान का संदेश देगी। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के अनुसार सोमवार को लगभग 200 बसों में फ्लैक्स चस्पा किये गये है और आगे भी यह कार्य जारी रहेगा। जिला मुख्यालय से जाने वाले हर एक रूट वाली बस पर फ्लैक्स चस्पा किये जायेंगे।

सालेटेकरी और बोनकट्टा चेकपोस्ट पर बनाये चालान

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने जानकारी देते हुये बताया कि मतदाता जागरूकता अभियान के साथ ही वाहनों की चेकिंग भी लगातार जारी है। सोमवार को सालेटेकरी आरटीओ चेकपोस्ट पर लगभग 43 वाहनों की जांच कर 11 के चालान बनाये गये। इसी तरह बोनकट्टा चेकपोस्ट पर 06 चालान बनाये गये। इस तरह दोनो चेकपोस्ट से सोमवार को 10 हजार 500 रुपये की शमन शुल्क एकत्रित किया गया।

अमलाई नगर में भक्ति के प्रति भक्तों का उमड़ा जनसैलाब, मां जगत जननी जगदंबा करेगी सबकी मनोकामना पूर्ण

अमलाई` नवगठित नगर परिषद बरगवां अमलाई के वार्ड क्रमांक 4 में निवास करने वाले समाजसेवी राजा खान ने बताया कि अमलाई नगर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्र के पहले दिन दर्शन पूजन के लिये भक्तों का जनसैलाब उमड़ा रहा। सुबह चार बजे से ही मंदिर के कपाट खुलने के पश्चात मां शीतला जी का आरती पूजन मंदिर के पुजारी कर रहे हैं । माता रानी के जयकारे से सारा वातावरण भक्तिमय हो गया। आरती पूजन के पश्चात कतार में खड़े दर्शनार्थियों के लिये कपाट खोल दिये गये। भक्तों की लम्बी कतार माताजी के दर्शन पूजन के लिये लगी हुई है । दर्शनार्थी लाइन में खड़े होकर बारी

-बारी से दर्शन पूजन करते हुए नजर आ रहे हैं।पूरा धाम घंटे घडयाल तथा मां के जयकारे से गुंजायमान होता रहा। चचाई पुलिस लगातार कतार में लगकर दर्शन पूजन करने की घोषणा करती आ रही है । महिला पुलिस भी सुरक्षा में जगह-जगह तैनात रही। मंदिर परिसर में ही मां दुर्गा की प्रतिमा भी स्थापित किया गया है। वहीं दुर्गा पंडाल में भी दर्शनार्थी दर्शन पूजन करते हुए नजर आये। जिला प्रशासन द्वारा सभी मंदिर तथा दुर्गा पंडाल परिषद क्षेत्र में पुलिस सुरक्षा की दृष्टि से क्षेत्र में चप्पे चप्पे पर तैनात है ।

पूर्व जिला पंचायत एवं भाजपा नेता भंवर लाल पटेल कांग्रेस में हुए शामिल, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से मिले

रायसेन। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं भाजपा नेता पूर्व मंत्री डॉक्टर गौरीशंकर सजवार के समर्थक भंवरलाल पटेल एवं उनके भाई पूर्व नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष मिट्ठू लाल धाकड़ सहित सैकड़ो उनके समाज जनों एवं कार्यकताओं के साथ भोपाल पहुंचकर कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए हैं उन्होंने काफिले के साथ जाकर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की इससे पूर्व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भंवरलाल पटेल रायसेन से सैकड़ो वाहनों के साथ रैली के माध्यम से कांग्रेस में शामिल होने के लिए भोपाल पहुंचे। उल्लेखनीय है कि उल्लेखनीय है कि श्री पटेल वर्तमान में स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा विधायक डॉक्टर प्रोग्राम चौधरी से नाराज चल रहे थे उन्होंने उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कांग्रेस पार्टी में शामिल होने का मन बना लिया था उनका कहना है कि भाजपा में उन्हें सम्मान नहीं मिल रहा था लगातार घोर उपेक्षा की जा रही थी इस कारण मुझे कांग्रेस पार्टी में शामिल होना पड़ा उन्होंने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में रायसेन जिले की चारों विधानसभा क्षेत्र पर कांग्रेस पार्टी की जीत होगी मैं सांची

विधानसभा शायद पूरे जिले भर में कांग्रेस पार्टी के लिए काम करूंगा। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पटेल ने पाटन देव हनुमान मंदिर पर पूजा अर्चना करने के बाद अपने सैकड़ो गाड़ियों के काफिले के साथ भोपाल पहुंचे रायसेन नगर में उनके कई स्थानों पर स्वागत भी किया गया। उनके कांग्रेस में शामिल होने से किरार समाज का झुकाव कांग्रेस की ओर हो गया है इसके अलावा अन्य समाजों पर कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा परंतु वह कांग्रेस पार्टी के लिए खुलकर काम करेंगे। इस मौके पर उनके साथ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र पटेल सहित कांग्रेस पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

अनूपपुर सीट से कांग्रेस के रमेश सिंह को प्रत्याशी बनाए जाने पर बधाई शुभकामनाएं

उत्साहित कार्यकर्ता राजा खान ने मनाई खुशी,फोड़े पटाखे, बांटी मिठाईयां

अनूपपुर। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज है। कांग्रेस के द्वारा नवरात्रि के पहले ही दिन अनूपपुर विधानसभा से प्रत्याशी की घोषणा हो चुकी है जिसको लेकर कार्यकताओं में जश्न का माहौल है।रमेश सिंह का नाम फाइनल होते ही अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र के कोंग्रेसी राजा खान के साथ हर वर्ग में खुशी की लहर छा गई और उनके समर्थकों ने जश्न मनाया ढोल-ताशों की थाप पर जमकर नाचे, भारी मात्रा में आतिशबाजी की तथा मिठाई वितरण कर खुशी जाहिर की। इस दौरान राजा खान ने दीपावली से पहले ही दीपावली मना ली। कार्यकताओं ने जगह जगह पटाखे

फोड़कर मिठाई बाटी साथ ही राजा खान का कहना है कि पार्टी ने सुयोग्य, सरलता और सहजता के व्यक्ति के धनी रमेश सिंह को टिकट देकर प्रत्याशी बनाया निश्चाय ही हम विजय श्री प्राप्त करेंगे इस अवसर पर प्रत्याशी रमेश सिंह ने टिकट देने के लिए शीर्ष नेताओं का धन्यवाद देते हुए कहा की मध्य प्रदेश में कांग्रेस की आंधी चल रही हैहम पूर्ण बहुमत से कॉग्रेस की सरकार बनायेगे, मेरी हिम्मत, आँख,कान, नाक कांग्रेस के मेरे कार्यकर्तता है, पार्टी ने मुझ पर विश्वास जताया है मै खरा उतरने का प्रयास करूंगा।